सूर्योदय 6:51 सूर्यास्त 5:22

आज का तापमान

शिमला	7.2 न्यू	19.0 अधि
धर्मशाला	12.6 न्यू	21.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स	82,532
निफ्टी	25,387

सोना 1,34,418 | चांदी 1,69,000

अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 18 नवंबर 2026 | 3 मार्गशीष, विक्रमी संवत 2083 | वर्ष 3, अंक 321, कुल पृष्ठ 12 | मूल्य : 5 रुपए | डाक पंजीकरण संख्या : HP/DO/DEHRA/01/2026-2028 follow us on: | 8894521702

न्यूज शॉर्ट्स

भारत-नेपाल सीमा पर 3 बांग्लादेशी नागरिकों समेत 4 किए गिरफ्तार

एजेंसी, अररिया। भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी की 56वीं वाहिनी के जवानों ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक भारतीय सहयोगी भी शामिल है। एसएसबी की एफ समवाय जोगबनी की टीम ने सीमा स्तंभ संख्या 180 के पास नियमित जांच के दौरान संदिग्धों को रोका। पूछताछ और दस्तावेजों की जांच में तीनों के बांग्लादेशी नागरिक होने और बिना वैध अनुमति भारत में प्रवेश करने की बात सामने आई। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वे नेपाल के विराटनगर से लौट रहे थे। आरोपियों के पास से तीन पासपोर्ट और एक आधार कार्ड समेत अन्य दस्तावेज बरामद हुए। सभी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए जोगबनी पुलिस के हवाले कर दिया गया।

ब्रिटिश प्रिंस विलियम ने मुंबई में इलेक्ट्रिक ऑटो चलाया, पत्नी बैठीं पीछे

एजेंसी, मुंबई। ब्रिटेन के प्रिंस विलियम भारत दौरे के दूसरा दिन मंगलवार को मुंबई में टुक-टुक चलाते नजर आए। इस दौरान उनकी पत्नी प्रिंसेस केट भी पीछे बैठी थीं। दोनों अर्थशॉट प्राइज के कार्यक्रम में पहुंचे। टुक-टुक पर अर्थशॉट का लोगो लगा हुआ था। केट ने इस अंदाज में कार्यक्रम में पहुंचने पर कहा, 'यहां आने का यह सबसे अच्छा तरीका है।' दोनों ने मुंबई में 2026 के अर्थशॉट प्राइज के फाइनलिस्ट से मुलाकात की। प्रिंस विलियम और केट आज मुंबई में ई-रिक्शा की सवारी भी करेंगे।

केजरीवाल, सिसोदिया समेत आप नेताओं को तीन हफ्ते की मोहलत

एजेंसी, नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज और आप के अन्य नेताओं को फटकार लगाई। इन सभी ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा अवमानना केस में कोर्ट में अभी तक जवाब दाखिल नहीं किया है। जस्टिस नवीन चावला व जस्टिस अरुण भारद्वाज की डिवीजन बेंच ने आप नेताओं को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का आखिरी मौका दिया है। कोर्ट ने कहा कि जवाब नहीं देने पर उनका जवाब दाखिल करने का अधिकार खत्म कर दिया जाएगा। आप नेताओं ने जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को दिल्ली आबकारी केस से हटाने की मांग की थी। हाई कोर्ट ने इसी साल 14 मई को सोशल मीडिया पोस्ट और अखबारों की खबर के आधार पर मामला खुद शुरू किया था।

इंस्टाग्राम पर अब अश्लील और हिंसक पोस्ट कम दिखेंगे

एजेंसी, नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम ने भारत में अपने कंटेंट रिकमेंडेशन सिस्टम में बदलाव किया है, अब यूजर्स को इंस्टाग्राम पर अश्लील और हिंसक पोस्ट कम दिखाई देंगी। इसके लिए कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के नए और बेहतर मॉडल इस्तेमाल किए हैं। ये मॉडल आपत्तिजनक कंटेंट की पहचान कर उसे यूजर्स तक पहुंचने से पहले ही रिकमेंडेशन से हटा देंगे। नए सिस्टम के तहत अब एआई मॉडल यूजर्स की शिकायत के बिना पोस्ट की जांच करेंगे। यह बदलाव रील्स, एक्सप्लोर और फीड में दिखने वाले उन पोस्ट पर लागू होगा।

भाजपा कार्यकाल में पैदा हुई हिमाचल ऑन सेल की स्थिति : सीएम सुक्खू

कहा, प्रदेश की संपदा को लूटने वालों को पहुंचाया जाएगा जेल की सलाखों के पीछे

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन धर्मशाला। विधानसभा में नियम-67 के तहत चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विपक्ष के आरोपों पर पलटवार करते हुए भाजपा सरकार के कार्यकाल को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि 'हिमाचल ऑन सेल' की स्थिति भाजपा के शासनकाल में पैदा हुई थी। यदि तत्कालीन सरकार ने प्रदेश के हितों को लेकर दृढ़ता दिखाई होती तो आज हिमाचल की आर्थिक स्थिति और मजबूत होती।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल आरोप लगाने से कोई बात साबित नहीं होती। विपक्ष को तथ्यों और दस्तावेजों के साथ अपनी बात रखनी चाहिए। मेडिकल डिवाइस पार्क का उल्लेख करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व भाजपा सरकार ने इसके लिए जमीन मुफ्त में दी थी। उन्होंने सवाल उठाया कि केंद्र से मिली राशि वापस करने वाली सरकार पर हिमाचल को बेचने का आरोप कैसे लगाया जा सकता है।



स्वास्थ्य संबंधी मामलों के सबूत विधानसभा में रखेगी सरकार

सुक्खू ने पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में सामने आए कुछ स्वास्थ्य संबंधी मामलों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व सरकार के समय ऐसे मामले सामने आए, जिनमें पुरुषों की बच्चेदानी और महिलाओं के टेस्टिकल्स के ऑपरेशन किए जाने जैसी गंभीर अनियमितताएं हुईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन मामलों से जुड़े सबूत विधानसभा में रखे जाएंगे। हालांकि, इन आरोपों को लेकर विस्तृत दस्तावेज सदन में रखे जाने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्द ही नई उद्योग नीति लाएगी, जो हिमाचल के हितों को ध्यान में रखकर तैयार की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रदेश के संसाधनों और हितों से किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा।

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है।

प्रदेश की संपदा को लूटने वालों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। जिन लोगों के खिलाफ तथ्य सामने आएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई होगी। उन्होंने एक मामले का जिक्र करते हुए कहा कि कार्रवाई के दौरान एक विधायक को छुड़वाने के लिए 18 विधायक विजिलेंस कार्यालय पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को 75 वर्षों बाद राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) मिलना बंद हुआ है, लेकिन आर्थिक चुनौतियों के बावजूद सरकार प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में चार्जशीट दाखिल की गई है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

हिमाचल की जमीनों व संपत्तियों को बेचने के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विपक्षी भाजपा ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा परिसर के बाहर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायक दल ने कांग्रेस सरकार पर हिमाचल की बेशकीमती जमीनों और सार्वजनिक संपत्तियों को निजी निवेशकों के हवाले करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। भाजपा ने स्पष्ट किया कि प्रदेश की संपत्तियों को निजी हाथों में सौंपने के किसी भी प्रयास का विरोध किया जाएगा।

जयराम ठाकुर ने कांगड़ा एयरपोर्ट के समीप करीब 200 कनाल जमीन की कथित फर्जी रजिस्ट्रियों का मामला उठाते हुए कहा कि कृषि और कृषक प्रमाण पत्रों के कथित दुरुपयोग से बेनामी सौदे किए जाने की बात सामने आई है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि करीब 1500 बीघा जमीन निजी निवेशकों को देने का मामला भी न्यायालय में विचाराधीन है। भाजपा का आरोप है कि कृषि शिक्षा व अनुसंधान के लिए उपलब्ध जमीन को निजी हाथों में सौंपने की कोशिश हो रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने बद्दी क्षेत्र में औद्योगिक उद्देश्य से आवंटित जमीन के उपयोग में बदलाव का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उद्योगों के लिए दी गई जमीन पर बहुमंजिला इमारतें व आलीशान कोठियां बनाई जा रही हैं। उन्होंने सवाल किया कि यदि अधिकारियों के स्तर पर जमीन के उपयोग में बदलाव किया गया है तो सरकार की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए।



- जयराम ठाकुर के नेतृत्व में विधायकों ने सरकार के खिलाफ की नारेबाजी
- गगल एयरपोर्ट, कृषि विवि की जमीन और पीटरहॉफ का मामला उठाया

धरोहरों के संरक्षण के लिए संघर्ष करेगी भाजपा

भाजपा विधायक दल ने पीटरहॉफ की बुकिंग बंद होने और हिमाचल निकेतन को निजी क्षेत्र को सौंपने की कथित तैयारी पर सवाल उठाए। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश की महत्वपूर्ण संपत्तियों को बाहरी निवेशकों के हवाले करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जमीन और संपत्तियां प्रदेश की धरोहर हैं। भाजपा इनके संरक्षण के लिए संघर्ष करेगी और हिमाचल को बिकने नहीं देगी। इस मुद्दे पर भाजपा ने प्रेस वार्ता कर भी विरोध जताया।

शिमला, मंडी और कांगड़ा में 3 आधार सेवा केंद्र स्थापित

अनंत ज्ञान

- लोगों को चंडीगढ़ के चक्कर लगाने से मिलेगी राहत

ब्यूरो, शिमला। प्रदेश के लोगों को आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ ने महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत प्रदेश के शिमला, मंडी और कांगड़ा में तीन आधार सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों के शुरू होने से लोगों को सामान्य आधार संबंधी कार्यों के लिए चंडीगढ़ नहीं जाना पड़ेगा और उनके समय व पैसे की बचत होगी।

जानकारी के अनुसार शिमला में आधार सेवा केंद्र ईस्टलिन कॉम्प्लेक्स, एसडीए कॉम्प्लेक्स कसुम्पटी में हिमुर्जा के समीप स्थापित किया गया है। मंडी में यह केंद्र पारस होटल के समीप सौली खड्ड और कांगड़ा में जमानाबाद रोड, तलपुरा में स्थित है। इन केंद्रों में नया आधार पंजीकरण, नाम, पता, जन्मतिथि और लिंग में संशोधन के अलावा बायोमेट्रिक अपडेट की सुविधा मिलेगी। नया आधार बनवाने की प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क रहेगी, जबकि अन्य सेवाओं के लिए यूआईडीएआई के निर्धारित शुल्क का भुगतान करना होगा। केंद्रों में बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुलभ सेवा व्यवस्था उपलब्ध करवाने का प्रयास किया गया है। यूआईडीएआई ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी विशेष कार्य के लिए चंडीगढ़ स्थित क्षेत्रीय कार्यालय जाना आवश्यक हो तो वे 10 से 15 दिन पहले ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करवाएं।

हिमाचल की आर्थिक स्थिति पर तैयार होगा श्वेत पत्र

कैबिनेट सब कमेटी का पुनर्गठन, मुकेश अग्निहोत्री को सौंपी कमेटी की कमान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति, वित्तीय संसाधनों और राज्य पर बढ़ते आर्थिक दबाव की वास्तविक तस्वीर सामने लाने के लिए सुक्खू सरकार ने कैबिनेट सब कमेटी का पुनर्गठन किया है। राज्य सरकार ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी एक बार फिर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता वाली समिति को सौंपी है।

सामान्य प्रशासन विभाग (गोपनीय एवं मंत्रिमंडल) की ओर से 17 नवंबर को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्यपाल ने इस समिति का पुनर्गठन किया है। यह आदेश 12 मई 2023 को जारी पूर्व अधिसूचना के स्थान पर प्रभावी होगा। समिति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की आर्थिक स्थिति का विस्तृत आकलन कर श्वेत पत्र तैयार करना है।

जानकारी के अनुसार पुनर्गठित समिति में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री अध्यक्ष होंगे। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी को सदस्य बनाया गया है। इसके अलावा प्रदेश सरकार के वित्त सचिव को सदस्य सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस तरह समिति में अध्यक्ष सहित सात मंत्री और वित्त सचिव समेत कुल आठ सदस्य शामिल हैं। वित्त सचिव की मौजूदगी से समिति को राज्य के राजस्व, व्यय, कर्ज और अन्य वित्तीय देनदारियों से जुड़े सरकारी आंकड़ों के विश्लेषण में प्रशासनिक सहयोग मिलेगा।

समिति अब वित्तीय स्थिति का विस्तृत खाका करेगी तैयार

गौरतलब है कि प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र तैयार करने के लिए मई 2023 में भी मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट सब कमेटी गठित की गई थी। उस समय समिति ने राज्य पर कर्ज, कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभ और अन्य देनदारियों का आकलन किया था। सितंबर 2023 में सरकार ने विधानसभा में वित्तीय स्थिति पर श्वेत पत्र प्रस्तुत किया था। अब 17 नवंबर की नई अधिसूचना के जरिए समिति का पुनर्गठन किए जाने से प्रदेश की आर्थिक स्थिति को लेकर सरकार की आगामी कवायद फिर महत्वपूर्ण हो गई है।

उत्तराखंड में दो सड़क हादसों में 13 की मौत, 31 घायल

एजेंसी, ऋषिकेश, रुद्रप्रयाग

उत्तराखंड में मंगलवार सुबह दो सड़क हादसों में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि 31 लोग घायल हुए हैं। पहला हादसा टिहरी जिले में ऋषिकेश-बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर गूलर के पास हुआ। यात्रियों से भरी बस करीब 100 मीटर नीचे नदी में गिर गई। हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 साल की बच्ची समेत 25 लोग घायल हुए। इससे पहले एम्स के डॉक्टरों ने 10 लोगों की मौत होने की जानकारी दी थी, लेकिन बाद में आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप ने 9 मौतों की पुष्टि की।

दूसरा हादसा रुद्रप्रयाग की क्यूंजा घाटी में हुआ। यहां पोखरी से शादी समारोह से लौट रहे बारातियों की बोलेरो गाड़ी खाई में गिर गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 घायल हैं। इनमें से 5 की हालत गंभीर है। उन्हें श्रीनगर बेस अस्पताल रेफर किया गया। हादसे में घायल यात्रियों ने बताया कि बस की रफ्तार बहुत तेज थी। पुल से पहले अचानक से क्या हुआ समझ नहीं आया।



ड्राइवर की सीट के पीछे बैठे घायल ने बताया कि मुझे श्रीनगर जाना था। मैं ड्राइवर की पीछे वाली सीट पर बैठा था। एकदम से नींद लग गई थी। 5 से 5.15 के बीच अचानक से ये सब हो गया, कुछ पता ही नहीं चला। हम पेड़ और पत्थरों से टकराते हुए नीचे गिरने लगे। (अनंत ज्ञान)

महेंद्र सिंह धोनी का आईपीएल से संन्यास, सीएसके के बने मेंटर

एजेंसी, नई दिल्ली

महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल से संन्यास ले लिया है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने मंगलवार को उन्हें टीम का मेंटर बनाया। धोनी 19 साल तक आईपीएल में खेले। इनमें से 17 सीजन उन्होंने चेन्नई के साथ बिताए। 2016 और 2017 में सीएसके पर बैन के कारण वे राइजिंग पुणे सुपरजायंट का हिस्सा रहे।



धोनी ने आईपीएल में 278 मैच खेले और 5,314 रन बनाए। उनकी कप्तानी में चेन्नई ने 5 आईपीएल और 2 चैंपियंस लीग टी-20 खिताब जीते। सीएसके की मालिक रूपा गुरुनाथ ने बताया कि शनिवार को वीडियो कॉल पर 2027 के लिए रिलीज होने वाले खिलाड़ियों के नाम तय हो रहे थे। तभी धोनी ने धीरे से कहा- लिस्ट में मेरा नाम भी जोड़ दीजिए।

श्रीनिवासन बोले- एमएस धोनी के बिना सीएसके नहीं

सीएसके के मालिक एन. श्रीनिवासन ने कहा, धोनी के बिना सीएसके की कल्पना नहीं की जा सकती। करीब 20 साल से हमारा साथ है। 2008 में मैंने ही उन्हें टीम में शामिल करने की बात कही थी। यह मेरा सबसे अच्छा फैसला था। धोनी हमेशा सीएसके की पहचान रहेंगे और यह टीम उनका घर रहेगी।

चोट के कारण पिछले सीजन में भी नहीं खेल सके थे मैच

2026 में धोनी चोट के कारण चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक भी मैच नहीं खेल सके थे। उन्होंने अपना आखिरी मैच 20 मई 2025 को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेला था। इस मैच में उन्होंने 16 रन बनाए थे।

टैंक से पानी छोड़ने जा रहे जल शक्ति विभाग के कर्मी की पैर फिसलने से मौत

अनंत ज्ञान, भरमौर। जनजातीय क्षेत्र भरमौर की पूलन पंचायत में पैर फिसलने से जल शक्ति विभाग के एक कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान दलीप कुमार (59) पुत्र सरन दास निवासी गांव पूलन, डाकघर सिरड़ी, तहसील भरमौर, जिला चंबा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह करीब 9:50 बजे दलीप कुमार रोजाना की तरह टैंक से पानी छोड़ने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान खलोग नामक स्थान पर अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर पड़े। हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई, जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद ग्राम पंचायत पूलन के प्रधान ने संबंधित विभाग को सूचित किया। वहीं, मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भरमौर लाया गया। दलीप कुमार जल शक्ति विभाग में कर्मचारी के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उनके अचानक निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

कुपवी के जेडी शर्मा ने मायानगरी में बनाई पहचान, फिल्मों और टीवी धारावाहिकों में बिखेर रहे अभिनय का जलवा

अनंत ज्ञान

आर मोहन चौहान, सोलन। देवभूमि हिमाचल की प्रतिभाएं आज देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। इसी कड़ी में शिमला जिला के कुपवी क्षेत्र के लोहानधार गांव निवासी जेडी शर्मा अभिनय और मॉडलिंग की दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। वर्तमान में मुंबई में रहकर अभिनय के क्षेत्र में सक्रिय जेडी शर्मा कई फिल्मों, लोकप्रिय टीवी धारावाहिकों, वेब सीरीज और विज्ञापनों में काम कर चुके हैं।

- मुंबई तक का सफर बना युवाओं के लिए प्रेरणा

जेडी शर्मा की स्कूली शिक्षा सोलन में हुई। अभिनय के प्रति रुचि और मनोरंजन जगत में करियर बनाने के सपने को साकार करने के लिए उन्होंने वर्ष 2022 में मुंबई का रुख किया। शुरुआती चुनौतियों के बावजूद उन्होंने मेहनत और लगन से इस क्षेत्र में अपनी जगह बनाई। जेडी शर्मा के पिता पीडब्ल्यूडी में कार्यरत हैं, जबकि माता गृहिणी हैं। उनका एक भाई और एक बहन हैं। सामान्य परिवार से निकलकर मुंबई की मनोरंजन दुनिया तक पहुंचने का उनका सफर हिमाचल के उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो अभिनय के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं।

कई फिल्मों व लोकप्रिय धारावाहिकों में किया काम

जेडी शर्मा की फिल्मोग्राफी में 'टॉक्सिक', 'केसरी वीर', 'हैलो मम्मी' और 'हरि हर वीरा मल्लू' जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं, छोटे पर्दे पर वह 'शैतानी रस्में', 'शिव शक्ति', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'अनुपमा', 'मंगल लक्ष्मी' और 'ज्ञनक' जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में अभिनय कर चुके हैं। इन दिनों उनका शो 'सांचे दरबार की जय' दंगल टीवी पर प्रसारित हो रहा है।



टीवी-विज्ञापनों में भी बनाई पहचान

फिल्मों और टीवी के अलावा जेडी शर्मा 10 से अधिक वेब सीरीज और इतने ही टेलीविजन कमर्शियल व विज्ञापनों में काम कर चुके हैं। अभिनय को निखारने के लिए उन्होंने एक वर्ष तक थिएटर का अनुभव हासिल किया तथा प्रोफेशनल एक्टिंग वर्कशॉप से प्रशिक्षण भी लिया है। वह लीड, नेगेटिव और कैरेक्टर रोल निभा चुके हैं।

हिमाचल में भांग की खेती पर सरकार का कड़ा पहरा, अब हर जिले में बनेगी निगरानी समिति

- गैर-नशीले औद्योगिक और औषधीय उपयोग को मिलेगा बढ़ावा, जिलास्तर पर डीसी संभालेंगे कमान

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में भांग की खेती को नियंत्रित और व्यवस्थित करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। गैर-नशीले औद्योगिक और औषधीय उद्देश्यों के लिए भांग की खेती को बढ़ावा देने के साथ इसकी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने राज्यस्तरीय समीक्षा समिति के गठन के बाद प्रत्येक जिले में जिलास्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है। जारी अधिसूचना के अनुसार जिलास्तरीय समिति की अध्यक्षता संबंधित जिले के उपायुक्त करेंगे। इसमें पुलिस अधीक्षक, कृषि विभाग के उपनिदेशक, जिला आबकारी अधिकारी, बागवानी विभाग के उपनिदेशक, प्रभागीय वन अधिकारी, जिला राजस्व अधिकारी, औषधि निरीक्षक और जिला आयुर्वेदिक अधिकारी सदस्य होंगे। कृषि विभाग के उपनिदेशक समिति के सदस्य सचिव रहेंगे।

जानकारी के अनुसार सरकार की इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य भांग से गैर-नशीले औद्योगिक और औषधीय उत्पादों के निर्माण को प्रोत्साहित करना और इससे जुड़ी प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाना है। समिति भांग की खेती, भंडारण, निर्माण, प्रसंस्करण, परिवहन और अनुसंधान से संबंधित गतिविधियों की निगरानी करेगी। इसके साथ ही लाइसेंस जारी करने, निर्धारित नियमों के अनुपालन, शुल्क और उपकर तय करने तथा कारोबार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाएगा।

हर तीन महीने में होगी निगरानी की समीक्षा

जिलास्तरीय समितियां प्रत्येक तीन महीने में कम से कम एक बैठक करेंगी। इन बैठकों में खेती की स्थिति, जारी लाइसेंस, नियमों के अनुपालन और निगरानी से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा होगी। वहीं राज्यस्तरीय समीक्षा समिति प्रत्येक छह महीने में बैठक कर प्रगति का आकलन करेगी। इस बाबत सरकार का प्रयास है कि निर्धारित कानूनी प्रावधानों के तहत ही भांग के गैर-नशीले उपयोग को बढ़ावा मिले और औद्योगिक एवं औषधीय क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित हों।

मुलाकात समुद्री सुरक्षा, नई तकनीक और आपदा प्रबंधन पर क्वाड देशों ने जताई प्रतिबद्धता

ईरान को परमाणु हथियार नहीं करने देंगे हासिल: ट्रंप

एजेंसी, मनीला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मंगलवार को फिलीपींस में मुलाकात हुई। दोनों लीडर राजधानी मनीला में हो रही क्वाड मीटिंग में शामिल हुए। ट्रंप ने मोदी की तारीफ की और कहा कि वे टफ इंसान हैं। क्वाड बैठक में प्रधानमंत्री मोदी, डोनाल्ड ट्रंप, जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज शामिल हुए हैं।

ट्रंप ने बैठक के दौरान ईरान पर बयान दिया। उन्होंने कहा कि ईरान पागल देश है। इसी वजह से उसे परमाणु हथियार हासिल नहीं करने दिया जा सकता। क्वाड देशों की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लिए क्वाड एक भरोसेमंद साझेदारी है। उन्होंने कहा, समुद्र की सुरक्षा, सामान की सप्लाई बनाए रखने, नई तकनीक और आपदा के समय मदद पहुंचाने जैसे मुद्दों पर क्वाड मिलकर काम कर रहा है। हमारी कोशिश है कि इन सभी मामलों में चारों देश मिलकर भरोसेमंद समाधान निकालें। ट्रंप ने मंगलवार को फिलीपींस की राजधानी मनीला में क्वाड देशों के नेताओं के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज शामिल हुए। बैठक में चारों देशों के नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। यह बैठक आसियान समिट के दौरान हुई। इसका मकसद हिंद-प्रशांत क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर चारों देशों के बीच बातचीत और सहयोग को आगे बढ़ाना था।



- ट्रंप ने मोदी की तारीफ की, कहा- वे टफ इंसान
- भारत के लिए क्वाड एक भरोसेमंद साझेदारी: पीएम

2027 में मुंबई में होगी पहली क्वाड बिजनेस लीडर्स फोरम की बैठक : प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि वर्ष 2027 में पहली क्वाड बिजनेस लीडर्स फोरम की बैठक मुंबई में आयोजित होगी। इसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के कारोबारी, सरकारी अधिकारी और विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य चारों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना, निवेश को बढ़ावा देना और कारोबार के नए अवसर तलाशना है। इस पहल से आर्थिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

न्यूज ब्रीफ

जिला कांगड़ा में जिला स्तरीय निर्वाचन साक्षरता प्रतियोगिताएं आयोजित



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। युवाओं और भावी मतदाताओं को मतदान के अधिकार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने के लिए मंगलवार को बीएड कॉलेज धर्मशाला में जिला स्तरीय निबंध लेखन एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें कांगड़ा जिले के सभी 15 विधानसभा क्षेत्रों से चयनित विद्यार्थियों ने भाग लिया। दोनों प्रतियोगिताओं के लिए चयनित 280 विद्यार्थियों में से 259 उपस्थित रहे। निबंध लेखन में 131 और प्रश्नोत्तरी में 128 विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिताओं में निर्वाचन प्रक्रिया, ईवीएम, वीवीपैट और मतदान से जुड़े विषय शामिल रहे। विजेताओं के परिणाम 20 नवंबर से पहले घोषित होंगे। चयनित विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे।

भीष्म पंचक मेले की तैयारियों को लेकर अजय वर्मा ने अधिकारियों साथ की बैठक

अनंत ज्ञान आशीष दमीर, कांगड़ा। पौराणिक जयंती माता मंदिर में भीष्म पंचक मेले के आयोजन को लेकर एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य टीम, अतिरिक्त पुलिस बल, सुचारू बिजली-पानी और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेले के पांचों दिन डॉक्टर और फार्मासिस्ट तैनात रहेंगे। दुकानदारों को डस्टबीन दिए जाएंगे तथा सफाई के लिए वन मित्र नियुक्त होंगे। अजय वर्मा ने सभी विभागों को समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

निशु मोंगरा के नेतृत्व में युवाओं ने किया मुख्यमंत्री सुक्खू का जोरदार स्वागत



अनंत ज्ञान, कांगड़ा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले धर्मशाला पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का एपीएमसी कांगड़ा के चेयरमैन निशु मोंगरा के नेतृत्व में सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं और नारों के साथ मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मोगरा ने कहा कि सुक्खू सरकार युवाओं और आम जनता के कल्याण के लिए लगातार फैसले ले रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शीतकालीन सत्र में कांगड़ा के विकास को नई दिशा मिलेगी।

व्यवसायिक शिक्षकों ने शिक्षा मंत्री के समक्ष उठाई स्थायी नीति और कैडर की मांग



अनंत ज्ञान ब्यूरो, हिमाचल प्रदेश व्यवसायिक शिक्षक कल्याण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में तपोवन विधानसभा परिसर में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक आशीष बुटेल और मंत्री विक्रमादित्य सिंह से मुलाकात की। इस दौरान संघ ने व्यवसायिक शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर मांग-पत्र सौंपा। संघ ने स्थायी नीति बनाने, शिक्षा विभाग में पृथक व्यवसायिक शिक्षक कैडर स्थापित करने, विभागीय एकीकरण और सेवा एवं भर्ती नियम निर्धारित करने की मांग उठाई। इसके अलावा अनुभवी शिक्षकों के लिए पारदर्शी समायोजन नीति बनाने, आउटसोर्सिंग व्यवस्था समाप्त करने तथा वार्षिक वेतन वृद्धि, पदोन्नति और अन्य सेवा लाभ देने का आग्रह किया। शिक्षा मंत्री ने मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उचित समाधान निकालने का आश्वासन दिया। शैलेंद्र ने कहा कि व्यवसायिक शिक्षक शिक्षा और कौशल विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस अवसर पर अभय शर्मा, अरुण कुमार, राधिका, शेखर शर्मा, अमोघ शर्मा, रवि गुलेरिया, परमजीत गुलेरिया, हिमांशु और अक्षय भी उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शांता कुमार से की शिष्टाचार भेंट



अनंत ज्ञान, पालमपुर। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ नेता शांता कुमार से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान शांता कुमार ने उन्हें अपनी स्वलिखित पुस्तक 'निज पथ का अविचल पंथी' भेंट की। रोहित ठाकुर ने इसके लिए उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि शांता कुमार का लंबा राजनीतिक अनुभव, स्पष्ट विचार और प्रदेश के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस दौरान प्रदेश के विकास और समसामयिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

जोरावर स्टेडियम में 19 को महिलाएं करेंगी प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

चुनिंदा नहीं प्रदेश की सभी 28 लाख बहनों को मिले उनका अधिकार: डॉ. बिंदल

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश की प्रदेश पदाधिकारी बैठक का आयोजन आज ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी कांगड़ा के उत्सव पैलेस में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विशेष रूप से पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल एवं पायल वैद्य, कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज तथा विधायक पवन काजल सहित पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। वहीं, संगठनात्मक गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों की सक्रियता तथा बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. बिंदल ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि 18 नवंबर को भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक पालमपुर में, 19 नवंबर को किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक देहरा में, 20 नवंबर को अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक पालमपुर में तथा 21 नवंबर को महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक ऊना में आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में 22 नवंबर को अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक ज्वालामुखी में संपन्न होगी। डॉ. राजीव बिंदल ने घोषणा की कि 19 नवंबर को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में बड़ी संख्या में महिलाएं प्रदेश कांग्रेस सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन कांग्रेस सरकार की महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की चुनावी गारंटी को लेकर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन का प्रमुख नारा होगा, '1500 नहीं, 72 हजार चाहिए; चुनिंदा बहनें नहीं, सभी 28 लाख बहनों को अधिकार चाहिए।' भाजपा महिलाओं की इस मांग को प्रमुखता से उठाएगी और सरकार से अपनी चुनावी गारंटी पर जवाब मांगेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि आने वाले दिनों में भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों का एक संयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 1 दिसंबर से 25 दिसंबर तक प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में सेवादूत अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा जनसंपर्क को व्यापक बनाने का कार्य किया जाएगा।

तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं दिसंबर में

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि तीसरी और पांचवीं कक्षा की परीक्षाएं 14 से 18 दिसंबर तक, जबकि आठवीं कक्षा की परीक्षाएं 9 से 19 दिसंबर तक आयोजित होंगी। सभी परीक्षाएं सुबह 9:45 से दोपहर 1 बजे तक होंगी। विस्तृत डेटशीट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को समय रहते तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले केंद्र पहुंचना अनिवार्य होगा। अध्यक्ष ने अभिभावकों और शिक्षकों से विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन देने की अपील की है।

सालगिरह मुबारक



जयसिंहपुर (गंदड़) के राजपाल डोगरा और सुनीता देवी को शादी की 40वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत व अनुशासन से आगे बढ़ें विद्यार्थी: अनुराग शर्मा



अनंत ज्ञान

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। विनवा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ में 46वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इसमें राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों की सालभर की शैक्षणिक, खेलकूद और रचनात्मक उपलब्धियों को पहचानने का महत्वपूर्ण अवसर होता है। ऐसे आयोजन बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना और उसे पाने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन तथा धैर्य के साथ आगे बढ़ना जरूरी है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की रुचियों और क्षमताओं को पहचानकर उन्हें प्रोत्साहित करने की अपील की। साथ ही मोबाइल का सीमित उपयोग करने और खेलकूद को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर चिंता जताते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के विकास एवं शैक्षणिक गतिविधियों के लिए 31 हजार रुपये देने की घोषणा की। समारोह में 'उड़ान' थीम के तहत विद्यार्थियों ने पंजाबी, हिमाचली और भक्ति संगीत पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जिम्नास्टिक सहित विभिन्न कार्यक्रमों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया।

चिट्टा मुक्त समाज के संकल्प के साथ पालमपुर में 22 को 'संकल्प मिनी मैराथन'

अनंत ज्ञान, पालमपुर। पालमपुर। युवाओं को नशे से दूर रखने और चिट्टा जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल पालमपुर 22 नवंबर को पहली बार संकल्प मिनी मैराथन आयोजित करेगा। प्रधानाचार्य प्रिया कपिल ने बताया कि 12 किलोमीटर की यह ओपन मैराथन सुबह 8:30 बजे स्कूल परिसर से शुरू होकर वहीं संपन्न होगी। एसडीएम ओपी यादव दौड़ को हरी झंडी दिखाएंगे। प्रतियोगिता में 6 से 17 वर्ष, 18 से 50 वर्ष तथा 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। विजेताओं के लिए एक लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार रखे गए हैं। समापन समारोह में विधायक आशीष बुटेल विजेताओं को सम्मानित करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों की मॉडल प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजन में विभिन्न संस्थानों और प्रतिष्ठानों का सहयोग रहेगा।

टीसीपी कानून का विरोध, चचियां से नगरी तक निकाली पदयात्रा

- त्रिलोक कपूर बोले- 2027 में भाजपा सरकार बनते ही हटाएंगे टीसीपी कानून

अनंत ज्ञान



अजय पाल, पालमपुर। पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के नगरी जोन में टीसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) कानून के विरोध में विशाल जन आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस दौरान चचियां से नगरी तक करीब एक किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों स्थानीय लोगों, व्यापारियों और विभिन्न पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए टीसीपी कानून वापस लेने की मांग उठाई।

रैली को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कहा कि नगरी क्षेत्र की जनता की भावनाओं और स्थानीय परिस्थितियों को नजरअंदाज कर टीसीपी कानून थोपना उचित नहीं है। इस कानून के कारण लोगों को मकान बनाने, जमीन के उपयोग और निर्माण कार्यों में परेशानियां हो रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कांग्रेस सरकार ने इस क्षेत्र से टीसीपी कानून वापस नहीं लिया तो 2027 में भाजपा सरकार बनने पर इसे हटाने के लिए कदम उठाए जाएंगे। त्रिलोक कपूर ने प्रदेश सरकार पर पालमपुर क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि व्यापारी परेशान हैं, युवा नशे की समस्या से जूझ रहे हैं और भू-माफिया का प्रभाव बढ़ रहा है। उन्होंने बदहाल यातायात व्यवस्था और जमीनों की बढ़ती कीमतों पर भी चिंता जताई। प्रदर्शन में लोगों ने टीसीपी कानून की वापसी तक संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

749 टीजीटी को प्रवक्ता पद पर प्रमोट करे प्रदेश सरकार, 4606 पद खाली

- प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने सरकार से की मांग
- कहा- 592 शिक्षकों का डिमोशन नोटिस करे रद्द

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग में डेढ़ साल से पदोन्नति की राह देख रहे 749 टीजीटी को प्रवक्ता प्रमोट किया जाए, क्योंकि प्रदेश में प्रवक्ता के 4606 पद रिक्त हैं। ऐसे में कम रिक्त पद होने का हवाला देकर अगस्त 2025 में टीजीटी से पदोन्नत प्रवक्ता को दिया डिमोशन नोटिस भी रद्द किया जाए और उनके प्रमोशन स्केल के अनुसार वेतन निर्धारण किया जाए। यह मांग राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ ने सरकार से की है।

संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि जब शिक्षा विभाग में प्रवक्ता के 4606 पद रिक्त हैं तो मात्र 1391 टीजीटी को वरिष्ठता के फेर में नहीं उलझाया जाए। अगस्त 2025 में टीजीटी से प्रवक्ता प्रमोट 642 में 592 शिक्षकों को डिमोशन नोटिस थमाकर आज तक प्रमोशन के वित्तीय लाभ नहीं दिए गए और 749 टीजीटी को पदों की कमी और वरिष्ठता का हवाला देकर प्रमोट नहीं किया गया। ऐसे में राज्य सरकार इस मामले को हल करे और विभाग इस मामले में शिक्षकों को परस्पर नहीं उलझाए। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 4606 प्रवक्ता पद खाली हैं। शिक्षा विभाग के अनुसार प्रवक्ताओं के कुल 17,971 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 13,365 पद भरे हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबद्ध और उत्कृष्ट विद्यालयों में 3256 तथा 145 सीबीएसई संबद्ध राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में 1350 पद रिक्त हैं इनमें कंप्यूटर विज्ञान के सबसे अधिक 905 पद, अंग्रेजी के 340, वाणिज्य के 320, राजनीति विज्ञान के 235, इतिहास के 213 और हिंदी के 196 पद रिक्त हैं। वहीं, सीबीएसई से संबद्ध 145 सरकारी स्कूलों में मनोविज्ञान के 142, संगीत के 131, समाजशास्त्र के 126, संस्कृत के 120, भूगोल के 98, वाणिज्य के 96 और अंग्रेजी के 85 पद ,गणित में 13 पद रिक्त हैं। वहीं इनमें 1922 शिक्षक निश्चित अवधि और निश्चित मानदेय के आधार पर सेवाएं दे रहे हैं।

गढ़ क्षेत्र में एसडीएम कार्यालय परागपुर के लिए भूमि चयनित


अनंत ज्ञान, परागपुर। उपमंडल परागपुर में प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और लोगों को एक ही छत के नीचे सरकारी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। एसडीएम निशांत ठाकुर ने गढ़ क्षेत्र में प्रस्तावित संयुक्त कार्यालय भवन (मिनी सचिवालय) के निर्माण के लिए भूमि का अंतिम चयन कर लिया है। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मिनी सचिवालय बनने से उपमंडल और तहसील स्तर के विभिन्न सरकारी कार्यालय एक ही परिसर में संचालित होंगे। इससे लोगों को अपने कार्यों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। एसडीएम निशांत ठाकुर ने बताया कि उद्यान, कृषि, पशुपालन, वन, जल शक्ति और लोक निर्माण विभाग से एनओसी मिलते ही चयनित भूमि के साथ कृषि, उद्यान और पशु चिकित्सा विभाग के पुराने एवं जर्जर भवनों को भी अपने अधीन लिया जाएगा। इसके बाद निर्माण की आगामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार हिमानी शर्मा, नायब तहसीलदार बलविंदर पठानिया और ग्राम राजस्व अधिकारी कंचन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों हंसराज शाह, शेखर शर्मा, राजन शर्मा, दीपक पटियाल सहित अन्य लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए एसडीएम का आभार जताया। उन्होंने इसे क्षेत्र के विकास और आम जनता की सुविधा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

पालमपुर में 20 से सजेगा पांच दिवसीय मिलेट वेलनेस रिट्रीट

पद्मश्री डॉ. खादर वली देंगे प्राकृतिक जीवनशैली का मंत्र

अनंत ज्ञान

अजय पाल, पालमपुर। 'मिलेट मैन ऑफ इंडिया' के नाम से मशहूर पद्मश्री डॉ. खादर वली 20 से 24 नवंबर तक पालमपुर में रहेंगे। इस दौरान असीस नैचुरल्स की ओर से खेती विरासत मिशन के सहयोग से पांच दिन और चार रात का 'सिरि जीवना' मिलेट वेलनेस रिट्रीट आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम गोपालपुर स्थित पॉप्स रिजॉर्ट में होगा।



इसमें लोगों को पारंपरिक मोटे अनाजों के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जानकारी दी जाएगी। असीस नैचुरल्स के सुनील महाजन ने बताया कि यह रिट्रीट शुगर, बीपी और थायराइड जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए उपयोगी साबित हो सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को बताया जाएगा कि खान-पान में बदलाव और मिलेट्स को शामिल कर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में किस तरह मदद मिल सकती है। डॉ. खादर वली लंबे समय से पारंपरिक मोटे अनाजों को लोकप्रिय बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंगनी, कोदो, कुटकी, सांवा और हरी कंगनी जैसे मिलेट्स फाइबर, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम से भरपूर होते हैं। ये ग्लूटेन-फ्री हैं और इनकी खेती में पानी की कम आवश्यकता होती है। इससे ये स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण और किसानों के लिए भी लाभकारी हैं।

रिट्रीट में होम्योपैथी चिकित्सक एवं योग शिक्षिका डॉ. सरला भी मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास, मिलेट्स और पौष्टिक खान-पान पर विशेष सत्र, मिलेट से व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण, सवाल-जवाब और प्रकृति भ्रमण करवाया जाएगा। प्रतिभागियों को पूरे पांच दिनों तक मिलेट आधारित सात्विक भोजन उपलब्ध करवाया जाएगा।

परागपुर में सरकारी संपत्ति पर अवैध वसूली

तालाब के जीर्णोद्धार की आड़ में खुलेआम चंदा उगाही का आया मामला सामने

अनंत ज्ञान



परागपुर। देश के पहले धरोहर गांव परागपुर में एक सरकारी तालाब के जीर्णोद्धार की आड़ में खुलेआम चंदा उगाही का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि जिस ऐतिहासिक तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए स्वयं एसडीएम परागपुर कमर कस चुके हैं और पंचायत स्तर पर रुपरेखा तैयार हो रही है, उसी सरकारी संपत्ति के नाम पर एक गैर-पंजीकृत कमेटी द्वारा आम जनता से धन एकत्रित किया जा रहा है। प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस खेल का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चंदा मांगने के लिए बाकायदा एक तख्ती (बोर्ड) बनवाकर सीधे तहसील कार्यालय के बिल्कुल सामने लगा दी गई है।

गौरतलब है कि इसी तहसील कार्यालय परिसर में एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार जैसे आला अधिकारी बैठते हैं। अधिकारियों की आवाजाही वाले मुख्य द्वार के ठीक सामने यह तख्ती इसलिए टांगी गई है, ताकि तहसील कार्यालय में अपने कामकाज के लिए आने-जाने वाले आम लोग इसे देखकर दान दे सकें। तख्ती पर लगे पोस्टर में तालाब की सफाई के नाम पर आर्थिक सहयोग की अपील करते हुए बकायदा कोषाध्यक्ष बृज मोहन सूद का नाम व मोबाइल नंबर भी अंकित किया गया है। इस मामले में सबसे बड़ा और गंभीर सवाल यह खड़ा हो गया है कि आखिर किस अथॉरिटी के दम पर एक निजी व्यक्ति या गैर-पंजीकृत संस्था को सरकारी संपत्ति के नाम पर अवैध वसूली करने का लाइसेंस मिल गया। यह तालाब धरोहर गांव परागपुर के अधीन आता है, और हेरिटेज विलेज कमेटी गरली-परागपुर के अध्यक्ष स्वयं उपायुक्त (डीसी) कांगड़ा हैं, जबकि एसडीएम परागपुर इसके उपाध्यक्ष हैं। उच्च अधिकारियों की सीधी निगरानी वाले क्षेत्र और उनके दफ्तरों के ठीक सामने इस तरह की समानांतर वसूली प्रशासनिक व्यवस्था को खुली चुनौती दे रही है। मामला संज्ञान में आने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है।

तहसीलदार परागपुर हिमानी शर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया कि यह तालाब पूरी तरह से सरकारी संपत्ति है और किसी भी निजी व्यक्ति या संस्था को इसके नाम पर चंदा मांगने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा कि इस पूरे प्रकरण को लेकर संबंधित नहर कमेटी को तुरंत कार्यालय में तलब किया जाएगा और नियमों के उल्लंघन पर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

भारत को जानो प्रतियोगिता में होलीफेथ स्कूल का शानदार प्रदर्शन

- सीनियर वर्ग में झटका प्रथम स्थान

अनंत ज्ञान



कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां। भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन हिमालयन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नगरोटा बगवां में किया गया। इस प्रतियोगिता में होलीफेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पठियार के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों राहुल एवं सुमित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान एवं प्रथम पुरस्कार हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ विद्यार्थियों ने न केवल अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया, बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में उनकी सफलता उनके सामान्य ज्ञान, भारतीय इतिहास, संस्कृति और देश के प्रति जागरूकता को दर्शाती है। इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास, आत्मविश्वास और देश के प्रति ज्ञान एवं जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

राजनीतिक रैलियों से आगे बढ़कर रोजगार की राह पकड़ रहे युवा : संजय पराशर

72 युवाओं को पराशर ने दी मर्चेंट नेवी में नौकरी की स्पांसरशिप



अनंत ज्ञान


ब्यूरो, धर्मशाला। युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम के तहत कैप्टन संजय पराशर ने 72 युवाओं को मर्चेंट नेवी में करियर बनाने का अवसर प्रदान किया। मंगलवार को मुंबई स्थित अपनी कंपनी के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चयनित अभ्यर्थियों को स्पांसरशिप पत्र सौंपे गए।

इस अवसर पर युवाओं के साथ उनके अभिभावकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैप्टन संजय पराशर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश, विशेषकर जसवां-प्रागपुर क्षेत्र के युवा समुद्री जहाजों पर सेवाएं देकर अपने परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहे हैं। खुशी की बात है कि अब क्षेत्र की बेटियां भी मर्चेंट नेवी में रोजगार हासिल कर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी युवा को सम्मानजनक रोजगार मिलने से केवल उसका परिवार ही नहीं, बल्कि पूरा गांव प्रेरित होता है। युवाओं को राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित रखने के बजाय उन्हें रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध करवाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोधियों की टिप्पणियों से उन्हें फर्क नहीं पड़ता। किसी गरीब परिवार के बेटे या बेटी को रोजगार दिलाना उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर चयनित युवाओं ने कहा कि मर्चेंट नेवी में अवसर मिलने से उनके जीवन को नई दिशा मिली है। वहीं अभिभावकों ने कहा कि बच्चों को रोजगार मिलने से उनकी भविष्य की चिंताएं कम हुई हैं और परिवारों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने इस सहयोग के लिए कैप्टन संजय पराशर का आभार व्यक्त किया।

विधानसभा में उद्योग, भ्रष्टाचार और शिक्षा व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने लगाए आरोप-प्रत्यारोप

बिक्रम ठाकुर ने बल्क ड्रग पार्क में देरी और ठेकेदारों से रिश्वत मांगने का लगाया आरोप, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने दिया जवाब

अनंत ज्ञान



ब्यूरो तपोवन (धर्मशाला)। शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन नियम-67 के तहत हुई चर्चा में जसवां-प्रागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने प्रदेश सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरा।

उन्होंने हमीरपुर में बन रहे बस अड्डे की निर्माण लागत पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसका टेंडर 42 करोड़ रुपए में हुआ था, जबकि इसे 37 करोड़ रुपए में अवार्ड किया गया। उन्होंने दावा किया कि अब तक इसके निर्माण पर 200 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि उद्योगों के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि उद्योग हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और इन्हें बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने बल्क ड्रग पार्क के निर्माण में देरी को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ठेकेदारों को अपने बिल पास करवाने के लिए भी रिश्वत देनी पड़ रही है। इसके अलावा उन्होंने पंचायतीराज विभाग में पंजाब की एक फर्म से करोड़ों रुपए के डस्टबिन खरीदे जाने का मुद्दा उठाते हुए इसकी जांच करवाने की मांग की।

हंसराज ने सीबीएसई स्कूलों-शिक्षक हितों का मुद्दा उठाया



भाजपा विधायक हंसराज ने चर्चा में शिक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सीबीएसई स्कूल शुरू करके शिक्षा बोर्ड को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने सरकार पर सीबीएसई को लेकर भ्रम फैलाने का आरोप भी लगाया। हंसराज ने कहा कि स्कूल कॉम्प्लेक्स सिस्टम जेबीटी शिक्षक वर्ग के साथ अन्याय है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए। उन्होंने सहारा और हिमकेयर योजनाओं को दोबारा बहाल करने की मांग भी उठाई। साथ ही उन्होंने सरकार से चंबा और चुराह क्षेत्र की समस्याओं पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

275 करोड़ रुपए बल्क ड्रग पार्क पर खर्च : हर्षवर्धन चौहान



उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि बल्क ड्रग पार्क पर अब तक 275 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं और 2000 बीघा जमीन समतल की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि अगले 15 दिनों में वहां बिजली की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। परियोजना के टेंडर में पूरी पारदर्शिता बरती गई है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को स्थापित करने वाली कंपनी को अगले 25 वर्षों तक इसका संचालन करना होगा। इसी वजह से इस परियोजना के लिए बोलीदाताओं की संख्या कम रही।

भाजपा के भ्रष्टाचार पर श्वेत पत्र ला रही सरकार : सुरेश कुमार



कांग्रेस विधायक सुरेश कुमार ने भाजपा की ओर से भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा का प्रस्ताव लाने की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा के इस कदम के पीछे की मंशा संदेहास्पद है। प्रदेश की जनता भाजपा को जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार को लेकर प्रदेश सरकार श्वेत पत्र लाने जा रही है, जिससे भाजपा बौखलाई हुई है।

कांग्रेस ने चार साल में हिमाचल को चार दशक पीछे धकेला : जयराम

नियम-67 के तहत चर्चा में नेता प्रतिपक्ष ने भ्रष्टाचार, ई-बसों की खरीद और जमीन सौदों को लेकर सरकार को घेरा

अनंत ज्ञान





ब्यूरो, तपोवन (धर्मशाला)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन नियम-67 के तहत चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने चार साल के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश को चार दशक पीछे धकेल दिया है। नेता विपक्ष द्वारा हिमाचल ऑन सेल कि बात पर डिप्टी सीएम और नेता विपक्ष में हलकी नोंक झोंक भी हुई। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश को एक ओर प्राकृतिक आपदा ने नुकसान पहुंचाया, वहीं दूसरी ओर सरकार की नीतियों ने भी प्रदेश की मुश्किलें बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

पंचायत चुनाव नतीजों के संदेश को समझने को तैयार नहीं सरकार: जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार की शुरुआत ही ठीक नहीं रही और सरकार बनने के एक साल के भीतर ही उसके कुछ विधायक पार्टी छोड़कर चले गए। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा की चारों सीटों पर जीत और पंचायती राज चुनाव के नतीजों का हवाला देते हुए कहा कि ये परिणाम सरकार के खिलाफ जनता का स्पष्ट संदेश हैं, लेकिन कांग्रेस इसे समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इन नतीजों से सरकार की विदाई के संकेत मिल रहे हैं।

बिना ट्रायल बसें खरीदने का आरोप: नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश में भ्रष्टाचार को संस्थागत रूप देने का आरोप लगाते हुए पेखूबेला सोलर प्रोजेक्ट को भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण बताया। इलेक्ट्रिक बसों की खरीद पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त ट्रायल के बसें खरीद ली गईं। सरकार ने इन बसों को 80 रूटों पर चलाने की बात कही थी, लेकिन ये बसें 15 से 20 किलोमीटर चलने के बाद ही हांफने लगीं।

मुद्दों से भटक रहेनेता प्रतिपक्ष : उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जवाब देते हुए कहा कि राजनीतिक विरोध करते-करते नेता प्रतिपक्ष मुद्दों से भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिशन रिपीट की चर्चा से विपक्ष घबराया हुआ है। उन्होंने भाजपा को चुनौती दी कि यदि विधानसभा और पीटरहॉफ को बेचने से संबंधित कोई दस्तावेज हैं तो उन्हें सदन में प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि 'हिमाचल फॉर सेल' का नारा कांग्रेस ने विपक्ष में रहते हुए दिया था और उस समय भाजपा सत्ता से बाहर हो गई थी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर विकास विरोधी होने का आरोप भी लगाया।

डिप्टी सीएम का जयराम ठाकुर पर पलटवार

इस पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि 297 इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के एवज में संबंधित कंपनी को अभी तक एक भी पैसा नहीं दिया गया है और इनका ट्रायल रन चल रहा है। समय पर बसों की आपूर्ति नहीं करने के चलते कंपनी पर 37 करोड़ रुपए का जुर्माना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि बसों के लिए 180 किलोमीटर की शर्त निर्धारित थी, जबकि इनका औसत प्रदर्शन 193 किलोमीटर है। इनमें से तीन बसें शिमला से मनाली रूट पर भी चल रही हैं। जयराम ठाकुर ने प्रदेश में जमीनों के सौदों को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने हिमाचल को बिक्री के लिए रख दिया है। इस दौरान उन्होंने कृषि विश्वविद्यालय की जमीन, मेडिकल डिवाइस पार्क और कथित बेनामी सौदों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश आर्थिक रूप से कमजोर हुआ है और नेताओं व अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं।

विधानसभा की कार्यप्रणाली से रू-ब-रू हुए सिहुंता स्कूल के स्टूडेंट्स

कुलदीप पठानिया ने छात्रों को समझाई विधानसभा की भूमिका और विधायी प्रक्रिया

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, तपोवन (धर्मशाला)। तपोवन विधानसभा सचिवालय में शीतकालीन सत्र की कार्यवाही देखने पहुंचे राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिहुंता के विद्यार्थियों ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा के गठन, कार्यप्रणाली और स्पीकर की भूमिका को लेकर सवाल पूछे। पठानिया ने विद्यार्थियों को बताया कि विधानसभा कानून बनाने वाला सदन है, जहां विधायक जनता की समस्याएं उठाते हैं और सरकार से जवाब मांगते हैं। उन्होंने सरकार गठन, बजट, विपक्ष की भूमिका और कानून बनाने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी।



सिहुंता स्कूल के बच्चों के साथ विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।









शीत सत्र के दूसरे दिन सदन की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते हुए मंत्री और विधायक।

तपोवन (धर्मशाला)। दिल्ली से लौटने पर धर्मशाला के साई हवाई पट्टी पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का ग्रामीण विकास मंत्री अनिरुद्ध सिंह, खेल एवं युवा सेवाएं मंत्री यादविंद्र गोमा, कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी सहित अन्य गणमान्य लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने साई मैदान में खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा को उचित दिशा-निर्देश दिए। बाद में विधानसभा पहुंचने पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

विधानसभा सत्र में सोशल मीडिया, अवैध खनन रोजगार पर होगी चर्चा, 5 विधेयक भी होंगे पेश

अनंत ज्ञान



ब्यूरो तपोवन (धर्मशाला)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले मंगलवार सुबह 10:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में कार्य सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष में हुई इस बैठक में सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं ने सत्र के एजेंडे और सदन में उठाए जाने वाले प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में संसदीय कार्य मंत्री हर्ष वर्धन चौहान, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानियां, भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक सुख राम चौधरी और विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में आगामी सत्र की कार्यवाही को लेकर सहमति बनाई गई। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने बताया कि सत्र के दौरान जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। पिछले मानसून सत्र में 27 अगस्त को विधायक कुलदीप सिंह राठौर द्वारा बच्चों के बीच सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल को नियंत्रित और सुरक्षित बनाने के लिए सख्त नीति तैयार करने संबंधी प्रस्ताव भी चर्चा में रहेगा। उन्होंने बताया कि 19 नवंबर को गैर-सरकारी सदस्य दिवस के दौरान दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होगी। विधायक जीत राम कटवाल प्रदेश में अवैध खनन पर रोक लगाने और इसके दुष्प्रभावों से निपटने के लिए प्रभावी नीति बनाने का मुद्दा उठाएंगे। वहीं, विधायक डॉ. जनक राज युवाओं के रोजगार, भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, स्वरोजगार और प्रदेश में ही सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध करवाने का विषय सदन में रखेंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि विधानसभा सचिवालय को पांच विधेयकों की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। इनमें सड़क मार्ग से माल ढुलाई पर कराधान संशोधन विधेयक 2026, सरकारी सेवाओं में अनुभव और पदोन्नति नियमों से संबंधित विधेयक 2026, विनिधान संवर्धन और सरलीकरण विधेयक 2026, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड संशोधन विधेयक 2026 तथा पंचायती राज तृतीय संशोधन विधेयक 2026 शामिल हैं। इन विधेयकों को सदन में प्रस्तुत कर चर्चा के बाद पारित करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। आगामी सत्र में रोजगार, अवैध खनन, सोशल मीडिया के प्रभाव और निवेश जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच चर्चा होने की संभावना है।

अपने चार साल का हिसाब दे सुक्खू सरकार : राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, तपोवन (धर्मशाला)। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पूर्व भाजपा सरकार के फैसलों की जांच और श्वेतपत्र जारी करने की घोषणा पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार पहले अपने चार साल के कार्यकाल का हिसाब जनता को दे। जवाबदेही सभी सरकारों पर समान रूप से लागू होनी चाहिए।

◆पीटरहॉफ-वाइल्डफ्लावर हॉल पर उठाए सवाल, रोजगार और दस गारंटियों का मांगा जवाब

जम्वाल ने कहा कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरियां देने का वादा किया था। सरकार बताए कि युवा आज भी रोजगार के लिए इंतजार क्यों कर रहे हैं। उन्होंने पांच लाख रोजगार के वादे पर नियुक्तियों और स्वरोजगार का विभागवार ब्यौरा मांगा।

जम्वाल ने पीटरहॉफ के पुनर्विकास और पर्यटन निगम की संपत्तियों को निजी हाथों में देने के फैसलों पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग की। उन्होंने वाइल्डफ्लावर हॉल मामले में सवाल उठाया कि जिस कंपनी से सरकार ने करीब 20 साल कानूनी लड़ाई लड़ी, उसी के साथ कथित तौर पर 35 वर्षों का समझौता क्यों किया गया। उन्होंने इसकी शर्तें और वित्तीय मूल्यांकन सार्वजनिक करने को कहा। जम्वाल ने महिलाओं को 1500 रुपये, 300 यूनिट मुफ्त बिजली और रोजगार सहित कांग्रेस की दस गारंटियों की प्रगति रिपोर्ट जारी करने की मांग की। उन्होंने आपदा राहत, सरकारी टेंडरों और बद्दी-नालागढ़ में भूमि आवंटन की निष्पक्ष जांच का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जनता को राजनीतिक बयानबाजी नहीं, बल्कि सरकारी धन और संपत्तियों का दस्तावेजों सहित हिसाब चाहिए।

कांगड़ा में नए जिलों के गठन पर कोई मतभेद नहीं जनभावनाओं के अनुरूप होगा फैसला : यादवेंद्र गोमा

अनंत ज्ञान



ब्यूरो तपोवन (धर्मशाला)। हिमाचल प्रदेश में नए जिलों के गठन को लेकर कांगड़ा में सियासी चर्चा तेज हो गई है। इस बीच आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा ने स्पष्ट किया कि नए जिलों के मुद्दे पर सरकार और कांग्रेस में कोई मतभेद नहीं हैं। उन्होंने संकेत दिए कि कमेटी की सिफारिशें अनुकूल रहीं तो वह जयसिंहपुर, पालमपुर, सुलह और बैजनाथ को मिलाकर नया जिला बनाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष उठाएंगे।

गोमा ने कहा कि कांगड़ा प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है और इसके कई क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से काफी दूर हैं। लोगों को प्रशासनिक कार्यों के लिए जिला मुख्यालय पहुंचने में परेशानी होती है। उन्होंने जयसिंहपुर का उदाहरण देते हुए कहा कि कांगड़ा का इंदौरा क्षेत्र यहां से करीब 120 से 130 किलोमीटर दूर है।

उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की ओर से नए जिलों और प्रशासनिक पुनर्गठन के लिए कमेटी गठित करने के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नए जिले कब बनेंगे और कितने बनेंगे, इसका निर्णय कमेटी की रिपोर्ट और सिफारिशों के आधार पर होगा।

नगरोटा बगवां के विधायक एवं मंत्री आरएस बाली की ओर से कांगड़ा जिले के विभाजन पर जताई जा रही आपत्ति के सवाल पर गोमा ने कहा कि हर क्षेत्र की अपनी परिस्थितियां और जनभावनाएं हैं। नगरोटा बगवां से धर्मशाला की दूरी कम है, जबकि दूरदराज के क्षेत्रों के लोगों को आने-जाने में साढ़े तीन से चार घंटे लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखकर फैसला लेगी। नए जिलों का गठन पूरी तरह नीतिगत निर्णय होगा और इसमें कमेटी की रिपोर्ट महत्वपूर्ण रहेगी।

जिनके खिलाफ तथ्य आए उन्हीं के खिलाफ हुई कार्रवाई : सीएम सुक्खू

अनंत ज्ञान

◆ पूर्व मुख्यमंत्री बोले; तथ्य हैं नहीं, खोद-खोद कर निकाले जा रहे बेवजह के आरोप

विक्रम ढटवालिया, तपोवन। धर्मशाला में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया है। जिन विधायकों के खिलाफ तथ्य सामने आए, उन्हीं के खिलाफ कार्रवाई की गई है। विधायकों के लिए सरकार का व्यवहार एक समान है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के एक विधायक के खिलाफ कार्रवाई होने पर अठारह विधायक विजिलेंस दफ्तर पहुंच गए थे। वे विपक्ष के आरोपों का जवाब दे रहे थे। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मामला उठाया था कि सरकार किसी का परिवार तबाह नहीं कर सकती है, झूठे तथ्यों के आधार पर मामले बनाए गए हैं। लेकिन अभी तक न तो किसी को जांच में दोषी ठहराया गया और ना ही कोर्ट में चालान पेश किया गया। राजनीतिक द्वेष से मामले दर्ज किए गए हैं। उनका कहना था कि राजनीतिक प्रतिशोध के सारे मामले बनाए जा रहे हैं। खोद-खोद कर जानबूझकर मामले तैयार किया जा रहे हैं। क्योंकि मुख्यमंत्री को संबंधित व्यक्ति शूट नहीं करते। उनका कहना था कि राजनीतिक मकसद के लिए किसी का परिवार तबाह नहीं किया जाना चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी पूछा कि क्या अभी तक कोई चार्जशीट पेश की गई है। किसी का चालान कोर्ट में पेश किया गया है। सारे का सारा राजनीतिक ड्रामा है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेजरी बंद कर दी गई है। सैंक्शन लेटर निकालने के बाद स्थिति पक्ष और विपक्ष दोनों के विधायकों की एक समान है। धर्मपुर के विधायक ने भी पूर्व सरकार के समय 220 करोड़ की लागत से खरीदी गई पाइपों का मामला उठाया और कहा की जगह-जगह वह ऐसे भंडार के रूप में पड़ी हुई है जिनका कोई बारिश नहीं लगता। उन्होंने नाम लिए बगैर धर्मपुर के पूर्व विधायक पर भी तीखा हमला बोला और कहा कि 26 सालों से वहां जी बड़े स्तर पर खनन चल रहा है क्रेशर घोटाला हुआ है उसकी जांच होनी चाहिए।

सियासत कार्यकर्ताओं की आवाज सर्वोपरि, कैबिनेट में जगह मिलने की देरी पर विधायक ने साधी चुप्पी

कुल्लू के मान-सम्मान और विकास से समझौता नहीं: सुंदर सिंह ठाकुर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार के चौथे वर्ष में प्रवेश से पहले कुल्लू की सियासत में हलचल तेज हो गई है। कुल्लू सदर से कांग्रेस विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने जिले के विकास, राजनीतिक प्रतिनिधित्व और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान को लेकर अपनी बात खुलकर रखी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी पद या व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का मामला नहीं है, बल्कि कुल्लू के अधिकारों और सम्मान से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि कुल्लू के विकास और कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान के लिए आम जनता और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया जाएगा तथा वे जो विकल्प सुझाएंगे, उसी के अनुरूप निर्णय लिया जाएगा।

सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू जिला हिमाचल प्रदेश का अग्रणी जिला है और यहां की राजनीतिक ताकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कुल्लू में



आयोजित होने वाली रैलियों में दो से तीन विधानसभा क्षेत्रों के बराबर जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं का जोश देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि कुल्लू सदर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता स्वाभिमानी हैं और पिछले 15 वर्षों से भाजपा को यहां जीतने नहीं दिया है। ऐसे में उनकी भावनाओं और आवाज का सम्मान होना चाहिए।

हर परिस्थिति में पार्टी के साथ खड़े रहे कार्यकर्ता: विधायक ने कहा कि कुल्लू में कांग्रेस के कार्यकर्ता हर परिस्थिति में पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। दशहरा उत्सव के सफल आयोजन में भी कार्यकर्ताओं के साथ प्रशासन और सरकार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उत्सव के बाद कार्यकर्ताओं की कुछ अपेक्षाएं और बातें थीं, जिन्हें उन्होंने बंद कमरे में रखा था। उन्होंने कहा कि मीडिया में इन बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया, लेकिन कार्यकर्ताओं को अपने मान-सम्मान की बात रखने का पूरा अधिकार है।

राजनीति में महत्वाकांक्षा होना गलत नहीं: कैबिनेट में शामिल होने की महत्वाकांक्षा के सवाल पर सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि उन्होंने मंत्री बनाए जाने के लिए कोई आवेदन नहीं दिया है। राजनीति में महत्वाकांक्षा होना गलत नहीं है, लेकिन उनका उद्देश्य व्यक्तिगत पद हासिल करना नहीं, बल्कि कुल्लू का विकास और यहां के लोगों को उचित मान-सम्मान दिलाना है। उन्होंने कहा कि कुल्लू में चार विधानसभा क्षेत्र हैं और करीब चार लाख लोग रहते हैं। जिले का प्रभाव आसपास के क्षेत्रों तक है, इसलिए इसे राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मामले में नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

बंद कमरे की बात पर नोटिस देना गलत

मंडी और कुल्लू में कैबिनेट दर्जा मिलने की चर्चाओं तथा इसमें हो रही देरी पर उन्होंने कहा कि इसके कारणों के बारे में संबंधित लोगों से ही पूछा जाना चाहिए। वहीं, संगठन के भीतर कार्यकर्ताओं की ओर से अपनी बात रखने पर नोटिस दिए जाने की चर्चा पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बंद कमरे में हुई बातचीत को लेकर किसी को नोटिस देना गलत है और वह कुल्लू के संगठन तथा कार्यकर्ताओं के साथ खड़े हैं। सुंदर सिंह ठाकुर ने ऑपरेशन लोटस का जिक्र करते हुए कहा कि कुल्लू से किसी भी नेता ने दोहरा रवैया नहीं अपनाया और वह हमेशा पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहे। उन्होंने कहा कि वह एनएसयूआई और युवा कांग्रेस से निकलकर आए हैं और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा पर सवाल नहीं उठाया जा सकता।

शाहपुर विस की तीन महत्वपूर्ण सड़कों को लेकर केवल पठानिया ने की समीक्षा बैठक



अनंत ज्ञान ब्यूरो तपोवन धर्मशाला। तपोवन स्थित हिमाचल प्रदेश विधानसभा परिसर में शाहपुर विस के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण सड़कों डल से गद्दी बस्ती, बर्नेट-घेरा सड़क तथा नड्डी से गतड़ी सड़क को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसडीएम धर्मशाला मोहित रत्न, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग विकास सूद, अधीक्षण अभियंता बीएम ठाकुर तथा तहसीलदार धर्मशाला उपस्थित रहे। इस दौरान केवल सिंह पठानिया ने तीनों सड़कों से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा कार्यों को लेकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

पालमपुर को जिला बनाने के पक्ष में विधायक आशीष बुटेल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। पालमपुर को जिला बनाने की मांग ने फिर जोर पकड़ लिया है। विधायक आशीष बुटेल ने कहा कि सामाजिक, भौगोलिक और प्रशासनिक दृष्टि से पालमपुर जिला बनने का मजबूत दावा रखता है। वह व्यक्तिगत रूप से इस मांग के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से गठित आयोग के समक्ष पालमपुर का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। कांगड़ा जिले के विभाजन पर उन्होंने कहा कि लोगों का भावनात्मक जुड़ाव स्वाभाविक है, लेकिन प्रशासनिक सुविधा के लिए समय के साथ बदलाव जरूरी हैं। कांग्रेस के अंदरूनी मामलों पर उन्होंने कहा कि अंतिम फैसला मुख्यमंत्री और पार्टी हाईकमान को लेना है।

न्यूज ब्रीफ

किचन हेल्पर और स्टीवर्ड के साक्षात्कार आज

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। पर्यटन एवं होटल क्षेत्र की कंपनी बारबेक नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड में किचन हेल्पर और स्टीवर्ड के 400 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि 18 नवंबर को सुबह 11 बजे उप रोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार होंगे। किचन हेल्पर के लिए 10वीं या 12वीं पास तथा स्टीवर्ड के लिए फूड एंड सर्विस में एक वर्षीय डिप्लोमा जरूरी है। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष निर्धारित है। इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाणपत्र और हिमाचली प्रमाणपत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

छात्रवृत्ति आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक बढ़ाई

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सभी छात्रवृत्ति योजनाओं के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 नवंबर कर दी गई है। सेकेंडरी शिक्षा उपनिदेशक देशराज डोगरा ने जिला के सभी सरकारी और गैर सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक व उच्च विद्यालयों के प्रधानाचार्यों तथा मुख्याध्यापकों को पात्र विद्यार्थियों के आवेदन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर आवेदनों की वेरिफिकेशन और त्रुटिपूर्ण आवेदनों की पुनः वेरिफिकेशन 8 दिसंबर तक पूरी करनी होगी। इस प्रक्रिया में लापरवाही या मामले लंबित रहने पर स्कूल प्रमुखों और छात्रवृत्ति प्रभारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

नेरी कबड्डी टूर्नामेंट: खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नेरी में आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित होती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रो. सतीश के. भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील कुमार, डॉ. रतन डोगरा, पंचायत प्रधान वीना, रजत राणा और टोनी ठाकुर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

गलोड़ में मुख्यमंत्री के दौरे एवं स्वास्थ्य जांच शिविर की तैयारियां जोरों पर

अनंत ज्ञान, नादौन। गलोड़ में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मंगलवार को सीएमओ डॉ. सतीश कुमार फोतेदार, एसडीएम निशांत शर्मा सहित अधिकारियों ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किया। शिविर में टांडा और हमीरपुर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ एवं सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर विभिन्न रोगों की जांच करेंगे। आयुर्वेद और होम्योपैथी विशेषज्ञ भी सेवाएं देंगे। अल्ट्रासाउंड, एक्सरे सहित अन्य जांच सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ करने के साथ विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा तंबाकू मुक्त युवा अभियान की शपथ भी दिलाएंगे।

प्राकृतिक मक्की की खरीद शुरू

अनंत ज्ञान, नादौन। राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना के तहत जिला हमीरपुर में मंगलवार से प्राकृतिक मक्की की खरीद शुरू हो गई। नादौन में पहले दिन 115 किसानों से कुल 108.20 क्विंटल मक्की 50 रुपए प्रति किलो के समर्थन मूल्य पर खरीदी गई। इसमें नादौन के 65 किसानों से 93.90 क्विंटल और सुजानपुर के 50 किसानों से 14.30 क्विंटल मक्की खरीदी गई। कृषि विभाग की आतमा परियोजना ने नादौन और हमीरपुर में खरीद केंद्र स्थापित किए हैं। बुधवार को पक्का भरो स्थित गोदाम में भी खरीद होगी। परियोजना निदेशक राकेश धीमान ने कहा कि इससे किसानों की आय में दोगुने से अधिक बढ़ोतरी होगी।

17 सूत्री मांग पत्र पर एक साल बाद भी कार्रवाई नहीं, पेंशनरों में आक्रोश

दो लाख पेंशनर्स की वित्तीय देनदारियां लंबित, सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

- 19 को धर्मशाला में करेंगे विधानसभा घेराव
- 18 संगठनों ने सरकार से वार्ता के लिए बुलाने की उठाई मांग
- हमीरपुर से 800 से अधिक पेंशनर्स होंगे रैली में शामिल



लंबित वित्तीय देनदारियों व मांगों को लेकर दूसरे दिन भी प्रदर्शन करते पेंशनर्स।

अनंत ज्ञान

हमीरपुर। संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश ठाकुर के नेतृत्व में पेंशनरों की लंबित वित्तीय देनदारियों और विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशभर में आंदोलन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला हमीरपुर में पुलिस विभाग, शहरी निकाय और कॉरपोरेट सेक्टर के पेंशनरों ने दूसरे दिन भी धरना-प्रदर्शन किया। समिति ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा पेंशनरों से किए गए वादे अब तक पूरे नहीं हुए हैं। 18 पेंशनर संगठनों की ओर से एक वर्ष पहले सौंपे गए 17 सूत्रीय मांग पत्र पर भी सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। समिति के अनुसार, करीब दो लाख पेंशनरों में सरकार के रवैये को लेकर रोष है। बिजली बोर्ड में ओपीएस, एचआरटीसी पेंशन का समय पर भुगतान, पुलिस विभाग की मांगें, शहरी निकायों के वर्ष 2016 से संबंधित पेंशन मामले और कॉरपोरेट सेक्टर के कर्मचारियों की पेंशन बहाली प्रमुख मुद्दे हैं। समिति ने बताया कि कॉरपोरेट सेक्टर के कर्मचारियों को 29 अक्टूबर 1999 की अधिसूचना के आधार पर पेंशन दी जा रही थी, लेकिन दिसंबर 2004 के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इससे वंचित कर दिया गया। इससे हजारों पेंशनर प्रभावित हैं। सुरेश ठाकुर ने सरकार से 18 संगठनों की संयुक्त संघर्ष समिति को वार्ता के लिए बुलाकर सभी समस्याओं का समाधान करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। समिति ने बताया कि 18 नवंबर को भी धरना जारी रहेगा। वहीं, 19 नवंबर को हमीरपुर जिले से 800 से अधिक पेंशनर धर्मशाला के दाड़ी मेला मैदान में रैली के बाद विधानसभा घेराव में शामिल होंगे। प्रदर्शन में विभिन्न विभागों और संगठनों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

गोवंश संरक्षण और गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की उठी मांग



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, हमीरपुर। गोपाष्टमी के अवसर पर गो संरक्षण और गोवंश के सम्मान का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत देशी गोवंश की सुरक्षा, गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध और गोमाता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक सम्मान देने की मांग उठाई जा रही है। अभियान से जनसेवक सुशील ठाकुर, पूर्व प्रधान पवन धीमान, पूर्व प्रधान रणवीर ठाकुर, विजय ठाकुर, जेडआर शर्मा और राजीव कालिया जुड़े हुए हैं।

अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार से गौ संरक्षण के लिए केंद्रीय कानून बनाने और केंद्रीय गौसेवा मंत्रालय स्थापित करने की मांग की जा रही है। इसके अलावा गोचर भूमि की सुरक्षा के लिए गोचर मंडल के गठन, चारा सुरक्षा नीति बनाने और गौ आधारित कृषि को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। गोबर और गोमूत्र से बनने वाले पंचगव्य उत्पादों के निर्माण एवं बिक्री को प्रोत्साहित करने तथा शिक्षा में गाय के महत्व को शामिल करने की मांग भी उठाई गई है। अभियान से जुड़े लोगों ने कहा कि इन मांगों को अहिंसक और संवैधानिक तरीके से सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने गोसेवा और देशी गोवंश के संरक्षण में समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

सरकारी अधिकारियों को राजनीतिक दबाव में नहीं, नियमों और कानून के अनुसार काम करना चाहिए : नरेंद्र

अनंत ज्ञान, विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। भाजपा प्रचार प्रभारी नरेंद्र ठाकुर ने सुजानपुर के कांग्रेस विधायक रणजीत सिंह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा नेता राजेंद्र राणा की ओर से आयोजित सामाजिक, धार्मिक और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में बार-बार अड़चनें पैदा की जा रही हैं। विधायक पर 'न खुद खेलना, न दूसरों को खेलने देना' वाली कहावत सटीक बैठती है। नरेंद्र ठाकुर ने नगर परिषद सुजानपुर द्वारा राजेंद्र राणा के विज्ञापन पट्ट की अनुमति रद्द करने पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि एक जनवरी से 31 दिसंबर 2026 तक की अनुमति के लिए 30 दिसंबर 2025 को 3,345 रुपए शुल्क जमा करवाया गया था। इसके बावजूद 5 और 10 नवंबर को विज्ञापन पट्ट हटाया गया तथा उसी दिन अनुमति रद्द कर दी गई। उन्होंने अधिकारियों से राजनीतिक दबाव में काम करने के बजाय नियमों के अनुसार निष्पक्ष निर्णय लेने की अपील की। 15 जनवरी को सुजानपुर चौगान में प्रस्तावित पारंपरिक सैनिक सम्मान कार्यक्रम की अनुमति को लेकर भी दबाव बनाने के आरोप लगाए। नरेंद्र ने कहा कि सैनिक सम्मान समारोह और निःशुल्क चिकित्सा शिविर जैसे जनहित के कार्यक्रमों में बाधा डालना उचित नहीं है।

राष्ट्रीय मंच पर हिम अकादमी के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के विद्यार्थियों ने 30 अक्तूबर से 1 नवंबर 2026 तक गुवाहाटी (असम) में आयोजित 8वीं एएफएस राष्ट्रीय बैठक में भाग लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इस राष्ट्रीय आयोजन में देशभर के लगभग 65 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यालय की ओर से कक्षा 11वीं के अरनव बड़वाल, आरोन संग्राई और देवाशीष शौर्य ने शिक्षक आकर्ष शर्मा के मार्गदर्शन में सहभागिता की। बैठक के दौरान विद्यार्थियों ने सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण, वैश्विक उत्तरदायित्व और अंतर-सांस्कृतिक शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी हासिल की। विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों के साथ संवाद से उन्हें अलग-अलग संस्कृतियों और परंपराओं को समझने का अवसर मिला। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों ने गुवाहाटी के प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी किया। उन्होंने मां कामाख्या देवी मंदिर में दर्शन किए तथा ब्रह्मपुत्र नदी के मध्य स्थित ऐतिहासिक उमानंद मंदिर भी देखा। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस राष्ट्रीय बैठक से विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और वैश्विक दृष्टिकोण का विकास हुआ है। विद्यालय ने सभी प्रतिभागियों और शिक्षक आकर्ष शर्मा को सफल सहभागिता के लिए बधाई दी।

राज्य स्तरीय सांस्कृतिक स्पर्धा में हिम अकादमी के विद्यार्थियों ने चमकाया नाम



अनंत ज्ञान

हमीरपुर। हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर के विद्यार्थियों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्की (सोलन) में आयोजित अंडर-19 राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने शास्त्रीय गायन और भाषण प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कीं।

शास्त्रीय गायन प्रतियोगिता में अथर्व चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी प्रस्तुति में अधृत ने हारमोनियम और सक्षम संधू ने तबले पर संगत की। वहीं, छात्रा सेजल ने तृतीय स्थान हासिल किया। उनकी प्रस्तुति में श्रेया ने हारमोनियम और नताश ने तबले पर संगत की। इसके अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता में मोहम्मद रिजवान ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान अकादमिक प्रधानाचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, हेडमिस्ट्रेस कंचन लखनपाल और को-ऑर्डिनेटर मनीषा मारवाह ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में ईडब्ल्यूएस संजीव कुमार भी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

राज्य स्तरीय फार्मेसी स्पर्धाओं में गौतम कॉलेज ने मारी बाजी



अनंत ज्ञान

हमीरपुर। गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी, हमीरपुर के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय विश्व फार्मासिस्ट दिवस एवं राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह समारोह-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया। 16 नवंबर को बिलासपुर के संस्कृति भवन में आयोजित इस समारोह में प्रदेश के 35 शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली और हिमाचल प्रदेश राज्य फार्मेसी परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह की थीम 'स्वस्थ भारत : रोगाणुरोधी प्रतिरोध से मुकाबला' रही। गौतम कॉलेज के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक और साइंटून प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता एवं प्रभावशाली प्रस्तुति से पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने एंटीबायोटिक दवाओं के विवेकपूर्ण उपयोग, एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के खतरे और जनस्वास्थ्य में फार्मासिस्ट की भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस उपलब्धि पर गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम और निदेशक-सह-प्राचार्य प्रो. (डॉ.) संजय कुमार ने विजेता विद्यार्थियों, प्रतिभागियों एवं मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है।

अनुराग ने किया निर्माणाधीन बैलग-तत्ताहर सड़क का निरीक्षण

गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश; भरेड़ी बाजार में स्थानीय लोगों ने किया स्वागत, सुनी जनसमस्याएं

अनंत ज्ञान



भोरंज। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन बैलग-तत्ताहर सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने सड़क निर्माण से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा। अनुराग ने लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों से बातचीत कर उनके समाधान के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय लोगों की सुविधाओं और समस्याओं का विशेष ध्यान रखा जाए तथा उनकी जायज मांगों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। इसके बाद भरेड़ी बाजार में स्थानीय लोगों ने अनुराग ठाकुर का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर समाधान की दिशा में पहल की। उन्होंने लोगों को समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया। सांसद अनुराग ने भोरंज विधानसभा में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन बस्सी-सरकाघाट सड़क व इसी सड़क पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना III के अंतर्गत चैथ खड्ड, लिंडी खड्ड व सीर खड्ड पर निर्माणाधीन पुल जिसकी कुल लागत लगभग 9 करोड़ रुपए है, इन सभी का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर निर्माण कार्य की समीक्षा की व निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत अनुराग जिला बिलासपुर में निर्धारित कार्यक्रमों के लिए रवाना हो गए। उपाध्यक्ष पंचायत समिति भोरंज कुलदीप शर्मा व जिला परिषद अध्यक्ष अनिता शर्मा और भिभिन पंचायत से आये हुए प्रधान उनके आगमन पर क्षेत्रवासियों एवं उपस्थित लोगों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विषयों, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। अनुराग ने सभी से आत्मीयता से मुलाकात की और क्षेत्र के लोगों की बातों को सुना। उनका आगमन सभी के लिए उत्साह एवं प्रसन्नता का विषय रहा। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने उनका आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा जताई।

उपायुक्त ने लंबलू, महल और भुक्कड़ स्कूल का किया निरीक्षण



अनंत ज्ञान

हमीरपुर। उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महल, लंबलू और भुक्कड़ का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और पढ़ाई से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों से शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों के प्रदर्शन तथा स्कूलों में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उनकी पढ़ाई और स्कूल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जाना। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल परिसरों में संचालित प्री-प्राइमरी कक्षाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों का भी जायजा लिया।

उन्होंने वहां बच्चों के लिए उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उपायुक्त ने प्रधानाचार्यों को स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार करने तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने पर भी जोर दिया।

भरेड़ी में उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेला आज

अनंत ज्ञान, भोरंज। रेडक्रॉस सोसाइटी की उपमंडलीय इकाई की ओर से 27 नवंबर को भरेड़ी के खेल मैदान में उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सहयोग से होने वाले इस मेले की तैयारियां प्रशासन और विभिन्न विभागों ने शुरू कर दी हैं। तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा ने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर मेले की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि मेले में स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। मेले में युवक मंडलों, महिला मंडलों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। स्वयंसेवी संस्थाओं और वीनस फाउंडेशन का भी विशेष योगदान रहेगा। बैठक में सीडीपीओ सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

पेंशनरों की बकाया ग्रेच्युटी और लीव-एनकैशमेंट का जल्द हो भुगतान : केसी गौतम

20 को मुख्यमंत्री से मिलेगा हिम आंचल पेंशनर्स संघ का प्रतिनिधिमंडल

अनंत ज्ञान



बड़सर। हिम आंचल पेंशनर्स संघ की बिझड़ी खंड इकाई की मासिक बैठक मंगलवार को मानव सेवा सदन, बिझड़ी में खंड प्रधान नरेंद्र सिंह बन्याल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन खंड महासचिव राज कुमार चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने सदस्यों को बैठक के एजेंडे और खंड में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में वरिष्ठ सदस्य तारा चंद वर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। सरकार द्वारा 5 प्रतिशत महंगाई राहत की किस्त जारी करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया गया। साथ ही श्रेणी प्रथम, द्वितीय और तृतीय के पेंशनरों की लंबित ग्रेच्युटी और लीव-एनकैशमेंट का शीघ्र भुगतान करने की मांग उठाई गई। प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम ने कहा कि संघ पेंशनरों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र और वित्तीय समस्याओं को लेकर 24 अक्टूबर को निदेशक कोषागार एवं विशेष सचिव वित्त से चर्चा की गई थी। उन्होंने चिकित्सा बिलों के भुगतान के लिए जल्द बजट जारी करने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि 20 नवंबर को संघ का प्रतिनिधिमंडल धर्मशाला में मुख्यमंत्री से पेंशनरों की मांगों पर चर्चा करेगा। उन्होंने पेंशनरों से अपील की कि जिन सदस्यों ने अभी तक जीवित प्रमाण पत्र जमा नहीं करवाए हैं, वे जल्द प्रस्तुत करें, अन्यथा इस माह उनकी पेंशन रुक सकती है। बैठक में जिला एवं खंड के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे।

उचित मूल्य की 9 दुकानों के लिए 17 दिसंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

अनंत ज्ञान, हमीरपुर। जिले के विभिन्न विकास खंडों में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की 9 नई दुकानें खोली जाएंगी। इसके लिए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने इच्छुक व्यक्तियों और संस्थाओं से 17 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। दुकानें धैल, सुनवीं ब्राह्मणा, अप्पर पथल्यार, कोटला, जटुआ, बल्यूट, जड़ोह, धमरोल और पलपल गांव में आवंटित की जाएंगी। जिला नियंत्रक आंचल कुमारी ने बताया कि इच्छुक आवेदक विभागीय पोर्टल emerginghimachal.hp.gov.in पर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं होंगे। आवंटन में पंचायतों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी सभाओं और महिला समूहों को पहली प्राथमिकता मिलेगी। इसके बाद विधवा, एकल नारी, सक्षम दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक और बेरोजगार व्यक्ति पात्र होंगे। आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक और आयु 18 से 45 वर्ष होनी चाहिए। अधूरे दस्तावेजों वाले आवेदन रद्द कर दिए जाएंगे।

पैरा खेल प्रतियोगिता में पहचान विशेष स्कूल के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

छह खिलाड़ियों ने पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बनाई जगह

अनंत ज्ञान



विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर। दसवीं राज्य स्तरीय हिमाचल प्रदेश पैरा खेल प्रतियोगिता के तहत हमीरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय चयन परीक्षा में पहचान विशेष विद्यालय के विशेष बच्चों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पहचान विशेष विद्यालय के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता में टी सैंतीस श्रेणी की चार सौ मीटर दौड़ में आदित्य शर्मा ने स्वर्ण पदक तथा हर्ष ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं टी बीस कनिष्ठ श्रेणी की चार सौ मीटर दौड़ में रोनित ने स्वर्ण, सनथ ने रजत तथा अक्षय ने कांस्य पदक जीता। इसके अतिरिक्त टी बीस श्रेणी की चार सौ मीटर दौड़ में सुपर्व ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास और मेहनत के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि से पहचान विशेष विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय की संस्थापक एवं प्रधानाचार्य चेतना शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन, आत्मविश्वास और शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने खिलाड़ियों के साथ-साथ उन्हें प्रशिक्षण देने वाले शिक्षकों की भी सराहना की। साथ ही हिमाचल प्रदेश पैरा खेल हमीरपुर के पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने हिमाचल प्रदेश पैरा खेल के सचिव ललित ठाकुर का विशेष आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ललित ठाकुर के निरंतर प्रयासों, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से विशेष बच्चे न केवल राज्य स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं

न्यूज ब्रीफ

जेएनजीईसी की डॉ. मधु शर्मा को मिला राष्ट्रीय सम्मान



अनंत ज्ञान, सुंदरनगर। जवाहरलाल नेहरू राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय (जेएनजीईसी) सुंदरनगर की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मधु शर्मा को 'आउटस्टैंडिंग यंग कंक्रीट टेक्नोलॉजिस्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। इंडियन कंक्रीट इंस्टीट्यूट के हिमाचल प्रदेश सेंटर ने आईसीआई कॉन्क्रीट डे स्ट्रक्चर अवार्ड्स 2025-26 के तहत शिमला में आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। यह पुरस्कार कंक्रीट टेक्नोलॉजी और सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया। महाविद्यालय के निदेशक-सह-प्राचार्य प्रो. डॉ. राजीव खंडूजा ने डॉ. मधु शर्मा को बधाई देते हुए इसे संस्थान के लिए गर्व की उपलब्धि बताया। उनकी सफलता से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है।

20 से बंद होंगे शिकारी माता मंदिर के कपाट : संजीत शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। शिकारी माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) थुनाग संजीत शर्मा ने मंगलवार को बताया कि आम नागरिकों, पर्यटकों, ट्रैकर्ज व श्रद्धालुओं के आगमन के लिए शिकारी माता मंदिर के कपाट 20 नवंबर से आगामी आदेशों तक पूर्णतया बंद रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिकारी माता की पहाड़ियों में शीत ऋतु में भारी बर्फबारी होती है, जिस कारण आम जन व श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मंदिर के कपाट दर्शन के लिए पूर्णतया बंद किए जाते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि इस अवधि में कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से शिकारी माता मंदिर व ऊंचाई वाले स्थानों की तरफ जाने का प्रयास न करें। यदि कोई भी पर्यटक, ट्रैकर्ज या स्थानीय निवासी मंदिर की ओर जाने का प्रयास करता है या उक्त आदेशों की अवहेलना करता है तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा सकती है।

दिन-रात लड़ाकू विमानों की गर्जना से गूंजा आसमान

अनंत ज्ञान, महेंद्र सिंह राणा, भौर। सोमवार को दिन और रात आसमान में लड़ाकू विमानों की तेज गर्जना से क्षेत्र के लोग हैरान रह गए। दिन के समय अचानक विमानों की तेज आवाजें सुनाई देने लगीं। आवाज इतनी तीव्र थी कि बच्चे और बड़े घरों से बाहर निकलकर आसमान की ओर देखने लगे। रात करीब 9:30 बजे एक बार फिर आसमान विमानों की गर्जना से गूंज उठा।

◆आवाज सुनकर घरों से बाहर निकले लोग, चीन सीमा से नजदीकी को लेकर लगाते रहे कयास

काफी देर तक आवाजें सुनाई देती रहीं। इसके बाद लोगों के बीच विमानों की उड़ान के कारणों को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं। स्थानीय निवासी हीमा देवी ने बताया कि दिन के समय विमानों की तेज आवाज सुनाई दी और रात को भी काफी देर तक गर्जना होती रही। अचानक दिन और रात विमानों की आवाजें सुनकर लोग हैरान रह गए। कुछ लोग इसे सैन्य अभ्यास का हिस्सा मानते रहे, जबकि कुछ ने चीन सीमा से हिमाचल की नजदीकी को देखते हुए संभावित सैन्य गतिविधियों के कयास लगाए। विमानों की आवाजों ने लोगों को सर्जिकल स्ट्राइक और पूर्व में भारत-चीन के बीच हुए सीमा विवाद की घटनाओं की भी याद दिला दी। हालांकि, विमानों की उड़ान के वास्तविक कारण को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

मंडी में राष्ट्रीय लोक अदालत 12 दिसंबर को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के तत्वावधान में 12 दिसंबर को जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडी के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विवेक कायस्थ ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। इस लोक अदालत में भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, पेंशन, क्षतिपूर्ति, बैंक वसूली, बिजली और दूरसंचार बिल, आवास विवाद, उपभोक्ता शिकायत, मोटर वाहन चालान और मकान किराया विवादों से जुड़े मामले रखे जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाता है। इसमें न्यायालय शुल्क नहीं लगता और फैसले के खिलाफ अपील भी नहीं होती।

वाहन पासिंग एवं ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की तिथियों में बदलाव

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय की ओर से निर्धारित वाहन पासिंग/फिटनेस निरीक्षण एवं ड्राइविंग लाइसेंस की तिथियों में बदलाव किया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नवीन कुमार ने मंगलवार को बताया कि आरटीओ मंडी के तहत पूर्व में 26 नवंबर को निर्धारित वाहन पासिंग एवं फिटनेस निरीक्षण की तिथि में बदलाव कर अब इसे 30 नवंबर कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त आरएलए बालीचौकी के तहत पूर्व में 30 नवंबर को निर्धारित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है।

पौड़ाकोठी में सात दिवसीय एन एस एस शिविर शुरू



अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पौड़ाकोठी में सात दिवसीय एन एस एस शिविर मंगलवार को विधिवत रूप से शुरू हो गया। बतौर मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान नीलम कुमार पधारे वहीं हुक्म चंद ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना से किया गया। विद्यालय के स्वयंसेवियों व अन्य छात्र -छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां पेश की गई, जो उपस्थित सभी ने सराही।इस अवसर पर विद्यालय में तैनात एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी राजेश भारती ने एनएसएस के संदर्भ में अपने विचार रखे।इसके साथ ही सहायक कार्यक्रम अधिकारी उषा ज्योति ने भी एन एस एस संबंधी जानकारी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश शर्मा ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा तमाम के बीच कार्यक्रम को सफल बनाने वाले विद्यासागर राव, अरविंद, कपिल,अंशुल,मांगलु राम,संजय शास्त्री, वंदना व जयललिता को भी सर आंखों पर बिठाया।

एसपीयू के प्रो. लखवीर सिंह को मिला अंतरराष्ट्रीय फेलोशिप सम्मान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। सरदार पटेल विश्वविद्यालय (एसपीयू) मंडी के रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं डीन प्रो. डॉ. लखवीर सिंह को तुर्किये की वैज्ञानिक अनुसंधान संस्था टीयूबीआईटीएके ने प्रतिष्ठित 2221 विजिटिंग साइंटिस्ट फेलोशिप प्रदान की है। इसके तहत वह इस्तांबुल की बिरूनी यूनिवर्सिटी में हरित हाइड्रोजन और स्वच्छ ईंधन उत्पादन पर उन्नत शोध करेंगे। सोलन जिले के खिल्लियां गांव के निवासी डॉ. सिंह का शोध जैविक अपशिष्ट और



अपशिष्ट जल से हाइड्रोजन उत्पादन तथा उन्नत उत्प्रेरकों के विकास पर केंद्रित है। उनका नाम स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और एल्सेवियर की विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में भी शामिल हो चुका है। उनके नाम 130 से अधिक शोध पत्र, 30 से अधिक पुस्तकें, 15 पुस्तक अध्याय और चार पेटेंट हैं। उनके शोध को 10 हजार से अधिक साइटेशन मिले हैं तथा उनका एच-इंडेक्स 57 है। एसपीयू के कुलपति प्रो. ललित अवस्थी ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि इससे विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान मजबूत होगी। डॉ. सिंह ने कहा कि बिरूनी यूनिवर्सिटी में प्राप्त अनुभव का उपयोग एसपीयू में शोध गतिविधियों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में करेंगे। कुलसचिव शशि पाल नेगी ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं।

460 पशु सहायक नियमितीकरण की आस में, सरकार के जवाब का इंतजार

तीन साल का अनुबंध पूरा, फिर भी नहीं मिली नियमित नियुक्ति

अनंत ज्ञान

रितेश चौहान, सरकाघाट। हिमाचल प्रदेश के पशुपालन विभाग में ग्राम पंचायतों के माध्यम से नियुक्त करीब 460 पशु सहायक लंबे समय से नियमित होने की राह देख रहे हैं। वर्षों तक विभाग में सेवाएं देने के बावजूद इन कर्मचारियों को अब तक नियमित नियुक्ति का लाभ नहीं मिल पाया है। कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार से जल्द इस मामले में फैसला लेने और उन्हें नियमित करने की मांग उठाई है।

ग्राम पंचायत पशु सहायक संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि इन कर्मचारियों ने लंबे समय तक ग्रामीण स्तर पर पशुपालन विभाग की योजनाओं और पशु चिकित्सा संबंधी कार्यों में अपनी सेवाएं दी हैं। इसके बावजूद उनका भविष्य अब भी अस्थिर बना हुआ है। संघ के प्रधान नित्यानंद, सचिव ललित कुमार, उपप्रधान ओमप्रकाश, प्रेस सचिव दिव्या राही सहित जीवन कुमार, मीरा देवी, निशा, रेखा, कमलेश, राकेश, दीपा, मुकेश और गौरव ने बताया कि वर्ष 2015 से 2017 बैच के 143 पशु सहायकों को जून 2018 में पशुपालन विभाग में सेवाएं देने का अवसर मिला था।

इन कर्मचारियों ने पहले पांच साल तक सेवाएं दीं, जिसके बाद उन्हें अनुबंध आधार पर रखा गया। अब अनुबंध की तीन साल की अवधि भी पूरी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद नियमित नियुक्ति नहीं मिल पाई है। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से विभाग की जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, ऐसे में उन्हें नियमित करने को लेकर सरकार को जल्द सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

मानदेय को लेकर भी नाराजगी

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें 12,910 रुपए मासिक मानदेय दिया जा रहा है, जबकि अनुबंध के तहत निर्धारित मानदेय 17,000 रुपए है। कर्मचारियों का कहना है कि निर्धारित मानदेय के मुकाबले कम राशि मिलने से उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से सेवाएं देने के बावजूद वे नियमित कर्मचारियों जैसी सुविधाओं और सुरक्षा से वंचित हैं।

सरकार को भेजा है मामला : निदेशक डॉ. मुंशी कपूर

पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. मुंशी कपूर ने बताया कि ग्राम पंचायतों के माध्यम से रखे गए पशु सहायकों को नियमित करने और नियुक्ति देने का मामला प्रदेश सरकार को भेजा गया है। फिलहाल सरकार की ओर से इस संबंध में कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि विभाग में जहां भी नियमित पद खाली हो रहे हैं, वहां इन कर्मचारियों को नियुक्तियां दी जा रही हैं, ताकि विभाग का कामकाज प्रभावित न हो और सेवाएं सुचारू रूप से जारी रहें।

फैसले के इंतजार में कर्मचारी

करीब 460 पशु सहायकों का भविष्य अब प्रदेश सरकार के निर्णय पर निर्भर है। कर्मचारी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि सरकार उनकी वर्षों की सेवाओं और लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए जल्द नियमितीकरण को लेकर फैसला लेगी। संघ का कहना है कि लंबे समय से सेवाएं देने वाले कर्मचारियों को उनका हक मिलना चाहिए, ताकि उन्हें भी नौकरी की स्थिरता और भविष्य की सुरक्षा मिल सके।

गोशाला में आग से प्रभावित परिवार को विधायक दलीप ठाकुर ने पहुंचाई फौरी राहत



अनंत ज्ञान

सरकाघाट। खलारड़ू पंचायत के सूरजपुर बाड़ी गांव में रणजीत सिंह पुत्र सीताराम की गौशाला में अचानक आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। आगजनी की इस घटना से प्रभावित परिवार को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

घटना की सूचना मिलते ही सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए प्रभावित परिवार की मदद के लिए कदम उठाए। विधायक इन दिनों शीतकालीन विधानसभा सत्र में व्यस्त हैं, इसके बावजूद उन्होंने सरकाघाट मंडल महामंत्री के माध्यम से पीड़ित परिवार तक फौरी राहत पहुंचाई।

विधायक दलीप ठाकुर ने प्रभावित परिवार के प्रति संवेदना

◆विधानसभा सत्र में व्यस्त होने के बावजूद विधायक ने लिया घटना का संज्ञान

व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि इस कठिन समय में उनकी हरसंभव सहायता के लिए प्रयास किए जाएंगे। वहीं, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी परिवार के प्रति सहानुभूति जताई और प्रशासन से आगजनी में हुए नुकसान का उचित आकलन कर नियमानुसार राहत प्रदान करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर ग्राम केंद्र अध्यक्ष पवन, आईटी सह-संयोजक हितेंद्र कुमार, वरिष्ठ कार्यकर्ता बलबीर सिंह गुलेरिया, विजय गुलेरिया, निर्मला देवी, बूथ आईटी प्रमुख विनोद कुमार और शशिकांत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेरी मंच पर 25 क्विंटल संतरे की सीधी बिक्री

एचपी शिवा परियोजना की पहल, बागवानों को मिला 50 रुपए किलो दाम

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, मंडी। एचपी शिवा परियोजना के तहत उद्यान विभाग मंडी ने बागवानों को सीधा बाजार उपलब्ध करवाने की पहल की है। इसके तहत मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर किसानों के उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं को बेचने की व्यवस्था की गई है। इस पहल के तहत छुईघाट क्लस्टर से लाए गए करीब 25 क्विंटल मीठे संतरे हाथोंहाथ बिक गए।

विक्रय केंद्र पर संतरे की ब्लड रेड और जाफा किस्में उपलब्ध करवाई गईं। किसानों को इनका 50 रुपये प्रति किलोग्राम सीधा मूल्य मिला। इससे बागवानों को बिचौलियों से मुक्ति और उपभोक्ताओं को ताजे फल उपलब्ध करवाने का अवसर मिला है। उद्यान विभाग मंडी के उपनिदेशक एवं एचपी शिवा विपणन समिति के अध्यक्ष डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि जिले में परियोजना के तहत 996 हेक्टेयर क्षेत्र में 96 क्लस्टर स्थापित किए गए हैं। इनमें तैयार फलों की फसल अब बाजार में पहुंच रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्लम, अमरूद और संतरे की बिक्री रिलायंस, गो-फॉर-फ्रेश, जेप्टो और ऑरेंज वैली जैसी कंपनियों के साथ लुधियाना और चंडीगढ़ की मंडियों में भी की गई है। विभाग अब फार्म-टू-कंज्यूमर मॉडल को बढ़ावा दे रहा है, ताकि किसानों को बेहतर दाम और उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर फल मिल सकें।

मंडी-दुर्गापुर रूट पर शाम की बस बंद, लोग परेशान

अनंत ज्ञान, मंडी। मंडी से ननावा, पतरौण होते हुए दुर्गापुर जाने वाली एचआरटीसी की शाम 4:50 बजे की बस सेवा पिछले कई महीनों से बंद होने के कारण ग्रामीण परेशान हैं। इससे कोठी गैहरी, ननावा, पतरौण और दुर्गापुर सहित आसपास की पंचायतों के विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और अन्य यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मारुति युवा मंडल कोठी गैहरी के प्रधान सचिन सकलानी और क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस बस में निगम को अच्छी आय होती थी, इसके बावजूद सेवा बंद कर दी गई। अब शाम 5:30 बजे एक ही बस उपलब्ध होने से उसमें भारी भीड़ रहती है और यात्रियों को खड़े होने तक की जगह नहीं मिलती। इससे महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को विशेष परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने एचआरटीसी प्रबंधन से शाम 4:50 बजे की बस सेवा जल्द बहाल करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर प्रशासन के समक्ष विरोध दर्ज करवाया जाएगा।

युवा वार्ड पंच की पहल से गांव में बना महिला मंडल

धार में शिव शक्ति महिला मंडल गठित, भीमा देवी को प्रधान की जिम्मेदारी

अनंत ज्ञान



मनोज ठाकुर, मुरारी देवी। ग्राम पंचायत नालग के गांव धार में महिलाओं का लंबे समय से देखा जा रहा सपना साकार हुआ। युवा वार्ड पंच प्रीतम ठाकुर की पहल से गांव में शिव शक्ति महिला मंडल का गठन किया गया। इस दौरान नई कार्यकारिणी गठित कर महिलाओं को विभिन्न पदों की जिम्मेदारी सौंपी गई। गठन के दौरान भीमा देवी को प्रधान और शीतला देवी को उपप्रधान चुना गया। वहीं, सीता देवी को सचिव, शीतल कुमारी को सहसचिव तथा नैना देवी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इसके अलावा अरिता देवी को सलाहकार और सुनीता देवी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। महिला मंडल की सदस्यों ने बताया कि गांव में महिला मंडल बनाने के प्रयास लंबे समय से किए जा रहे थे, लेकिन किन्हीं कारणों से यह संभव नहीं हो पा रहा था।

युवा वार्ड पंच प्रीतम ठाकुर के प्रयासों से अब यह सपना साकार हुआ है। महिला मंडल के गठन से गांव की महिलाओं को सामाजिक और सामूहिक गतिविधियों के लिए साझा मंच मिला है। इसके माध्यम से महिलाएं गांव के विकास, स्वच्छता, सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगी। नवगठित महिला मंडल की सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे एकजुट होकर गांव के विकास और सामाजिक गतिविधियों में योगदान देंगी।

मंडी में गैर पंजीकृत दुग्ध सभाओं का पंजीकरण पूरा : उपायुक्त



अनंत ज्ञान

ब्यूरो, मंडी। उपायुक्त अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें सहकारी सभाओं के विकास और विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि मंडी जिला में गैर पंजीकृत दुग्ध सहकारी सभाओं के पंजीकरण का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। जिला में 248 प्राथमिक कृषि सहकारी, 455 डेयरी और छह मत्स्य सहकारी सभाएं पंजीकृत हैं।

सहकारी सभाओं के कंप्यूटरीकरण के तहत पहले चरण की 117 और दूसरे चरण की 99 पैक्स ऑन गो लाइव हो चुकी हैं। वहीं, जिला की 146 कृषि सहकारी सभाएं कॉमन सर्विस सेंटर के

◆पैक्स को गैस एजेंसी की डीलरशिप के लिए मिली पात्रता

रूप में पंजीकृत हैं, जिनमें 118 सक्रिय हैं। इनके माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की करीब 300 ऑनलाइन सेवाएं गांवों में उपलब्ध करवाई जा रही हैं। बैठक में बताया गया कि केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्रालय ने प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं को गैस एजेंसी की डीलरशिप के लिए पात्र घोषित किया है। स्थान निर्धारण की अधिसूचना जारी होते ही आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। इसके अलावा खाद्यान्न भंडारण, किसान उत्पादक संगठन, जन औषधि केंद्र और उर्वरक वितरण केंद्रों के संचालन पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने सभी कार्य समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

झुंगी स्कूल में सात दिन तक गूंजा सेवा और समर्पण का संदेश

अनंत ज्ञान, चंदन चंदेल, बग्गी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झुंगी में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर रविवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में आईपीएच विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी मोहन लाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने अनुशासन और सामूहिक सहभागिता के साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। समापन अवसर पर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

मुख्यातिथि मोहन लाल ने स्वयंसेवियों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों में अनुशासन, सामूहिक कार्य और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का बेहतर माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध होता है और उनमें सेवा भावना मजबूत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। विद्यालय परिवार ने शिविर के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।



बाल संत समागम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया प्रेम व भाईचारे का संदेश

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, मंडी। संत निरंकारी सत्संग भवन डडौर में जोनल स्तरीय बाल संत समागम आयोजित किया गया। इसमें मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति की विभिन्न शाखाओं से पहुंचे बाल संतों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समागम का उद्देश्य बच्चों में प्रेम, नम्रता, सहनशीलता, भाईचारे और सेवा भाव जैसे मानवीय गुणों का विकास करना रहा।

इस अवसर पर प्रचारक महात्मा हिमांशु शर्मा ने बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान के साथ नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मज्ञान की सार्थकता तभी है, जब इसे अपने आचरण और व्यवहार में उतारा जाए। प्रेम, विनम्रता और सेवा भाव आदर्श जीवन की नींव हैं।

समागम में विभिन्न शाखाओं से आए बच्चों ने गीतों और लघु नाटिकाओं के माध्यम से आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षाओं को प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों के जरिए सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के संदेशों को अपनाने और समाज में प्रेम, सद्भाव व मानवता का प्रसार करने की प्रेरणा दी गई।

अंत में जोनल इंचार्ज आर.के. अभिलाषी ने सभी बाल संतों, अधिकारियों और साध-संगत का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों की सहभागिता की सराहना की।

राष्ट्रीय किसान सम्मेलन में गूंजे हिमाचल के किसानों के ज्वलंत मुद्दे

अनंत ज्ञान

◆भूमिहीनों को पांच बीघा जमीन बंदरों और आवारा पशुओं की समस्या और वन संरक्षण कानून में संशोधन की उठाई मांग

सरकाघाट। तेलंगाना के नालगोंडा में आयोजित किसान सभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के किसानों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए गए। सम्मेलन में राज्य अध्यक्ष राकेश सिंघा ने कृषि के नैगमीकरण और पूंजीपतियों के हवाले करने से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रस्ताव पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

हिमाचल के प्रतिनिधिमंडल की ओर से राज्य महासचिव महेंद्र राणा और उपाध्यक्ष देवकीनंद ने प्रदेश के मुद्दे उठाते हुए गरीब एवं भूमिहीन किसानों, विशेषकर दलित परिवारों को कम से कम पांच बीघा जमीन उपलब्ध करवाने की मांग की। उन्होंने इसके लिए वन संरक्षण कानून में संशोधन और राष्ट्रीय स्तर पर कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया।

प्रतिनिधियों ने बंदरों, जंगली जानवरों और आवारा पशुओं से फसलों को हो रहे नुकसान का स्थायी समाधान निकालने तथा वन्यजीव संरक्षण कानून में बदलाव की मांग की। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण का उचित मुआवजा, जलवायु परिवर्तन से होने वाली प्राकृतिक आपदाओं में हुए नुकसान की भरपाई और हिमाचल को विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा भी उठाया।

सम्मेलन में आरडीजी ग्रांट बहाल करने, बीबीएमबी और शानन परियोजनाओं में रॉयल्टी देने, मनरेगा कानून बहाल करने, बिजली क्षेत्र का निजीकरण रोकने, किसानों के अनुदान बढ़ाने और वनाधिकार कानून लागू करने की मांग भी रखी गई। प्रतिनिधियों ने प्रदेश की जमीनों को बड़ी कंपनियों को सौंपने वाली नीतियों पर रोक लगाने तथा सभी मुद्दों पर राष्ट्रीय स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने की मांग की।

अनदेखी जगह-जगह गड्ढों से सफर जोखिम भरा, छानी मोड़ पर क्रैश बैरियर लगाने की मांग

चार साल से पैचवर्क को तरसी कलखर-भांबला सड़क, लोग परेशान

अनंत ज्ञान



रितेश चौहान, सरकाघाट। सरकाघाट कलखर-पटड़ीघाट-ढलवान-भांबला सड़क की हालत लगातार बिगड़ती जा रही है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे पड़े हुए हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग की ओर से पिछले करीब चार वर्षों से पैचवर्क तक नहीं करवाया गया है। इसके चलते रोजाना इस सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों के लिए भी सफर जोखिम भरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत को लेकर कई बार मांग उठाई जा चुकी है, लेकिन विभाग की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने कलखर से करीब 200 मीटर आगे छानी मोड़ के पास सड़क किनारे क्रैश बैरियर लगाने की भी मांग की है, ताकि दुर्घटना की आशंका को कम किया जा सके और किसी अनहोनी को टाला जा सके।

जिला परिषद सदस्य कोट वार्ड सुष्मिता शर्मा सहित स्थानीय निवासी अमृत शर्मा, श्याम लाल, दीपक, रवींद्र कुमार और चुनी लाल ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जल्द पैचवर्क करवाया जाए। साथ ही दुर्घटना संभावित स्थानों पर क्रैश बैरियर लगाए जाएं।

उन्होंने विभाग से सवाल उठाया कि आखिर चार वर्षों से सड़क की मरम्मत क्यों नहीं करवाई गई। लोगों ने मांग की है कि विभाग बिना देरी किए सड़क की सुध ले, ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

क्या कहते हैं अधिषासी अभियंता

इस बारे में अधिषासी अभियंता सरकाघाट भूपेंद्र पाल ने बताया कि इस मौसम में पैचवर्क का कार्य नही किया जा सकता, परंतु खड़े को ठीक किया जाएगा और मौसम खुलने के बाद पैचवर्क का कार्य कर दिया जाएगा व छानी मोड़ के पास कैश वैरियर लगा दिया जाएगा ।

ज्ञान प्राप्ति का एक ही मार्ग है जिसका नाम है, एकाग्रता। शिक्षा का सार है, मन को एकाग्र करना, तथ्यों का संग्रह करना नहीं।

-श्री मां

संपादकीय

एक खराबी, करोड़ों प्रभावित

माइक्रोसॉफ्ट की सेवाओं में हालिया तकनीकी खराबी ने दुनिया भर में डिजिटल व्यवस्था की निर्भरता और उसकी कमजोरियों को उजागर कर दिया है। भारत समेत 74 देशों में करोड़ों लोगों को इस आउटेज के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। माइक्रोसॉफ्ट 365, आउटलुक, टीम्स और कोपायलट जैसी लोकप्रिय सेवाएं ठप होने से केवल व्यक्तिगत उपयोगकर्ता ही प्रभावित नहीं हुए, बल्कि एयरलाइंस, अस्पताल, बैंक, सरकारी कार्यालय और अदालतों का कामकाज भी बाधित हुआ। करीब 16 घंटे से अधिक समय तक सेवाओं में रुकावट बनी रही। ब्रिटेन के कुछ अस्पतालों को नियमित अपाइंटमेंट रद करने पड़े और कागजी व्यवस्था पर लौटना पड़ा, क्योंकि मरीजों का कार्यक्रम आउटलुक पर निर्भर था। डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन से जुड़े अनुरोध नहीं देख पा रहे थे। पुलिस को ऑनलाइन शिकायत प्रपत्र बंद होने के कारण लोगों से फोन पर अपराध की सूचना देने की अपील करनी पड़ी। जापान में अधिकारियों ने काम जारी रखने के लिए दस्तावेजों का प्रिंट निकालकर इस्तेमाल किया। अमेरिका के कोलोराडो में जमानत भुगतान की प्रक्रिया भी प्रभावित हुई। भारत में विमान कंपनियों ने यात्रियों को ईमेल सहायता सेवा में परेशानी की जानकारी दी, जबकि एक दूरसंचार कंपनी के कॉल सेंटर पर शिकायतों का दबाव बढ़ गया। कुछ कारोबारियों को सौदों की पुष्टि फोन और फैक्स के माध्यम से करनी पड़ी।

माइक्रोसॉफ्ट के अनुसार, नेटवर्क की क्षमता बढ़ाने के लिए किए गए तकनीकी उन्नयन के कारण यह समस्या पैदा हुई। कंपनी ने साफ किया कि इस घटना के पीछे न तो किसी हैकर का हाथ था और न ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ की भूमिका थी। यही बात इस घटना को अधिक गंभीर बनाती है। आमतौर पर बड़ी डिजिटल व्यवस्थाओं पर साइबर हमलों का खतरा माना जाता है। शत्रु देश और आपराधिक समूह ऐसी व्यवस्थाओं को नुकसान पहुंचाने के लिए लंबे समय तक योजनाएं बनाते हैं और भारी संसाधन खर्च करते हैं। इसके बावजूद कई प्रयास सफल नहीं हो पाते। लेकिन इस बार किसी बाहरी हमले की जरूरत नहीं पड़ी। नियमित रखरखाव और नेटवर्क में किए गए एक बदलाव ने ही व्यापक अव्यवस्था पैदा कर दी। इसके अगले दिन नेटवर्क की एक अन्य खराबी के कारण अमेरिका में हजारों उड़ानें चार घंटे से अधिक समय तक प्रभावित रहीं। इन घटनाओं से स्पष्ट है कि आधुनिक डिजिटल ढांचे के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल बाहरी हमले नहीं, बल्कि आंतरिक तकनीकी खामियां और संचालन संबंधी गलतियां भी हैं।

इस आउटेज ने यह भी दिखाया कि डिजिटल व्यवस्थाएं कितनी परस्पर जुड़ी हुई हैं। जब कुछ सर्वर बंद हुए, तो उनका कामकाज बाकी सर्वरों पर स्थानांतरित हो गया। इससे अतिरिक्त दबाव पैदा हुआ और दूसरे सर्वर भी प्रभावित होने लगे। माइक्रोसॉफ्ट ने स्वीकार किया कि दोबारा चालू किए गए कुछ सर्वर भी ट्रैफिक लौटने पर फिर ठप हो गए। शुरुआती सुधार प्रभावी साबित नहीं हुए। अंतत: इंजीनियरों को पूरी व्यवस्था धीरे-धीरे, एक-एक हिस्से की जांच करते हुए बहाल करनी पड़ी। बाहरी विशेषज्ञों ने आशंका जताई कि कोड में कोई पुरानी खामी मौजूद हो सकती थी, जो हालिया बदलाव के बाद सामने आ गई। इससे यह सवाल भी उठता है कि क्या तकनीकी कंपनियां अपने पुराने सिस्टम की जटिलताओं और संभावित जोखिमों को पर्याप्त गंभीरता से समझ रही हैं।

किसी बड़े डिजिटल सिस्टम को दोबारा खड़ा करने के लिए केवल आधुनिक तकनीक या महंगे उपकरण पर्याप्त नहीं होते। इसके लिए अनुभवी इंजीनियरों और ऐसे कर्मचारियों की जरूरत होती है, जिन्हें वर्षों से विकसित हो रही व्यवस्था की बारीकियों की जानकारी हो। वे जानते हैं कि कौन-सा सर्वर किससे जुड़ा है, किसी बदलाव का दूसरे हिस्सों पर क्या प्रभाव पड़ सकता है और संकट के समय किस तरह काम करना चाहिए। यह अनुभव न तो कुछ दिनों में भर्ती करके हासिल किया जा सकता है और न ही पूरी तरह एआइ के भरोसे छोड़ा जा सकता है।

आज की प्रमुख हस्ती

छोटे पर्दे से बड़ा मुकाम

नयनतारा भारतीय सिनेमा की प्रमुख अभिनेत्रियों और फिल्म निर्माताओं में शामिल हैं। उनका वास्तविक नाम डायना मरियम कुरियन है। उनका जन्म 18 नवंबर 1984 को हुआ था। दो दशक से अधिक लंबे फिल्मी करियर में उन्होंने तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। वह दक्षिण भारतीय सिनेमा की सबसे अधिक पारिश्रमिक पाने वाली अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। वर्ष 2018 में वह फोर्ब्स इंडिया की सेलिब्रिटी 100 सूची में जगह बनाने वाली एकमात्र दक्षिण भारतीय अभिनेत्री थीं। अब तक वह 75 से अधिक फिल्मों में काम कर चुकी हैं और अपने अभिनय के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं।



नयनतारा
जन्म : 18 नवंबर 1984

नयनतारा ने वर्ष 2003 में मलयालम फिल्म मनसिनक्करे से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद वर्ष 2005 में फिल्म अय्या से तमिल सिनेमा में और 2006 में लक्ष्मी के माध्यम से तेलुगु फिल्मों में पदार्पण किया। वर्ष 2010 में उन्होंने कन्नड़ फिल्म सुपर में भी अभिनय किया। अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम करते हुए उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। वर्ष 2011 में आई पौराणिक फिल्म श्री राम राज्यं में माता सीता की भूमिका निभाकर उन्होंने दर्शकों और समीक्षकों का ध्यान आकर्षित किया। इस फिल्म के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार और नंदी पुरस्कार मिला। इसके बाद नयनतारा ने कई सफल फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाईं। राजा रानी (2013), नानुम राउडी धान (2015) और अरम (2017) में उनके अभिनय को खूब सराहा गया। पुथिया नियमम में दमदार भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ मलयालम अभिनेत्री का फिल्मफेयर पुरस्कार मिला।



कविता

बेटियां

डॉ. उर्मिल कौंडल, टीजीटी, नॉन मेडिकल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टावा, त. बल्ह, जिला मंडी

जिसके जन्म पर नहीं बांटी जाती है मिठाई
जिसके जन्म पर घर के बड़े बुजुर्गों के चेहरों पर नहीं होती
खुशियां,वो होती हैं बेटियां....।
जो बिना सिंचे ही लंबी हो जाती हैं ताड़ सी, जो खुद ही फैला
देती हैं जड़ें पूरे परिवार में एक झाड़ सी, वो होती हैं बेटियां....।
जिसका ज्यादा हंसना,बोलना, खाना अच्छा नहीं लगता
जिसका खाना बनाना,बर्तन मांजना, कपड़े धोना,
बड़ों की डांट सुनना अच्छा लगता है, वो होती है बेटियां....।
पराई होने के बाद जो मांओं को सबसे ज्यादा याद आती हैं,
जैसे कोई सहेली बिछुड़ गई हो सुख दु:ख सुनने वाली
वो होती हैं बेटियां.....।
ससुराल जाकर भी अलग नहीं होती जिनकी जड़ें, जो लौट लौट कर आती
हैं समेटने मां का बक्सा, जो टांक जाती हैं पिता की कमीज के बटन,
वो होती है बेटियां.....। बेटे का जन्म होने पर जो मुहल्ले में जाकर सबसे
ज्यादा नाचती हैं झूमती हैं, जो अपने भाई को
मां की तरह गोद में लेकर सुलाती हैं, वो होती हैं बेटियां.....।
जो कभी नहीं चाहती बंटवारा, जो जुड़ी रहती हैं हमेशा अपनी जड़ों से
जो दो घरों की इज्जत ओढ़ लेती हैं अपने सिर और उफ तक नहीं करती
सह लेती हैं सब कुछ हंसते हंसते वो होती हैं बेटियां.....।
फिर क्यों.... ? आज के इस युग में भी बेटी के
पैदा होने पर छा जाता है मातम और बेटे के पैदा होने पर खुशियां
मनाई जाती हैं, आखिर क्यों....।
देवी का रूप, देवों का मान है बेटियां, घर को जो रौशन करे
वो चिराग होती हैं बेटियां.....। मां की छांव ,पिता का अभिमान
होती हैं बेटियां....धन दौलत नहीं सिर्फ घर का अच्छा ही चाहती हैं
वो होती हैं बेटियां.....।

सांसारिक रिश्तों से परे परमात्मा का अटूट सहारा



डॉ पी सी कौंडल
वरिष्ठ साहित्यकार
जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इस संसार में मनुष्य अनेक रिश्तों से जुड़ा होता है। जन्म लेते ही सबसे पहले उसे माता-पिता का स्नेह मिलता है। धीरे-धीरे परिवार, भाई-बहन, मित्र और अन्य रिश्तेदार उसके जीवन का हिस्सा बन जाते हैं। समय के साथ जीवन की परिस्थितियां बदलती रहती हैं और रिश्तों की प्राथमिकताएं भी बदल जाती हैं। बचपन में माता-पिता सबसे प्रिय होते हैं, युवावस्था में मित्रों और जीवनसाथी का महत्व बढ़ जाता है तथा आगे चलकर संतान जीवन का केंद्र बन जाती है। यही संसार की स्वाभाविक व्यवस्था है। किंतु इन सभी रिश्तों के बीच एक ऐसा संबंध भी है, जो कभी समाप्त नहीं होता और जो हर परिस्थिति में हमारे साथ रहता है। वह संबंध परमात्मा का है, जो हमारा सबसे प्रिय, सबसे सच्चा और सबसे बड़ा हमदर्द है।

मां का प्रेम संसार का सबसे पवित्र प्रेम माना जाता है। मां केवल बच्चे को जन्म ही नहीं देती, बल्कि उसके पालन-पोषण, सुरक्षा और संस्कारों के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर देती है। वह हर क्षण इस चिंता में रहती है कि उसके बच्चे को कोई कष्ट न पहुंचे। माता-पिता अपने बच्चों के सुख के लिए अनेक त्याग करते हैं, लेकिन समय के परिवर्तन के साथ कई बार वही संतान अपने वृद्ध माता-पिता की उपेक्षा करने लगती है। यह जीवन का एक कटु सत्य है कि सांसारिक रिश्ते समय और परिस्थितियों के अनुसार बदल सकते हैं। अंतत: प्रत्येक व्यक्ति को एक दिन सबका साथ छोड़कर इस संसार से विदा होना पड़ता है।

जब जीवन में दुख, संकट और अकेलापन आता है, तब मनुष्य को परमात्मा की याद आती है। वास्तव में वही एक ऐसा सहारा है, जो प्रत्यक्ष दिखाई न देने पर भी हर पल हमारे साथ रहता है। वह हमारे मन की पुकार सुनता है और उचित समय पर हमारी सहायता भी करता है। दुर्भाग्य यह है कि जिस परमात्मा ने हमें जीवन दिया, उसी से मिलने और उसे जानने का प्रयास हम बहुत कम करते हैं। हम संसार की अस्थायी वस्तुओं में इतना उलझ जाते हैं कि अपने वास्तविक लक्ष्य को भूल जाते हैं।

मानव जीवन का उद्देश्य केवल धन, संपत्ति और सांसारिक सुख-सुविधाएं प्राप्त करना नहीं है। इस जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य परमात्मा की भक्ति करना और उससे मिलाप का मार्ग खोजना है। हम जानते हैं कि जो जन्म लेता है, उसका एक दिन अंत भी निश्चित है। इसके बावजूद मनुष्य स्वयं को अमर मानकर भविष्य की लंबी-लंबी योजनाएं बनाता रहता है। उसे



यह नहीं मालूम कि मृत्यु कब और किस रूप में सामने आ जाए। हम यह भी नहीं जानते कि हम कहां से आए हैं, इस संसार में हमारा वास्तविक कार्य क्या है और अंत में हमें कहां जाना है। जब मंजिल का ही ज्ञान न हो तो जीवन की यात्रा दिशाहीन हो जाती है।

इन्हीं विचारों से यह प्रश्न उठता है कि जिसने हमें इस संसार में भेजा है, वह कहां है और हमें दिखाई क्यों नहीं देता। धर्मग्रंथों का उत्तर स्पष्ट है कि परमात्मा सर्वव्यापी है। वह प्रत्येक जीव और प्रत्येक कण में विद्यमान है, लेकिन उसे देखने के लिए बाहरी आंखों से अधिक अंत:करण की निर्मलता आवश्यक है। गोस्वामी तुलसीदास ने *रामचरितमानस* में लिखा है— *'हरि व्यापक सर्वत्र समाना, प्रेम ते प्रकट होहिं मैं जाना।' * अर्थात परमात्मा हर स्थान पर विद्यमान है, किंतु वह प्रेम और भक्ति के माध्यम से ही अनुभव होता है। जब हृदय में सच्चा प्रेम, अटूट विश्वास और निष्कपट आस्था जागती है, तभी परमात्मा का साक्षात्कार संभव होता है।

रामचरितमानस में ही एक अन्य स्थान पर कहा गया है— *'मिले न रघुपति बिन अनुराग, किए योग तप ज्ञान विराग।' * इसका आशय है कि केवल योग, तप, ज्ञान या वैराग्य से परमात्मा की प्राप्ति नहीं होती, बल्कि उसके लिए सच्चा प्रेम और समर्पण आवश्यक है। यही प्रेम भक्ति का मूल आधार है और यही आत्मा को परमात्मा से जोड़ने वाला सेतु बनता है।

भक्ति का सर्वोत्तम उदाहरण संत मीरा बाई का जीवन है। उन्होंने सांसारिक वैभव का त्याग कर अपने आराध्य श्रीकृष्ण को ही अपना सर्वस्व माना। उनके पदों में परमात्मा के प्रति अगाध प्रेम और विरह की पीड़ा स्पष्ट दिखाई देती है। *'मैं तो गिरिधर के घर जाऊं, गिरिधर म्हारो सांचो प्रीतम' * जैसे पद उनके पूर्ण समर्पण का प्रमाण हैं। मीरा दिन-रात प्रभु के दर्शन की प्रतीक्षा करती थीं और उनका संपूर्ण जीवन ईश्वर प्रेम का संदेश बन गया।

संत कबीरदास ने भी मनुष्य जीवन की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा है— *'इस देह को तरसे देव, सो देह भज हरि की सेव।' * अर्थात देवता भी मनुष्य शरीर प्राप्त करने की कामना करते हैं, क्योंकि इसी शरीर में परमात्मा की भक्ति करके जीवात्मा अपने परम लक्ष्य को प्राप्त कर सकती है। मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसका सर्वोत्तम उपयोग ईश्वर की भक्ति, सत्कर्म, सेवा और आत्मकल्याण में ही है।

अत: यह समझना आवश्यक है कि संसार के सभी संबंध अपने स्थान पर महत्वपूर्ण हैं, लेकिन वे नश्वर हैं। केवल परमात्मा का संबंध ही शाश्वत, अटूट और अमर है। यदि हम अपने जीवन में प्रेम, आस्था, विश्वास और भक्ति को स्थान दें, तो वही परमात्मा हमारे जीवन का सच्चा साथी, मार्गदर्शक और हमदर्द बन जाता है। उसी की शरण में मनुष्य को वास्तविक शांति, सच्चा आनंद और जन्म-मरण के बंधन से मुक्ति का मार्ग प्राप्त होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

उंगलियों में सिमटी दुनिया, रिश्तों में बढ़ती दूरियां



आनंद स्वरूप धीमान
सेवानिवृत्त कोषाधिकारी, पंचरुखी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वर्तमान समय को यदि सोशल मीडिया का युग कहा जाए तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। जिस प्रकार पहले विज्ञान के संदर्भ में यह कहा जाता था कि 'विज्ञान वरदान भी है और अभिशाप भी', उसी प्रकार आज यही बात सोशल मीडिया पर भी पूरी तरह लागू होती है। सोशल मीडिया ने दुनिया को जोड़ने, सूचना के आदान-प्रदान और ज्ञान के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन इसके बढ़ते दुष्प्रभावों ने इसे कई मायनों में अभिशाप का रूप भी दे दिया है।

आज अधिकांश लोग व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब और एक्स (पूर्व में ट्विटर) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घंटों व्यस्त रहते हैं। यह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है, बल्कि धीरे-धीरे एक ऐसी आदत बनता जा रहा है जो कई लोगों के लिए लत का रूप ले चुकी है। जब किसी भी चीज का अत्यधिक उपयोग होने लगे, तो उसके दुष्परिणाम सामने आना स्वाभाविक है। यही स्थिति आज सोशल मीडिया के साथ देखने को मिल रही है।

लगातार मोबाइल स्क्रीन पर समय बिताने से सबसे पहले इसका प्रतिकूल प्रभाव हमारी आंखों पर पड़ता है। साथ ही, लंबे समय तक एक ही मुद्रा में बैठे रहने से शरीर की संरचना और स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता है। मानसिक तनाव, अनिद्रा, एकाग्रता में कमी तथा शारीरिक निष्क्रियता जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

विशेष रूप से युवाओं और बच्चों में इसका प्रभाव अधिक दिखाई देता है। सोशल मीडिया का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव मानवीय रिश्तों पर पड़ रहा है। पहले लोग एक-दूसरे से मिलकर या फोन पर बातचीत कर अपने सुख-दु:ख साझा करते थे, लेकिन आज केवल व्हाट्सऐप संदेश भेज देना ही हालचाल पूछने का माध्यम बन गया है।



आमने-सामने बातचीत और आत्मीयता लगातार कम होती जा रही है। इसका परिणाम यह है कि पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों में दूरी बढ़ रही है तथा लोगों के बीच भावनात्मक जुड़ाव कमजोर पड़ता जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक सूचनाएं, अफवाहें और नफरत फैलाने वाली सामग्री समाज में विषैले वातावरण का निर्माण कर रही हैं। कई बार झूठी खबरें सामाजिक अशांति और तनाव का कारण बन जाती हैं। साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी पहचान, साइबर बुलिंग तथा निजी जानकारी की चोरी जैसी घटनाओं में भी लगातार वृद्धि हो रही है। यह कहना गलत नहीं होगा कि बढ़ते साइबर अपराधों में सोशल मीडिया का दुरुपयोग एक प्रमुख कारण बन चुका है।

हालांकि, सोशल मीडिया का दूसरा पक्ष भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि इसका उपयोग संयम और विवेक के साथ किया जाए, तो यह शिक्षा, व्यवसाय, रोजगार, सामाजिक जागरूकता और आपदा के समय सहायता पहुंचाने का अत्यंत प्रभावी माध्यम बन सकता है। आज अनेक विद्यार्थी ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, छोटे व्यवसाय अपने उत्पादों का प्रचार कर रहे हैं और समाजसेवी संगठन लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सोशल मीडिया का सफलतापूर्वक उपयोग कर रहे हैं।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि सोशल मीडिया स्वयं न तो पूरी तरह वरदान है और न ही पूर्णत: अभिशाप। इसका स्वरूप इस बात पर निर्भर करता है कि हम इसका उपयोग किस प्रकार करते हैं। यदि हम इसे सीमित, संतुलित और सकारात्मक उद्देश्य के लिए अपनाएं, तो यह हमारे जीवन को सरल और उपयोगी बना सकता है, लेकिन यदि इसका अंधाधुंध और अनियंत्रित उपयोग किया जाए, तो यह हमारे स्वास्थ्य, रिश्तों और सामाजिक जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग करें और वास्तविक जीवन के रिश्तों, जिम्मेदारियों तथा मानवीय मूल्यों को सदैव प्राथमिकता दें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

शादी के पवित्र बंधन में धोखाधड़ी की बढ़ती घटनाएं



प्रो. मनोज डोगरा
राजकीय महाविद्यालय
बड़सर

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारतीय संस्कृति में विवाह केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि सात जन्मों का पवित्र बंधन माना जाता है। अग्नि को साक्षी मानकर लिए गए सात फेरे विश्वास, समर्पण और जीवनभर साथ निभाने के वचन का प्रतीक हैं। लेकिन हाल के वर्षों में देश के विभिन्न राज्यों से लगातार सामने आ रही घटनाओं ने इस पवित्र रिश्ते पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। कई मामलों में नई नवेली दुल्हन शादी के कुछ ही घंटे या कुछ दिनों के भीतर घर के जेवरात, नकदी और कीमती सामान लेकर फरार हो जाती है। इससे न केवल एक परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद होता है, बल्कि विवाह जैसी सामाजिक संस्था में लोगों का भरोसा भी डगमगाने लगता है।

ऐसी घटनाएँ अब अपवाद नहीं रहीं। कई मामलों में पुलिस जांच से पता चलता है कि कुछ विवाह पहले से ही सुनियोजित धोखाधड़ी का हिस्सा थे। फर्जी पहचान, नकली दस्तावेज, बिचौलियों का नेटवर्क और झूठी पारिवारिक जानकारी के सहारे शादी कराई जाती है। जैसे ही मौका मिलता है, दुल्हन जेवरात और नकदी लेकर गायब हो जाती है। बाद में पता चलता है कि उसके पीछे पूरा गिरोह सक्रिय था, जिसने कई राज्यों में इसी तरह की वारदातों को अंजाम दिया है।

सबसे दुखद पहलू यह है कि ऐसे अपराध केवल धन की चोरी नहीं हैं, बल्कि विश्वास की भी चोरी हैं। जिस परिवार ने नई बहू का स्वागत बेटी की तरह किया, उसी परिवार को कुछ ही दिनों में पुलिस थाने और अदालतों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचती है, मानसिक तनाव अलग से झेलना पड़ता है। कई परिवार कर्ज लेकर शादी करते हैं और ऐसी घटना के बाद वर्षों तक आर्थिक संकट से उबर नहीं पाते।लेख का प्रारूप पंजाब केसरी की संपादकीय शैली को ध्यान में



रखकर तैयार किया गया है।

शादी के बाद जेवरात लेकर घर से फरार होने की बढ़ती घटनाएँ- विश्वास के रिश्तों पर गहराता संकट

विवाह भारतीय समाज में केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का पवित्र और सामाजिक बंधन माना जाता है। यह रिश्ता विश्वास, सम्मान, जिम्मेदारी और पारदर्शिता की मजबूत नींव पर खड़ा होता है। लेकिन हाल के वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों से ऐसी घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं, जहाँ विवाह के कुछ ही दिनों बाद नवविवाहित दूल्हा या दुल्हन घर के

ऐसी घटनाओं का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह है कि समाज में विश्वास का संकट पैदा हो रहा है। अब परिवार रिश्ता तय करने से पहले कई बार सोचने लगे हैं। जहाँ पहले आपसी परिचय और सामाजिक प्रतिष्ठा के आधार पर विवाह तय हो जाते थे, वहीं अब लोगों को हर जानकारी की पुष्टि करनी पड़ रही है। इसका असर उन हजारों ईमानदार परिवारों पर भी पड़ रहा है, जिनका इन घटनाओं से कोई संबंध नहीं है।

इस समस्या के पीछे कई कारण हैं। बेरोजगारी, तेजी से धन कमाने की लालसा, गिरते नैतिक मूल्य, अपराधी गिरोहों की सक्रियता तथा वैवाहिक वेबसाइटों और सोशल मीडिया का दुरुपयोग प्रमुख कारणों में शामिल हैं। कई बार परिवार बिना पर्याप्त जांच-पड़ताल के केवल दिखावे, जल्दबाजी या बिचौलियों के भरोसे रिश्ता तय कर लेते हैं। यही लापरवाही बाद में भारी नुकसान का कारण बनती है।

हालाँकि यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि किसी एक-दो घटनाओं के आधार पर पूरे समाज या किसी वर्ग विशेष पर आरोप लगाना उचित नहीं है। अधिकांश विवाह आज भी विश्वास, प्रेम और जिम्मेदारी के साथ सफलतापूर्वक निभाए जा रहे हैं। अपराध करने वाले कुछ लोग पूरे समाज की छवि को धूमिल कर देते हैं। इसलिए समस्या का समाधान पूर्वाग्रह नहीं, बल्कि सतर्कता और कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में है।

पुलिस और प्रशासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे मामलों की त्वरित जांच होनी चाहिए तथा यदि किसी संगठित गिरोह की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

नशा उन्मूलन: सिर्फ 'तस्कर कौन?' नहीं, 'मांग क्यों?' भी पूछिए



डॉ अनुपम टंडन
शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

नशा आज केवल किसी एक व्यक्ति की निजी समस्या नहीं, बल्कि परिवार, समाज, स्वास्थ्य व्यवस्था, अर्थव्यवस्था और कानून-व्यवस्था के सामने गंभीर चुनौती बन चुका है। नशा उन्मूलन के लिए केवल तस्करों और नशा बेचने वालों पर कार्रवाई करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह समझना भी जरूरी है कि आखिर लोग नशे की ओर क्यों आकर्षित हो रहे हैं। जब तक नशे की मांग के कारणों को दूर नहीं किया जाएगा, तब तक इस समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है।

एम्स के राष्ट्रीय औषधि निर्भरता उपचार केंद्र के वर्ष 2019 के राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार देश में करीब 16 करोड़ लोग शराब का सेवन करते हैं। लगभग 3.1 करोड़ लोग भांग और गांजा जैसे पदार्थों का इस्तेमाल कर चुके हैं। बच्चों और युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भी चिंता का विषय है। स्कूली विद्यार्थियों पर किए गए अध्ययन में सामने आया कि साथियों और परिवार में नशे का चलन बच्चों को इसकी ओर आकर्षित करने वाला प्रमुख कारण है। तनाव, बेरोजगारी, पारिवारिक कलह, अकेलापन, मानसिक परेशानी और गलत संगति भी युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेल सकती है।

नशे के अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए तस्करी नेटवर्क, अवैध कमाई और संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है। लेकिन केवल गिरफ्तारियां और नशीले पदार्थों की बरामदगी समस्या का समाधान नहीं कर सकतीं। जब तक नशे की मांग बनी रहेगी, अवैध कारोबार नए रास्ते तलाशता रहेगा। इसलिए सरकार की रणनीति में आपूर्ति पर नियंत्रण के साथ-साथ नशे की मांग कम करने पर भी ध्यान देना होगा।

युवाओं को नशे से बचाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में केवल भाषण, रैलियां और शपथ समारोह आयोजित करना पर्याप्त नहीं है। बच्चों को जीवन-कौशल, सही निर्णय लेने, साथियों के दबाव का सामना करने और जरूरत पड़ने पर मदद मांगने की शिक्षा देनी होगी। शोध के अनुसार जीवन-कौशल और सामाजिक



प्रभाव पर आधारित कार्यक्रम केवल जानकारी देने वाले अभियानों की तुलना में अधिक प्रभावी होते हैं। जागरूकता अभियान तभी सफल होंगे, जब वे युवाओं के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव ला सकें।

परिवार की भूमिका भी इसमें महत्वपूर्ण है। बच्चों के व्यवहार में अचानक बदलाव, पढ़ाई में गिरावट, सामाजिक दूरी और पैसों की असामान्य मांग जैसे संकेतों को गंभीरता से लेना चाहिए। नशे की आशंका होने पर डांटने और अपमानित करने के बजाय संवाद, परामर्श और उपचार का रास्ता अपनाना जरूरी है। नशे की निर्भरता से जूझ रहा व्यक्ति केवल अपराधी नहीं, बल्कि उपचार और पुनर्वास का जरूरतमंद भी है। तस्करों और विक्रेताओं के खिलाफ सख्ती होनी चाहिए, लेकिन नशे के आदी लोगों को स्वस्थ जीवन में लौटने का अवसर मिलना चाहिए।

देश में उपचार सुविधाओं की कमी भी बड़ी चुनौती है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार शराब पर निर्भर हर 38 में से केवल एक व्यक्ति को उपचार मिल पाया, जबकि अवैध नशीले पदार्थों के आदी लोगों में हर 20 में से एक को भर्ती उपचार मिला। इससे स्पष्ट है कि नशामुक्ति केंद्रों, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, परामर्श और पुनर्वास सुविधाओं का विस्तार आवश्यक है। नशा छोड़ने के बाद रोजगार, परिवार का सहयोग और सामाजिक स्वीकार्यता भी जरूरी है, ताकि व्यक्ति दोबारा इस दलदल में न फंसे। नशा मुक्त भारत अभियान को भी पोस्टर, रैली और भाषणों तक सीमित रखने के बजाय स्कूलों, पंचायतों, स्वास्थ्य संस्थानों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाना होगा। इसके लिए रोकथाम, आपूर्ति नियंत्रण, उपचार, पुनर्वास और दोबारा नशे की गिरफ्त में जाने से बचाव जैसे पांच पहलुओं पर एक साथ काम करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद धर्मशाला न्यायालय के अधीन होंगे।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

न्यूज ब्रीफ

संजौली कॉलेज से आईजीएमसी मार्ग तक सड़क बहाली का कार्य शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला। राजधानी शिमला में एसजेपीएनएल की 24म7 जलापूर्ति परियोजना के तहत संजौली कॉलेज से आईजीएमसी मार्ग तक सड़क बहाली का कार्य 16 नवंबर से शुरू कर दिया गया है। इस मार्ग पर पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई खुदाई के बाद अब सड़क को दोबारा व्यवस्थित करने का काम तेज कर दिया गया है। एसयूईजेड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की टीम डब्ल्यूएमएम (वेट मिक्स मैकडम) डालने के साथ मेटलिंग के कार्य में जुटी है। कंपनी ने आगामी एक सप्ताह के भीतर इस पूरे मार्ग की मेटलिंग पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सड़क बहाली के कार्य को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए अगले कुछ दिनों तक डब्ल्यूएमएम डालने और मेटलिंग का काम दिन-रात जारी रहेगा। इससे स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों को राहत मिलने के साथ मार्ग पर यातायात व्यवस्था भी सुचारु हो सकेगी। संजौली कॉलेज से आईजीएमसी मार्ग का कार्य पूरा होने के बाद शांति विहार रोड पर भी मेटलिंग शुरू की जाएगी।

लोअर बाजार में नगर निगम ने सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान किया जब्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला के लोअर बाजार में मंगलवार को नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दुकानों के बाहर सजाया सामान हटाया और जब्त किया। सड़क पर सामान फैलाने से पैदल चलने वालों को परेशानी हो रही थी। निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर सार्वजनिक रास्तों को अतिक्रमण मुक्त करवाया। नगर निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित क्षेत्रों में सड़क पर सामान सजाने और रास्तों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जाएगा जागरूक

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिमला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला ने बच्चों और किशोरों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश वर्मा ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर 14 से 27 नवंबर 2026 तक 'डॉन' (ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन) अभियान चलाया जा रहा है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की डॉन योजना के तहत शुरू इस पहल का मुख्य उद्देश्य 12 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों और किशोरों को नशे के खतरों के प्रति जागरूक करना है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, तालुका विधिक सेवा समितियों, स्थानीय प्रशासन और बाल संरक्षण एजेंसियों के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के माध्यम से बच्चों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

ठियोग से लापता हुए तीन नाबालिग बच्चे हरियाणा के पिंजौर में मिले

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। ठियोग से लापता हुए तीन नाबालिग बच्चों को पुलिस ने महज आठ घंटे में हरियाणा के पिंजौर से सुरक्षित बरामद कर लिया। तीनों की उम्र 14 से 15 वर्ष के बीच है। पुलिस के अनुसार, 15 नवंबर को तीनों बच्चे दौड़ लगाने के बहाने घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। 16 नवंबर को परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों को गांव घाटीवाला (बिटना) बाईपास स्थित शिवलोत्री मंदिर के समीप एक ढाबे से बरामद किया। जांच में सामने आया कि बच्चे बिना बताए घूमने निकले थे। बच्चों के सुरक्षित मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली।

हिमाचल में वीबी-जी राम जी योजना के तहत 1351 पद मंजूर

1205 ग्राम रोजगार सेवकों की होगी नियुक्ति, कंप्यूटर ऑपरेटर व कनिष्ठ लेखाकार के पद भी स्वीकृत

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण रोजगार व्यवस्था को नई मजबूती देने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आजीविका से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी योजना के तहत 1351 कर्मचारियों के पदों को मंजूरी दी गई है।

मनरेगा के स्थान पर लागू की गई इस नई व्यवस्था को धरातल पर प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग ने कर्मचारियों की नियुक्ति, तैनाती और सेवा शर्तों का पूरा खाका तैयार कर लिया है। इससे पंचायत स्तर पर योजनाओं के संचालन और प्रशासनिक कामकाज को गति मिलने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार, स्वीकृत कुल पदों में 1205 ग्राम रोजगार सेवक, 123 कंप्यूटर ऑपरेटर और 23 कनिष्ठ लेखाकार शामिल हैं। कर्मचारियों की तैनाती राज्य मुख्यालय से लेकर जिला कार्यालयों और विकास खंड स्तर तक की जाएगी। प्रत्येक ग्राम रोजगार सेवक को तीन पंचायतों के समूह की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार संबंधी कायो की निगरानी और योजनाओं के क्रियान्वयन को बेहतर बनाया जा सकेगा।

विभाग ने कर्मचारियों की नियुक्ति के साथ उनके कार्यक्षेत्र और प्रशासनिक जिम्मेदारियों को लेकर भी व्यवस्था निर्धारित की है। सेवा शर्तों के तहत ग्राम रोजगार सेवकों के तबादले संबंधित जिले के भीतर ही किए जा सकेंगे, जबकि कंप्यूटर ऑपरेटर और कनिष्ठ लेखाकार का स्थानांतरण प्रदेश में कहीं भी किया जा सकेगा। महिला कर्मचारियों को विवाह के बाद या चिकित्सा संबंधी आधार पर रिक्त पद उपलब्ध होने की स्थिति में तबादले में विशेष रियायत मिलेगी।

स्थानांतरण के बाद नई जगह कार्यभार संभालने के लिए पांच दिन का समय दिया जाएगा। कर्मचारियों को साल में 14 आकस्मिक अवकाश और 10 दिन का चिकित्सा अवकाश मिलेगा, जबकि महिला कर्मियों के लिए 180 दिन का मातृत्व अवकाश निर्धारित किया गया है।

सेवा शर्तों में अनुशासन व जवाबदेही पर रहेगा फोकस

विभाग ने कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अनुशासन संबंधी प्रावधान भी तय किए हैं। कदाचार या लापरवाही के मामलों में मानदेय रोकने, सरकारी धन के नुकसान की वसूली करने और गंभीर मामलों में सेवा से बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की जा सकेगी। सभी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 वर्ष निर्धारित की गई है। कोई भी कर्मचारी एक महीने का अग्रिम नोटिस देकर सेवा छोड़ सकता है। इसके अलावा सरकारी कार्यों के सिलसिले में यात्रा करने पर नियमानुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता भी दिया जाएगा। साथ ही नई व्यवस्था के तहत स्वीकृत इन पदों से ग्रामीण विकास योजनाओं के संचालन को संस्थागत मजबूती मिलने के साथ पंचायत स्तर पर प्रशासनिक कार्यों को अधिक व्यवस्थित बनाने की दिशा में कदम उठाया गया है।

◆विभाग ने तैयार किया सेवा शर्तों का खाका

जुन्गा में ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के दिए टिप्स



जुन्गा में ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग की जानकारी देते बैंक अधिकारी।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। जुन्गा में हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की शाखा और नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इसमें स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं सहित स्थानीय ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग, ऑनलाइन लेनदेन और बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दी गई।

शाखा प्रबंधक नरेश कुमार और ऋषि कुमार ने लोगों को आगाह किया कि बैंक अधिकारी बनकर आने वाली फर्जी कॉल से सावधान रहें और अपना एटीएम पिन व ओटीपी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सतर्कता साइबर ठगी से बचा सकती है।

शिविर में ग्रामीणों को राज्य सहकारी बैंक की मोबाइल एप्लीकेशन हिमपैसा के सुरक्षित इस्तेमाल और घर बैठे धनराशि के लेनदेन की जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

ग्रामीणों को बैंक खाते खुलवाने और बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस अवसर पर नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह की प्रधान ममता राणा, सचिव सुनीता राणा सहित विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं और जुन्गा पंचायत के लोगों ने भाग लिया।

रामपुर एचपीएस में इंटर-प्रोजेक्ट स्पोर्ट्स मीट शुरू

एसजेवीएन की विभिन्न परियोजनाओं के खिलाड़ी ले रहे भाग

अनंत ज्ञान

आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर। एसजेवीएन के तत्वावधान में रामपुर एचपीएस में इंटर-प्रोजेक्ट स्पोर्ट्स मीट 2026-27 का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में एसजेवीएन की विभिन्न परियोजनाओं से पहुंची टीमों के खिलाड़ी एथलेटिक्स और बैडमिंटन की स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में एनजेएचपीएस के परियोजना प्रमुख राजीव कपूर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

उन्होंने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, उत्साह और खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर बनाने के साथ कर्मचारियों में टीम भावना और आपसी सहयोग को भी बढ़ावा देते हैं।



स्पोर्ट्स मीट के खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

रामपुर एचपीएस के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख विकास मारवाह ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और प्रतियोगिता की सफलता की कामना की। उद्घाटन के बाद एथलेटिक्स स्पर्धाओं की शुरुआत पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ से हुई। वहीं, बैडमिंटन का पहला मुकाबला कॉर्पोरेट मुख्यालय और लूहरी हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट की टीमों के बीच खेला गया। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग की 100, 200, 400, 800 और 1500 मीटर दौड़ के अलावा रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक और चक्का फेंक शामिल हैं। बैडमिंटन में एकल, युगल, टीम और मिश्रित युगल मुकाबले होंगे।

इस आयोजन का उद्देश्य कर्मचारियों में खेल भावना, आपसी सहयोग और सौहार्द बढ़ाने के साथ एसजेवीएन परिवार की एकजुटता को मजबूत करना है।

जुन्गा स्कूल के अक्षित-अंकिता बने स्टूडेंट ऑफ द ईयर

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में 12वीं कक्षा के अक्षित शर्मा और अंकिता को उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए स्टूडेंट ऑफ द ईयर के खिताब से सम्मानित किया गया।

चमियाणा स्थित सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक एवं न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. सुधीर शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन और अच्छे संस्कारों का महत्व समझाते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बच्चों का मस्तिष्क दुनिया का सबसे बड़ा सुपर कंप्यूटर है, जिसका सही दिशा में उपयोग कर जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर शैक्षणिक, खेलकूद और अन्य गतिविधियों की उपलब्धियां साझा कीं। समारोह में विद्यार्थियों ने हिमाचली नाटी, पहाड़ी लोकगीत और विभिन्न राज्यों की लोकसंस्कृति पर आधारित रंगारंग प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं।

मोबाइल फोन के दुरुपयोग पर प्रस्तुत लघु नाटिका ने भी सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान मेधावी विद्यार्थियों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मेडल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया, जबकि अंतर-सदनीय प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मदर टेरेसा सदन को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन शर्मा सहित शिक्षक, अभिभावक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



जुन्गा स्कूल के वार्षिक समारोह में मेधावी विद्यार्थी एवं अन्य।

राजधानी के राशन डिपुओं में आटे का संकट गहराया

सस्ते राशन के लिए उपभोक्ता परेशान, 50 से अधिक डिपुओं में हजारों राशनकार्ड धारकों की निर्भरता

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। राजधानी शिमला के सरकारी राशन डिपुओं में सस्ते आटे की उपलब्धता को लेकर संकट गहराता जा रहा है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को सरकारी डिपुओं से आटा नहीं मिल पा रहा है, जिसके चलते उन्हें बाजार की दुकानों से करीब 40 रुपये प्रति किलो की दर से आटा खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है।

शिमला शहर के 50 से अधिक राशन डिपुओं पर 25 हजार से ज्यादा राशनकार्ड धारक सस्ते राशन के लिए निर्भर हैं। सरकार की ओर से हर महीने राशन उपलब्ध करवाने की व्यवस्था होने के बावजूद आटे की आपूर्ति बाधित होने से आम परिवारों का बजट प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि राशन की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों का समय रहते समाधान किया जाना चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं को बाजार से महंगे दामों पर आटा न खरीदना पड़े।

जानकारी के अनुसार बस अड्डे, लक्कड़ बाजार, मिडल बाजार, छोटा शिमला सहित शहर के कई क्षेत्रों के राशन डिपुओं में आटे की किल्लत सामने आई है। उपभोक्ताओं को डिपुओं के चक्कर लगाने के बावजूद खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। कई डिपुओं में आटे की उपलब्धता नहीं होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उपभोक्ताओं ने सवाल उठाया है कि जब राशन की आपूर्ति में आ रही समस्या की जानकारी विभाग को है तो इसका स्थायी समाधान क्यों नहीं किया जा रहा। उनका कहना है कि राशनकार्ड धारकों को समय पर पूरा राशन उपलब्ध करवाना विभाग की जिम्मेदारी है और आपूर्ति करने वाले ठेकेदार की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को नहीं भुगतना चाहिए।

जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नरेंद्र धीमान ने बताया कि डिपुओं तक राशन की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नागरिक आपूर्ति निगम को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। विभाग की ओर से व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। अब जरूरत इस बात की है कि संबंधित एजेंसियां जल्द आपूर्ति बहाल करें और राजधानी के सभी राशन डिपुओं तक आटा पहुंचाया जाए, ताकि हजारों परिवारों को सरकारी राशन का लाभ मिल सके और उन्हें महंगे दामों पर बाजार से आटा खरीदने की मजबूरी से राहत मिले।

लाला लाजपत राय के आदर्श आज भी राष्ट्रसेवा की प्रेरणा : उमा कौशल

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। महान स्वतंत्रता सेनानी और प्रखर राष्ट्रवादी नेता पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर मंगलवार को स्कैंडल पॉइंट, शिमला के समीप उनकी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर नगर निगम शिमला की उप महापौर उमा कौशल ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर महान स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया। उन्होंने कहा कि लाला लाजपत राय का संपूर्ण जीवन अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, त्याग और संघर्ष की मिसाल है। देश की आजादी के आंदोलन में उनके योगदान और सर्वोच्च बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने अपने संघर्ष से देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता की अलख जगाई।

उमा कौशल ने कहा कि लाला लाजपत राय के विचार और आदर्श आज भी युवा पीढ़ी को राष्ट्रहित में समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। उनके जीवन से अन्याय के विरुद्ध मजबूती से खड़े होने और देश की एकता, अखंडता एवं स्वाभिमान की रक्षा करने की सीख मिलती है।

उन्होंने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान और बलिदान को याद रखना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सचिन शर्मा, नगर निगम आयुक्त सचिन कंवल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गौरवजीत सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (कानून एवं व्यवस्था) पंकज शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

मेडिकल कॉलेजों की मनमानी फीस पर लगेगी लगाम

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की मनमानी फीस वसूली पर सुक्खू सरकार ने सख्ती दिखाई है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि कॉलेज निर्धारित फीस से अधिक शुल्क नहीं वसूल सकेंगे। इस फैसले से मेडिकल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

सरकार के निर्देशानुसार सभी मेडिकल कॉलेजों को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर पूरा फीस स्ट्रक्चर सार्वजनिक करना होगा। प्रवेश के समय विद्यार्थियों को फीस का विस्तृत विवरण भी उपलब्ध करवाना अनिवार्य होगा। यह जानकारी ई-मेल, व्हाट्सएप और पंजीकृत डाक के माध्यम से भी दी जाएगी। इसके अलावा विद्यार्थियों को हॉस्टल में रहने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकेगा। वे अपनी सुविधा और आर्थिक स्थिति के अनुसार बाहर भी रह सकेंगे। हॉस्टल में रहना प्रवेश, पढ़ाई जारी रखने या परीक्षा में बैठने की अनिवार्य शर्त नहीं होगी।

अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी को अतिरिक्त फीस वसूली की शिकायतों के लिए अलग ई-मेल और फोन नंबर जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। विद्यार्थी और अभिभावक मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन 1100 पर भी शिकायत कर सकेंगे। विश्वविद्यालय को 18 नवंबर तक अनुपालन रिपोर्ट सौंपनी है। सरकार निजी स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी रोकने के लिए भी नियमों में संशोधन की तैयारी कर रही है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अनुसार निजी शिक्षण संस्थान नियमन अधिनियम, 1997 में संशोधन किया जाएगा।

अनंत Classifieds

नाम परिवर्तन

मैं सुदर्शन कुमार उप्पल (69) पुत्र तेलू राम निवासी गांव और डाकघर जयदेवी तहसील सुंदरनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गलती से सुदर्शन कुमार दर्ज है, मेरा सही नाम सुदर्शन कुमार उप्पल है।

गुटबाजी कुल्लू जिलाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस, बिलासपुर महिला कांग्रेस पदाधिकारी पर कार्रवाई

हिमाचल कांग्रेस में चला अनुशासन का डंडा

अनंत ज्ञान

सत्यदेव भारद्वाज, शिमला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में अंदरूनी असंतोष और संगठनात्मक गुटबाजी के बीच प्रदेश नेतृत्व ने अनुशासन को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। कुल्लू और बिलासपुर में सामने आए विवादों ने पार्टी संगठन की अंदरूनी खींचतान को एक बार फिर सार्वजनिक कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कुल्लू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेस राम आजाद को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

वहीं, बिलासपुर जिला महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष निर्मला राजपूत के खिलाफ भी प्रदेश नेतृत्व ने अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। दोनों मामले प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल की मौजूदगी में संगठनात्मक गतिविधियों और पार्टी के भीतर चल रहे मतभेदों से जुड़े हैं।

जानकारी के अनुसार कुल्लू में विवाद की शुरुआत 11 नवंबर को हुई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक से हुई थी। बैठक में प्रस्ताव पारित कर चेतावनी दी गई थी कि यदि 11 दिसंबर तक कुल्लू सदर के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया तो ब्लॉक कार्यकारिणी, 16 जोन अध्यक्ष, 157 बूथ अध्यक्ष और विभिन्न अग्रणी संगठनों के पदाधिकारी सामूहिक रूप से अपने संगठनात्मक पदों से इस्तीफा दे देंगे। इसके बाद 13 नवंबर को जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में भी इस मांग का समर्थन किया गया। प्रदेश नेतृत्व ने इसे संगठनात्मक अनुशासन से जोड़कर देखा और सेस राम आजाद से जवाब तलब किया। हालांकि, आजाद ने सफाई देते हुए कहा है कि जिला कमेटी ने सामूहिक इस्तीफे की कोई धमकी नहीं दी थी। उनका कहना है कि वे केवल कार्यकर्ताओं की भावनाओं और जिले को मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व देने की मांग को पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व तक पहुंचाना चाहते हैं।

दूसरी ओर, बिलासपुर में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल की मौजूदगी में हुई जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक के दौरान महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष निर्मला राजपूत पर कथित तौर पर हंगामा करने और मंच पर नेताओं के बैठने की व्यवस्था को लेकर आपत्ति जताने के आरोप लगे हैं। संगठन महासचिव विनोद जिंटा के अनुसार, बैठक में स्थानीय गुटबाजी के चलते अव्यवस्था पैदा हुई, जिसे पार्टी ने गंभीरता से लिया है। प्रदेश नेतृत्व का स्पष्ट संदेश है कि संगठन में अपनी बात रखने और राजनीतिक मांग उठाने का अधिकार सभी को है, लेकिन इसके लिए निर्धारित संगठनात्मक मर्यादाओं का पालन करना अनिवार्य है। दोनों मामलों ने कांग्रेस के भीतर चल रहे असंतोष और आपसी खींचतान को फिर चर्चा में ला दिया है।

संगठन की एकजुटता की परीक्षा

प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनोद जिंटा ने स्पष्ट किया है कि पार्टी में किसी भी स्तर पर अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोनों पदाधिकारियों को 10 दिनों के भीतर प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल और प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के समक्ष अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए गए हैं। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि दोनों नेताओं के स्पष्टीकरण के बाद प्रदेश नेतृत्व क्या निर्णय लेता है। खासकर कुल्लू में सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग और बिलासपुर में सामने आई गुटबाजी ने कांग्रेस नेतृत्व के सामने संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखने की चुनौती खड़ी कर दी है। आने वाले दिनों में पार्टी का रुख हिमाचल कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति की दिशा तय करने में अहम माना जा रहा है।

◆सुंदर ठाकुर को मंत्री बनाने की मांग पर कुल्लू में बढ़ा विवाद, सेस राम आजाद से मांगा जवाब

एसडीएम ने डीएवी स्कूल और सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल का निरीक्षण



एसडीएम कार्तिकेय शर्मा स्कूल में बच्चों की सुविधाओं का जायजा लेते हुए।

अनंत ज्ञान

ब्यूरो, शिमला। एसडीएम ग्रामीण शिमला कार्तिकेय शर्मा ने मंगलवार को अधिकारियों की टीम के साथ डीएवी स्कूल और सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल का निरीक्षण किया। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) कार्यक्रम के तहत बच्चों को उपलब्ध सुविधाओं की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान कक्षाओं, बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, हाथ धोने की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार किट और साफ-सफाई का जायजा लिया गया। साथ ही खेल मैदान, खेल सामग्री और शिक्षण वातावरण को भी परखा गया।

एसडीएम ने कहा कि प्रारंभिक बाल्यावस्था बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण चरण है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और सुरक्षा से जुड़े निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से सीखने के अवसर भी मिलने चाहिए। निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ इंदु शर्मा, बीएम मशोबरा डॉ. राकेश गोयल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

व अदालत कार्यकारी दंडाधिकारी एवं तहसीलदार तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा
तारीख पेशी 17-12-2026
मीमो पत्री रिखनु निवासी गाँव / मुहल्ला लांघा रठियार परगना कडेड तहसील व जिला चम्बा (हि0 प्र0 ।

वनाम

आम जनता एवं ग्राम पंचायत रठियार विकास खंड मैहला।

विषय :-जन्म/मृत्यु सम्बन्धित पंजीकरण वारा ।

इस अदालत में उपमंडलाधिकारी (ना.) चम्बा के कार्यालय पृष्ठांकन-संख्या-2026/7942 दिनांक 12-11-2026 के माध्यम से प्राप्त दस्तावेज क्रमशः [1] जिला पंजीकरण जन्म एवं मृत्यु। मुख्य चिकित्सा अधिकारी चम्बा के कार्यालय पत्र संख्या-HFW-B&D/CMO-CBA/2026/32811 दिनाकः 6-11-2026 शपथ पत्र, अप्रयास प्रमाण पत्र, नकल परिवार रजिस्टर ग्राम पंचायत ओडा विकास खंड मैहला जिसमें प्रार्थीया मीमो पुत्री रिखनु निवासी गाँव / मुहल्ला लांघा रठियार परगना कडेड तहसील व जिला चम्बा हि0प्र0) में उसकी जन्म तिथी [19-11-1967] किन्ही कारणों से ग्राम पंचायत रठियार विकास खंड मैहला के कार्यालय अभिलेख में दर्ज न हुई है, जो नियमानुसार दर्ज होना अनिवार्य है। इसलिए आवेदक ने अनुरोध किया है कि, उसकी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत रठियार विकास खंड मैहला के जन्म रजिस्टर में दर्ज / पंजीकृत किया जाये । अतः सर्व साधारण जनता को इस ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि, प्रार्थीया मीमो पुत्री रिखनु निवासी गाँव/मुहल्ला लांघा रठियार परगना कडेड तहसील व जिला चम्बा (हि0प्र0) के उसकी जन्म तिथी को ग्राम पंचायत रठियार विकास खंड मैहला के जन्म/मृत्यु अभिलेख में दर्ज करने वारा अगर किसी को आपत्ति हो तो वह अमालातन या वकालतन अपनी आपत्ति इस अदालत में इश्तहार के प्रकाशन एक माह के भीतर भीतर सुबह 10 से सायं 5.00 बजे तक दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि में आपत्ति न आने की सूरत में प्रार्थीया की जन्म तिथी 19-11-1967 दर्ज / पंजीकृत करने के आदेश सम्बन्धित स्थानीय रजिस्टार जन्म एवं मृत्यु को पारित कर दिये जायेंगे । आज दिनांक 17 11-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायलय जारी हुये हैं।

कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील सदर चम्बा जिला चम्बा (हि0प्र0)

व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि0प्र0।
मिसल न0-8073264/2026
तारीख मरजुआ-05-11-2026
तारीख पेशी- 26-11-2026
Mariyam Bibi w/o Umrdeen Alias Guddu, Village And Mohal Dhelu Post Office Dohag Tehsil Joginder Nagar Distt. Mandi H.P.
...Applicant.
Vrs General Public.
...Respondent

अखबारी ईश्तहार

Application for correction of revenue entries.
Mariyam Bibi w/o Umrdeen Alias Guddu, Village And Mohal Dhelu Post Office Dohag Tehsil Joginder Nagar Distt Mandi H.P. ने इस न्यायलय में आवेदन पत्र/शपथी पत्र गुजार कर यह अनुरोध किया है, कि उसका वास्तविक नाम मरियम बीबी तथा उसके पति का नाम उमरदीन उर्फ गुड्डु है जोकि उसके आधार कार्ड व पैन कार्ड में भी दर्ज कागजात है। परन्तु राजस्व अभिलेख महल ढेलू में उसका नाम मरीयम बीवी तथा उसके पति का नाम उमरदीन दर्ज कागजात है। जो कि गलत दर्ज कागजात है। जिसे दुरुस्त करने के आदेश पारित किये जाये। अतः इस ईशतहार के माध्यम से सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि अगर किसी को उपरोक्त प्रार्थीन के दावा बारे किसी प्रकार का कोई उजर / एतराज है, तो वह दिनांक 26-11-2026 को प्रातः 10:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष इसे असालतन व वकालतन प्रस्तुत कर सकता /सकते है। आम जनता की और से उपरोक्त दिनांक एवं समय तक कोई भी उजर एतराज प्रस्तुत न होने की सूरत में उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। आज दिनाक 05.11.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ ।

सहायक समाहर्ता द्वितिय श्रेणी तहसील जोगिन्द्र नगर जिला मण्डी हि0प्र0।

न्यूज ब्रीफ

पंचायती राज अधिनियम एवं पंचायत व्यवस्था के विभिन्न प्रावधानों की दी जानकारी



अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। विकास खंड लाहौल की पंचायतों के नव-निर्वाचित प्रधानों, उप-प्रधानों एवं वार्ड सदस्यों के लिए आयोजित बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम का तीसरा सत्र आज जिला परिषद सभागार केलांग में शुरू हुआ। इस सत्र में विकास खंड लाहौल की 08 ग्राम पंचायतों के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया।प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षक हरबन्स लाल, सेवानिवृत्त जिला पंचायत अधिकारी ने पंचायत प्रतिनिधियों को पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत पंचायती राज व्यवस्था, इसके विभिन्न प्रावधानों एवं पंचायतों के कार्यों और दायित्वों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों को अधिनियम के प्रावधानों की समझ विकसित करने तथा अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अधिकारी संजय कुमार भी उपस्थित रहे।

आनी कॉलेज में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित

अनंत ज्ञान आनी। राजकीय महाविद्यालय आनी, हरिपुर में क्रिएटिव अकादमी शिमला द्वारा छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग और उचित मार्गदर्शन प्रदान करना था।परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर विशेष छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 100 प्रतिशत (पूर्ण शुल्क माफी), द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को 80 प्रतिशत तथा तृतीय से बीसवां स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 60 प्रतिशत छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसिलिंग सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा भविष्य में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने करियर के प्रति जागरूक होने तथा भविष्य की योजनाओं को सही दिशा देने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन क्रिएटिव अकादमी शिमला की ओर से निपुल दिल्टा एवं प्रीतिका भारद्वाज द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दयाल राम ठाकुर ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए क्रिएटिव अकादमी शिमला की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को उपलब्ध अवसरों का भरपूर लाभ उठाने, निरंतर मेहनत करने तथा अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पित भाव से प्रयास करने का संदेश दिया।

वरिष्ठ पत्रकार दीप कुमार लखनपाल के निधन से पत्रकारिता जगत में शोक



अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू। वरिष्ठ पत्रकार एवं भुंतर प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष दीप कुमार लखनपाल के चंडीगढ़ में निधन से कुल्लू के पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई। नॉर्थ इंडिया पत्रकार एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार धनेश गौतम ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि दीप कुमार लखनपाल का निधन पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपने लंबे पत्रकारिता जीवन में जनहित और समाज से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उनकी निष्ठा, सक्रियता और योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। भुंतर प्रेस क्लब सहित विभिन्न पत्रकार संगठनों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

नशा मुक्त जिला बनाने के लिए सभी विभाग मिलकर करें प्रयास : निवेदिता

नशा निवारण गतिविधियों के साथ शैक्षणिक संस्थानों में जागरुकता व खेल गतिविधियां आयोजित करने के दिए निर्देश

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, केलांग। उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति निवेदिता नेगी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला मुख्यालय केलांग स्थित उपायुक्त कार्यालय में जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन डीएसपी केडी शर्मा ने किया।

इस दौरान 24 सितंबर को आयोजित पिछली बैठक की कार्रवाई रिपोर्ट की समीक्षा के साथ जिले में नशा निवारण और मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने राष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान के तहत सभी संबंधित विभागों को जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए शिक्षा, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना आवश्यक है। स्कूलों और कॉलेजों में नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाए। डीसी ने पुलिस विभाग को शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने की संभावनाओं के मद्देनजर अनुपयोगी स्कूल भवनों की पहचान करने के निर्देश दिए। वहीं, खंड विकास अधिकारी केलांग को ग्राम सभाओं के माध्यम से पंचायत स्तर पर नशा निवारण समितियों का गठन करने और उन्हें सक्रिय बनाने को कहा। बैठक में स्कूल एवं कॉलेज गोद लेने की योजना के तहत नशा विरोधी गतिविधियों की प्रगति, राज्यव्यापी चिट्टा विरोधी अभियान और जिला एनकॉर्ड बैठकों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा पंचायत स्तर पर नशा निवारण समितियों, नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों को मजबूत करने तथा परामर्श सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। नशे की ओवरडोज से होने वाली मौतों की रोकथाम के लिए प्रभावी प्रतिक्रिया तंत्र विकसित करने पर भी जोर दिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को गोद लिए गए स्कूलों का नियमित दौरा करने और विद्यार्थियों को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। 70 आरसीसी और 94 आरसीसी के अधिकारियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया।

एनएचपीसी चरण-3 पावर स्टेशन प्रमुख पंकज ने डीसी कुल्लू से की शिष्टाचार भेंट



अनंत ज्ञान

सैंज। एनएचपीसी चरण-3 पावर स्टेशन प्रमुख पंकज गुप्ता ने डीसी कुल्लू डॉ. अमित शर्मा से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने उपायुक्त, कुल्लू को हिमाचली टोपी और शाल भेंट कर उनका अभिनंदन किया तथा जिला प्रशासन से अपेक्षित सहयोग एवं समन्वय को लेकर सकारात्मक चर्चा की। शिष्टाचार भेंट के दौरान पंकज गुप्ता, पावर स्टेशन प्रमुख ने पार्बती-III पावर स्टेशन द्वारा कुल्लू जिले में किए जा रहे कार्यों, गतिविधियों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों के बारे में उपायुक्त, कुल्लू को अवगत कराया । उपायुक्त, कुल्लू ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन की ओर से पार्बती-III पावर स्टेशन को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

सांस फूलना और लगातार खांसी को न करें नजरअंदाज : डॉ. अमित

अनंत ज्ञान



प्रेसवार्ता करते डॉ. अमित कुमार मंडल व अन्य। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, कुल्लू। सांस फूलना, लगातार खांसी और बलगम आने जैसी समस्याओं को सामान्य समझकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। ये क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के शुरुआती लक्षण हो सकते हैं। यह बात पारस हेल्थ पंचकूला के पल्मोनोलॉजी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. अमित कुमार मंडल ने मंगलवार को विश्व सीओपीडी दिवस पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही।

इस अवसर पर कुल्लू वैली अस्पताल की कंसल्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. निशा ठाकुर और बंगा अस्पताल के एमडी डॉ. जंदीप बंगा भी उपस्थित रहे। डॉ. मंडल ने बताया कि सीओपीडी फेफड़ों की गंभीर और धीरे-धीरे बढ़ने वाली बीमारी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार यह दुनियाभर में मौत का चौथा सबसे बड़ा कारण है। भारत में इसके मरीजों की संख्या वर्ष 1990 में 2.81 करोड़ से बढ़कर 2016 में 5.53 करोड़ हो गई थी। चिंता की बात है कि अधिकांश मरीजों में बीमारी का पता गंभीर अवस्था में पहुंचने पर चलता है। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में लकड़ी के चूल्हों, तंदूर और अंगीठी से निकलने वाला धुआं भी फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। बंद कमरों में वेंटिलेशन की कमी इस खतरे को और बढ़ाती है। लंबे समय तक खांसी, बलगम, सीढ़ियां चढ़ते समय सांस फूलना और सांस में घरघराहट इसके प्रमुख लक्षण हैं। डॉ. मंडल ने 40 वर्ष से अधिक उम्र के धूम्रपान करने वाले और धूल-धुएं के संपर्क में रहने वाले लोगों को स्पाइरोमेट्री जांच करवाने की सलाह दी। उन्होंने तंबाकू से दूरी, स्वच्छ ईंधन, घरों में उचित वेंटिलेशन और धूल वाले स्थानों पर मास्क के इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सही इनहेलर, फेफड़ों के व्यायाम और टीकाकरण से बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। मरीज ठंड के मौसम में भी डॉक्टर की सलाह के बिना इनहेलर बंद न करें।

सैंज-बकशाहल सड़क के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए बड़ी मशीनरी लगाने की मांग

- सैंज वैली विकास समिति का प्रतिनिधिमंडल एनएचपीसी चरण-तीन के महाप्रबंधक से मिला

अनंत ज्ञान



सैंज। सैंज घाटी के बकशाहल गांव तक सड़क पहुंचाने और अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग को लेकर सैंज वैली विकास समिति का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को समिति के अध्यक्ष बुध राम की अध्यक्षता में पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण-तीन बिहाली के महाप्रबंधक पंकज गुप्ता से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर सैंज से बकशाहल तक क्षतिग्रस्त सड़क के पुनर्निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 10 दिन और बड़ी मशीनरी उपलब्ध करवाने की मांग उठाई। समिति ने ज्ञापन में बताया कि एनएचपीसी चरण-तीन बिहाली के सहयोग से बकशाहल गांव तक सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया गया था, लेकिन अभी तक सड़क गांव तक नहीं पहुंच पाई है। वर्तमान में सड़क निर्माण का कार्य अधूरा है और करीब 10 दिन का काम शेष बचा है। समिति ने कहा कि यदि इस कार्य को पूरा करने के लिए लगभग 10 दिन और बड़ी मशीनरी उपलब्ध करवाई जाती है तो सड़क को गांव तक पहुंचाया जा सकता है। इससे बकशाहल गांव के लोगों को सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा और उन्हें आवागमन में पेश आ रही परेशानियों से राहत मिलेगी।सैंज वैली विकास समिति ने परियोजना प्रबंधन से जनहित को ध्यान में रखते हुए इस मांग पर सकारात्मक कार्रवाई करने तथा सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा करवाने का आग्रह किया है। ज्ञापन पर समिति के अध्यक्ष बुध राम और सचिव देवी राम के हस्ताक्षर हैं।

कर्मचारी खैरात नहीं, अपना अधिकार मांग रहे : गुलशन

एचपी ज्वॉइंट पेंशनर्स फेडरेशन की प्रदेश सरकार को दो-टूक चेतावनी

अनंत ज्ञान

- कहा- हिमाचल उच्च न्यायालय के आदेशों का हो शीघ्र पालन
- कर्मचारियों व पेंशनरों के वित्तीय बकाये का भुगतान करे सरकार
- कर्मचारियों के वित्तीय अधिकार कानूनी हक हैं आर्थिक तंगी का हवाला देकर रोका नहीं जा सकता

ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश ज्वॉइंट पेंशनर्स फेडरेशन ने प्रदेश सरकार से उच्च न्यायालय के आदेशों का पालन करते हुए कर्मचारियों और पेंशनरों की लंबित वित्तीय देनदारियों का शीघ्र भुगतान करने की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव खुशहाल चंद नेगी, उपाध्यक्ष एसपी सागर और कोषाध्यक्ष तेज सिंह ठाकुर ने संयुक्त बयान में कहा कि सरकार को न्यायालय के निर्देशों के अनुसार लंबित महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की पांच किस्तें जारी करनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय ने जुलाई 2022 से लंबित डीए एरियर का भुगतान छह सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा 31 अक्तूबर 2026 को दिनेश चंद शर्मा, मधु देष्टा व अन्य बनाम हिमाचल प्रदेश सरकार मामले में पारित आदेश के अनुसार पेंशनरों को एक जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान का एरियर और अन्य वित्तीय लाभ दो बराबर किस्तों में देने के निर्देश दिए गए हैं। पहली किस्त 25 दिसंबर 2026 और दूसरी 28 फरवरी 2027 से पहले जारी की जानी है। एलआर गुलशन ने कहा कि न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि कर्मचारियों के नियमों के तहत अर्जित वित्तीय अधिकारों को आर्थिक कठिनाइयों या प्रशासनिक आदेशों का हवाला देकर अनिश्चितकाल तक रोका नहीं जा सकता। यह फैसला केवल याचिकाकर्ताओं के लिए ही नहीं, बल्कि प्रदेश के हजारों कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 से 2021 के बीच सेवानिवृत्त कर्मियों के संशोधित वेतनमान के कारण पेंशन, पारिवारिक पेंशन, ग्रेच्युटी, पेंशन कम्यूटेशन और लीव इनकैशमेंट के अतिरिक्त भुगतान लंबित हैं। सरकार वित्तीय संसाधनों की कमी और राजस्व घाटा अनुदान बंद होने का हवाला देकर इन देनदारियों को टाल रही है। फेडरेशन ने कहा कि पेंशनर सरकार से कोई खैरात नहीं मांग रहे, बल्कि वर्षों की सेवा के बदले अपने कानूनी अधिकार मांग रहे हैं।



कुल्लू में धरने पर भी उठाए सवाल: फेडरेशन ने कुल्लू में टीडी ठाकुर गुट के पेंशनरों के धरने को 'बिना दूल्हे की बारात' करार देते हुए तंज कसा कि प्रदर्शन में दूल्हा ही गायब है।

सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए संवेदनशील स्थानों पर लगेंगे क्रैश बैरियर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग। उपायुक्त लाहौल एवं स्पीति निवेदिता नेगी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन आरटीओ कुल्लू आकांक्षा शर्मा ने किया। इसमें जिले में सड़क सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में बीआरओ, लोक निर्माण विभाग और एचआरटीसी की ओर से सड़कों पर रंबल स्ट्रिप्स एवं रोड स्टड लगाने की कार्रवाई की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संवेदनशील और दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर वहां क्रैश बैरियर तथा पुलिस बैरियर लगाने के निर्देश दिए। स्कूलों के आसपास सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाने के लिए सेफ्टी जोन, संकेतक बोर्ड, सीसीटीवी कैमरे और कन्वेक्स मिरर स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। डीसी ने व्यावसायिक वाहनों में ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग रोकने के लिए नियमित निरीक्षण अभियान चलाने तथा वाहनों की फिटनेस जांच सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पंचायतों और शैक्षणिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन ऑवर के दौरान तत्काल चिकित्सा सहायता मिलना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजली बोर्ड पेंशनरों की समस्याओं पर सरकार व प्रबंधन के खिलाफ फूटा रोष

- बैठक में पुरानी पेंशन योजना लागू करने की उठाई मांग

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को भुंतर स्थित वर्मा कॉटेज, दियार रोड में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएस दटवालिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश की 22 इकाइयों से करीब 250 पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान पेंशनरों की लंबित मांगों और वित्तीय लाभों का भुगतान न होने पर विद्युत प्रबंधन के प्रति रोष जताया गया।

साथ ही बिजली बोर्ड कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग उठाई गई। एसोसिएशन के महासचिव पीएल गुप्ता ने संगठन की गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत प्रबंधन के साथ हुई बैठकों के परिणामस्वरूप जीवन प्रमाण पत्र जमा करवाने के लिए पेंशनर्स पोर्टल और समस्याओं के समाधान के लिए पेंशन सेल में समर्पित फोन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि एसोसिएशन की याचिका के बाद लंबित पे-रिवीजन एरियर का भुगतान छह प्रतिशत ब्याज सहित दो किस्तों में करने का निर्णय भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है। बैठक में एक जनवरी 2016 से पहले सेवानिवृत्त पेंशनरों की गलत नॉशनल फिक्सेशन को संशोधित अधिसूचना के अनुरूप ठीक करने तथा पोर्टल पर एरियर का पूरा विवरण उपलब्ध करवाने की मांग की गई। इसके अलावा एक जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संशोधित ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट और कम्यूटेशन के लाभ जल्द जारी करने का आग्रह किया गया। वक्ताओं ने कहा कि पेंशनरों की वैध वित्तीय देनदारियों का भुगतान लटकाना उचित नहीं है। बैठक में संगठन को मजबूत करने और लंबित मांगों के समाधान के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया गया। अध्यक्ष डीएस दटवालिया ने कुल्लू जिला इकाई का सफल आयोजन के लिए आभार जताया।

अवैध तंबाकू बिक्री पर मनाली पुलिस का शिकंजा, दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज

अनंत ज्ञान



मनाली। मनाली पुलिस ने अवैध रूप से तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस थाना मनाली की टीम ने गश्त के दौरान मॉडल टाउन स्थित एक कंफेक्शनरी दुकान पर छापेमारी कर भारी मात्रा में बिना लाइसेंस के बेचे जा रहे सिगरेट और बीड़ी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, तलाशी के दौरान दुकान से निम्नलिखित अवैध उत्पाद जब्त किए गए। जिनमें 122 सीलबंद सिगरेट पैकेट, 3 खुले सिगरेट पैकेट, 51 बंडल बीड़ी शामिल हैं।

जांच के दौरान जब पुलिस ने दुकान के मालिक से इन उत्पादों की बिक्री से संबंधित वैध लाइसेंस या परमिट मांगा, तो वह कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित दुकानदार के खिलाफ हिमाचल प्रदेश निषेधात्मक तम्बाकू अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया है। मामले में आगामी अन्वेषण (जांच) जारी है। एसपी कुल्लू अभिषेक सेकर ने कहा है कि जिला पुलिस कुल्लू द्वारा क्षेत्र में अवैध तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं वितरण पर लगातार कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने जनता से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आस-पास ऐसी कोई भी अवैध गतिविधि दिखाई दे, तो इसकी तुरंत सूचना अपने नजदीकी पुलिस थाना या पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें।

नाराजगी भाजपा नेता ने सरकार को घेरा, कहा- पेंशनरों का सम्मान, उनके अधिकारों का सम्मान

हक के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर पेंशनर्स : नरोत्तम

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, कुल्लू। हिमाचल प्रदेश में पेंशनभोगियों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित वित्तीय लाभों को लेकर भाजपा ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। कुल्लू विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2022 के भाजपा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नरोत्तम ठाकुर ने कहा कि जिन कर्मचारियों ने अपना पूरा जीवन प्रदेश और समाज की सेवा में समर्पित किया, आज उन्हें बुढ़ापे में अपने अधिकारों के लिए धरने पर बैठना पड़ रहा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग पौने दो लाख पेंशनर हैं, जबकि अकेले कुल्लू जिले में इनकी संख्या 15 हजार से अधिक है। प्रदेश के लगभग हर जिले में पेंशनर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। कुल्लू में भी कई दिनों से पेंशनर धरने पर बैठे हैं, लेकिन सरकार का कोई प्रतिनिधि उनकी समस्याएं सुनने नहीं पहुंचा है। नरोत्तम ठाकुर ने कहा कि वर्ष 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए अनेक कर्मचारियों को संशोधित पेंशन का एरियर, ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट और कम्यूटेशन जैसे वित्तीय लाभ अब तक नहीं मिले हैं। कई कर्मचारी इन लाभों की प्रतीक्षा करते हुए दुनिया से विदा हो गए, लेकिन उनके परिवारों को भी अपने हक के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसके अलावा मेडिकल बिल, महंगाई भत्ते की किस्तों और एरियर का भुगतान भी लंबित है। बोर्ड और निगमों के सेवानिवृत्त कर्मचारी भी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सरकारें बदलती रहती हैं, लेकिन कर्मचारियों के अधिकार और सरकार की जिम्मेदारियां समाप्त नहीं होतीं। वर्ष 2006 में पांचवें वेतन आयोग के लाभ लागू होने के बाद सत्ता परिवर्तन के बावजूद अगली सरकार ने कर्मचारियों के देय लाभों का भुगतान किया था। इसी तरह छठे वेतन आयोग के लाभ जनवरी 2022 से मिलने शुरू हुए थे। ऐसे में वर्तमान सरकार की जिम्मेदारी है कि वह लंबित भुगतान सुनिश्चित करे।

सरकार से जल्द समाधान की मांग: नरोत्तम ठाकुर ने मांग की कि वर्ष 2016 से 2022 तक सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सभी लंबित वित्तीय लाभ जारी किए जाएं। ग्रेच्युटी, लीव इनकैशमेंट, कम्यूटेशन और मेडिकल बिलों का प्राथमिकता से भुगतान किया जाए। साथ ही महंगाई भत्ते के एरियर तथा बोर्ड और निगमों के पेंशनरों की समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने पेंशनर संगठनों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर समयबद्ध समाधान निकालने की मांग की। उन्होंने पेंशनरों को भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों की लड़ाई में भाजपा उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को अपने अधिकारों के लिए धरना देने को मजबूर करना स्वीकार्य नहीं है।

रजनी पाटिल मांगे पीएम मोदी और अमित शाह से सार्वजनिक माफी : अखिलेश कपूर

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल। हिमाचल भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल द्वारा प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेकर की गई टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई है। अखिलेश ने कहा कि लोकतंत्र में वैचारिक विरोध और राजनीतिक आलोचना का सभी को अधिकार है, लेकिन राजनीतिक मतभेदों के नाम पर देश के सर्वोच्च नेतृत्व के प्रति व्यक्तिगत एवं अमर्यादित टिप्पणियां करना उचित नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता के जनादेश से देश का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके प्रति इस प्रकार की टिप्पणी करना करोड़ों देशवासियों की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि रजनी पाटिल को प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह पर टिप्पणी करने के बजाय इस बात की चिंता करनी चाहिए कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने हिमाचल की जनता से जो वादे किए थे, वे आज तक कितने पूरे हुए हैं। प्रदेश की जनता आज भी कांग्रेस की गारंटियों के पूरा होने का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि रजनी पाटिल को प्रदेश कांग्रेस के भीतर चल रही गंभीर अंदरुनी खींचतान और गुटबाजी पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। कांग्रेस के नेता आपसी वर्चस्व की लड़ाई में उलझे हुए हैं, जबकि प्रदेश के विकास और जनता के मुद्दे पीछे छूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधूरी गारंटियां, अव्यवस्था और जनहित से जुड़े अनेक सवाल सरकार के सामने खड़े हैं। कांग्रेस प्रभारी को इन सवालों का जवाब तलाशना चाहिए, न कि प्रधानमंत्री मोदी जी और गृह मंत्री अमित शाह जी पर व्यक्तिगत टिप्पणियां करके जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास करना चाहिए। अखिलेश कपूर ने रजनी पाटिल से मांग की कि वे अपनी अमर्यादित टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन देश के शीर्ष संवैधानिक पदों पर बैठे नेतृत्व के प्रति सार्वजनिक भाषा में मर्यादा बनाए रखना आवश्यक है।

न्यूज ब्रीफ

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 28 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। शैक्षणिक सत्र 2027 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर होगा। जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला के प्रिंसिपल राजेश कुमार ने बताया कि यह परीक्षा जिला कांगड़ा के कुल 28 परीक्षा केंद्रों में संचालित होगी जो 28 नवंबर को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक चलेगी। सभी आवेदक छात्र निर्धारित समय पर अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

खेलो हिमाचल में भाग लेने के लिए 30 तक करें पंजीकरण : डॉ. सुरिंदर ठाकुर



अनंत ज्ञान, अशोक ठाकुर, इंदौरा। प्रदेश सरकार के 'खेलो हिमाचल-चिट्टा मुक्त अभियान' के तहत इंदौरा उपमंडल में खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर एसडीएम डॉ. सुरिंदर ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रतियोगिताओं की तैयारियों और युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई।अभियान के तहत 15 से 30 वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, कुश्ती और रस्साकशी सहित आठ खेलों का आयोजन होगा। प्रतियोगिताएं उपमंडल, जिला और राज्य स्तर पर होंगी। उपमंडल स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमशः 51 हजार, 41 हजार और 31 हजार रुपए मिलेंगे। जिला स्तर पर विजेताओं को क्रमशः दो लाख, डेढ़ लाख और एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी। एसडीएम ने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने की अपील की। इच्छुक खिलाड़ी और टीमें 30 नवंबर, 2026 तक https//khelohimachal.hp.gov.in/ पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।

धर्मशाला में वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित



अनंत ज्ञान, शाहपुर। ब्रह्माकुमारीज के संगम अभियान के तहत धर्मशाला में वरिष्ठ नागरिक सम्मान एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन रैत की ओर से शिक्षा, पत्रकारिता और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। कॉलेज के कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया ने सेवानिवृत्त प्राचार्यों, वरिष्ठ पत्रकारों और समाजसेवियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ. एनएन शर्मा, सुनील वर्मा, तेज सिंह ठाकुर, डॉ. नरेंद्र, अशोक रैना, विजय शर्मा, डॉ. जगदीश सिंह, डॉ. रामपाल चौपड़ा, रमा शर्मा, गीता कपूर, गौतम पठानिया सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कॉलेज प्रबंधन ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। उनका सम्मान करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी है।

कांगड़ा में भाजपा संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर किया मंथन

डॉ. बिंदल की अध्यक्षता में हुई बैठक, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर

- बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम, संगठन महामंत्री सिद्धार्थन सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने लिया भाग

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अध्यक्षता में जिला कांगड़ा की छोटी टोली की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया तथा संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी की विभिन्न गतिविधियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन सिंह परमार, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर, विधायक सुधीर शर्मा, विधायक पवन काजल तथा पायल वैद्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला कांगड़ा में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा संगठनात्मक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त पार्टी के विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा बूथ स्तर पर संगठनात्मक समन्वय को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा, जिला स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन तथा पार्टी के विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के विषयों पर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर संगठनात्मक कार्यों को गति देने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा पार्टी की गतिविधियों को मंडल एवं बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार साझा किए तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया।

रजनी पाटिल का बयान निंदनीय दर्ज हो एफआईआर : संजय शर्मा

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, धर्मशाला। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सांसद अनुराग ठाकुर के खिलाफ की गई कथित अमर्यादित टिप्पणियों की कड़ी निंदा की है।

उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष नेताओं के लिए 'रंगा-बिल्ला' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कांग्रेस की राजनीतिक हताशा और गिरते स्तर को दर्शाता है। संजय शर्मा ने कहा कि अनुराग ठाकुर पांच बार के सांसद और राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेता हैं। उनके खिलाफ अशोभनीय भाषा का प्रयोग करना लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस प्रभारी का बयान देश की करोड़ों जनता के जनादेश का भी अपमान है।

भाजपा प्रवक्ता ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यदि सांसद कंगना रनौत के खिलाफ राजनीतिक बयान को लेकर एफआईआर दर्ज हो सकती है तो रजनी पाटिल के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? उन्होंने मांग की कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए और उनके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। कांग्रेस के भाजपा पर सुक्खू सरकार को अस्थिर करने के आरोपों को खारिज करते हुए संजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी अंतर्कलह, कुप्रबंधन और जनविरोधी नीतियों के कारण परेशान है। कांग्रेस के विधायक और कार्यकर्ता भी सरकार की कार्यप्रणाली से नाराज हैं। संजय शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि रजनी पाटिल ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी और प्रशासन ने उचित कार्रवाई नहीं की तो भाजपा प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन करेगी।

दृष्टिबाधित पर्वतारोही छोनजिन आंगमो 19 को होंगी टोंगलेन के धन्यवाद दिवस की मुख्य अतिथि



अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। माउंट एवरेस्ट विजेता विश्व की पहली और एकमात्र दृष्टिबाधित महिला छोनजिन आंगमो 19 नवंबर को धर्मशाला में टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के वार्षिक 'धन्यवाद दिवस' समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। वह शत प्रतिशत दृष्टिबाधित हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 2024 में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित आंगमो दिल्ली में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में अधिकारी हैं। वह पर्वतारोहण के अलावा साइकिलिंग तैराकी फुटबॉल, मैराथन और मार्शल आर्ट आदि के क्षेत्र में भी अनेक पुरस्कार प्राप्त कर चुकी हैं। उन्होंने यूरोप की सबसे ऊंची पर्वत चोटी पर भी विजय प्राप्त की है। टोंगलेन के संस्थापक निदेशक भिक्षु जामयांग ने बताया कि झुग्गी बस्तियों के विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और कार्यक्रम में शामिल होने वाले अन्य लोगों के लिए छोनजिन आंगमो बहुत बड़ी प्रेरणा होंगी। वह किन्नौर की रहने वाली हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्य पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार अर्चना फुल्ल होंगी। झुग्गी बस्तियों मे टोंगलेन पिछले 21 वर्षों से समग्र विकास के लिए कार्यरत है। धर्मशाला में सराह गांव में झुग्गी बस्तियों के बच्चों के लिए संस्था का अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्कूल और हॉस्टल है।

द्रोणाचार्य कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित

अनंत ज्ञान, कोहली, शाहपुर। द्रोणाचार्य पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रैत में बीबीए, बीसीए एवं बीकॉम विभाग के प्राध्यापकों के लिए दो दिवसीय इन-हाउस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया गया। इसका आयोजन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल तथा इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का विषय डिजिटल दक्षता एवं इक्कीसवीं सदी के कौशलों के माध्यम से मानवीय क्षमता का रूपांतरण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इसके बाद योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया और प्रधानाचार्य डॉ. परवीन शर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में शिक्षकों के लिए तकनीकी दक्षता, नवाचार और आधुनिक शिक्षण कौशल बेहद जरूरी हैं। इस अवसर पर प्रबंधन निदेशक जीएस पठानिया सहित विभागाध्यक्ष और सभी संबंधित प्राध्यापक उपस्थित रहे।

पपरोला आयुर्वेदिक कॉलेज में बदहाल व्यवस्थाएं, सिर्फ कागजों में आयुर्वेद का प्रचार

छह स्वीकृत पदों पर एक भी नियमित सर्जन नहीं

- नर्सिंग स्टाफ के 20 स्वीकृत पदों में से 11 खाली, एमडी की पढ़ाई पर भी मंडराने लगा संकट

अनंत ज्ञान

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ। केंद्र और प्रदेश सरकारें आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के दावे कर रही हैं, लेकिन उत्तरी भारत के प्रमुख संस्थानों में शामिल राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पपरोला में स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है।

संस्थान में चिकित्सकों से लेकर नर्सिंग कर्मचारियों तक के कई पद रिक्त पड़े हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति शल्य चिकित्सा विभाग की है, जहां छह स्वीकृत पदों के बावजूद एक भी नियमित चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। विभाग का कामकाज रेजिडेंट डॉक्टरों के सहारे चल रहा है। नियमित प्रोफेसर व विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने में परेशानी आ रही है। इसका असर यहां संचालित एमडी पाठ्यक्रम पर भी पड़ सकता है। पहले एक सेवानिवृत्त शल्य चिकित्सक की सेवाएं ली जा रही थीं, लेकिन अब उनकी सेवाएं भी समाप्त हो चुकी हैं। ऐसे में जल्द नियुक्तियां नहीं हुईं तो शल्य चिकित्सा में एमडी की पढ़ाई जारी रखने पर संकट खड़ा हो सकता है। आई एंड ईएनटी विभाग की स्थिति भी चिंताजनक है। यहां स्वीकृत पदों के मुकाबले केवल एक चिकित्सक सेवाएं दे रहा है। आगामी छह महीनों में नई नियुक्ति नहीं होने पर यह पद भी खाली हो सकता है। नर्सिंग स्टाफ की कमी ने भी अस्पताल की व्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। मरीजों की संख्या के अनुसार करीब 40 से 45 नर्सिंग कर्मचारियों की जरूरत बताई जा रही है, जबकि केवल 20 पद स्वीकृत हैं। इनमें से भी 11 रिक्त हैं और मात्र नौ कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। इससे मरीजों की देखभाल का अतिरिक्त बोझ मौजूदा कर्मचारियों पर पड़ रहा है। लोगों ने हैरानी जताई कि प्रदेश के आयुष मंत्री का विधानसभा क्षेत्र पड़ोस में होने के बावजूद संस्थान की समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। उन्होंने सरकार और आयुष विभाग से रिक्त पदों को शीघ्र भरने तथा नर्सिंग स्टाफ की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

मुख्यमंत्री के समक्ष उठाऊंगा मामला : अनुराग शर्मा



राज्यसभा सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि संस्थान की समस्याएं उनके ध्यान में आई हैं। वह जल्द मुख्यमंत्री से बातचीत कर इस मामले को उठाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि पपरोला आयुर्वेदिक महाविद्यालय के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी और इसे देश के अग्रणी संस्थानों में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

आखिर एसआईयू के शिकंजे में आया अमृतसर का कथित चिट्टा कारोबारी



अनंत ज्ञान

- पुलिस से बचने के लिए हर महीने बदलता था ठिकाना
- आधी रात को किराये के कमरे से चिट्टा, सिरिंज और 5,300 रुपए बरामद

राहुल सहगल, चंबा। चंबा में नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एसआईयू टीम ने अमृतसर निवासी 36 वर्षीय युवक को कथित चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गगन की अध्यक्षता में टीम ने सोमवार रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच गुप्त सूचना के आधार पर मुगला स्थित डीएवी स्कूल के नजदीक एक किराये के कमरे में दबिश दी। तलाशी के दौरान 7.59 ग्राम चिट्टा, एक सिरिंज और 5,300 रुपये नकद बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान राजन महाजन (36) पुत्र स्वर्गीय विजय महाजन, निवासी पालम विहार, अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक वह करीब डेढ़ साल से चंबा में रह रहा था और कथित तौर पर पुलिस से बचने के लिए हर महीने अपना ठिकाना बदलता था।

पुलिस आरोपी के सप्लाई नेटवर्क और स्थानीय संपर्कों की जांच कर रही है। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगामी कार्रवाई जारी है।

जालपा माता मंदिर काबरी में नशेड़ियों का कब्जा

शौचालय और पानी की टंकी तोड़ी, स्ट्रीट लाइट भी चोरी, महिलाओं और राहगीरों में बढ़ा डर

अनंत ज्ञान

देशराज कश्यप, धरवाला। चंबा जिला की बेलज घाटी स्थित प्रसिद्ध जालपा माता मंदिर काबरी में असामाजिक तत्वों की गतिविधियों ने धार्मिक आस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस मंदिर परिसर में श्रद्धालु मां के दरबार में शीश नवाने पहुंचते हैं, वहां रात के अंधेरे में कथित तौर पर नशेड़ियों की महफिल सज रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, शाम ढलते ही मंदिर परिसर और मंदिर की सराय के पीछे असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। यहां शराब के जाम छलकाने के साथ देर रात तक हुड़दंग मचाया जाता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि नशे में धुत उपद्रवियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि मंदिर की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाने से गुरेज नहीं किया जा रहा। इन शरारती तत्वों ने मंदिर परिसर में बने शौचालय का ताला तोड़कर टॉयलेट सीट को क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं, शौचालय में मिट्टी और पत्थर भर दिए गए तथा उसके ऊपर स्थापित पानी की टंकी को भी बुरी तरह नुकसान पहुंचाया गया। वहीं, मंदिर परिसर के बाहर लगी स्ट्रीट लाइट भी चोरी कर ली गई है।

मंदिर परिसर में शौचालय और पानी की टंकी को नुकसान पहुंचाए जाने से मां के दरबार में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। उनका कहना है कि धार्मिक स्थल पर इस तरह की गतिविधियां केवल सरकारी या मंदिर संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोगों की धार्मिक भावनाओं को भी आहत कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इन गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो असामाजिक तत्व मंदिर के गर्भगृह में स्थापित माता रानी की प्राचीन मूर्ति और मंदिर की अन्य बहुमूल्य संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक, रात के समय मंदिर मार्ग पर नशे में धुत लोगों की मौजूदगी के कारण महिलाओं, बेटियों और अकेले आने-जाने वाले राहगीरों में भय का माहौल है। लोगों का कहना है कि नशे में हुड़दंग मचाने वाले ऐसे तत्वों से उलझना भी जोखिम भरा हो सकता है। ऐसे में इस मार्ग से अकेले गुजरना लोगों के लिए चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जालपा माता मंदिर काबरी में नियमित रात्रि गश्त सुनिश्चित की जाए तथा मंदिर परिसर में तोड़फोड़ और चोरी करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

मंदिर में तोड़फोड़ की घटनाएं बेहद चिंताजनक : शम्मी कुमार





स्थानीय निवासी शम्मी कुमार ने कहा कि श्रद्धा के प्रतीक इस मंदिर में तोड़फोड़ की घटनाएं बेहद चिंताजनक हैं। रात के समय नशेड़ियों के जमावड़े से क्षेत्र की महिलाओं और बेटियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो रही है।

पुलिस बढ़ाए रात्रि गश्त : जगदीश



स्थानीय निवासी जगदीश कुमार ने कहा कि जालपा माता मंदिर में शौचालय और पानी की टंकी को नुकसान पहुंचाना धार्मिक आस्था पर सीधा हमला है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर शाम मंदिर परिसर में नशेड़ियों की टोलियां जुटती हैं और देर रात तक हुड़दंग मचाती हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मंदिर परिसर में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की।

सभी महिलाओं को मिले 1500 रुपए, योजना का लाभ चुनिंदा महिलाओं तक सीमित न रहे: अशोक



अनंत ज्ञान, भरमौर। भाजपा मंडल अध्यक्ष होली अशोक राजपूत ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि 18 से 59 वर्ष तक की सभी पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की सभी महिलाओं को 1500 रुपये देने की गारंटी दी थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार इस वादे को सीमित दायरे में लागू कर रही है। राजपूत ने कहा कि कुछ चुनिंदा महिलाओं को ही योजना का लाभ देना बाकी महिलाओं के साथ अन्याय है। महंगाई के दौर में महिलाओं को आर्थिक सहायता की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सुख आश्रय योजना के तहत सभी पात्र महिलाओं को शामिल कर चुनावी गारंटी पूरी की जाए, ताकि कोई भी महिला आर्थिक सहायता से वंचित न रहे।

चंबा में पहली बार यूनिफाइड गेम्स का आगाज सामान्य और विशेष विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा



अनंत ज्ञान, चंबा। जिले में पहली बार समग्र शिक्षा के तहत तीन दिवसीय यूनिफाइड गेम्स का शुभारंभ हरिपुर ग्राउंड चंबा में हुआ। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) सरू की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में सामान्य विद्यार्थियों के साथ विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थी भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा उपनिदेशक (गुणवत्ता) एवं जिला समग्र शिक्षा अधिकारी उपमा शर्मा ने खेल ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद मां सरस्वती की वंदना के साथ खेलों का आगाज हुआ। इस अवसर पर उपमा शर्मा ने कहा कि यूनिफाइड गेम्स का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को समान अवसर प्रदान करना और उसके भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना है। खेलों से बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग और समानता की भावना विकसित होती है। तीन दिवसीय आयोजन में वॉलीबॉल, बोच्ची, फुटबॉल और बैडमिंटन की प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। विभिन्न शिक्षा खंडों के विद्यार्थी इसमें भाग ले रहे हैं। यह आयोजन समावेशी शिक्षा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

डलहौजी पब्लिक स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

- आर्यनदीप बने स्कूल कैप्टन, दिवाशिस कौर को मिली हेड गर्ल की कमान

अनंत ज्ञान



अजीत सिंह, डलहौजी। डलहौजी पब्लिक स्कूल में 16 और 17 नवंबर को दो दिवसीय वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं इन्वेस्टीचर समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों और नेतृत्व क्षमता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

समारोह में दोनों दिन मुख्य अतिथियों का स्कूल बैंड की धुनों के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत और इंटर-हाउस भाषण प्रतियोगिता के फाइनल राउंड से हुआ। इसके बाद पुरस्कार वितरण और नई छात्र परिषद का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

16 नवंबर को डलहौजी कैंट स्टेशन हेडक्वार्टर के ईसीएचएस सेल के ओसी लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन गुप्ता (एसएम) मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर कक्षा दसवीं के हर्ष और दयाप्रीत कौर को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ छात्र और सर्वश्रेष्ठ छात्रा के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

वहीं, 17 नवंबर को स्टेशन हेडक्वार्टर डलहौजी कैंट के एसओ वर्क्स कर्नल प्रदीप शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में आर्यनदीप उपाध्याय को स्कूल कैप्टन, समरवीर सिंह को वाइस कैप्टन, दिवाशिस कौर को हेड गर्ल और देवांशी ठाकुर को वाइस हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इसके अलावा सीनियर और जूनियर हाउस के कैप्टन तथा प्रीफेक्ट्स को भी बैज प्रदान किए गए। कक्षा 12वीं के शौर्य सिंह और भव्य मेहता को सर्वश्रेष्ठ छात्र एवं छात्रा का पुरस्कार मिला।

कर्नल प्रदीप शर्मा ने कहा कि जीवन में लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण बेहद जरूरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने और अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। दोनों मुख्य अतिथियों ने सम्मानित विद्यार्थियों और नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को बधाई दी। स्कूल प्रबंधन ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले शिक्षकों और कर्मचारियों की सराहना की।

चंबा में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण को मिलेगा बढ़ावा : अमित मैहरा

अनंत ज्ञान, चंबा। अतिरिक्त उपायुक्त अमित मैहरा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में जिला स्तरीय अप्रेंटिसशिप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने तथा राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। अमित मैहरा ने कहा कि अप्रेंटिसशिप युवाओं को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली समझने और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का बेहतर माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिए कि 30 या इससे अधिक कर्मचारी वाले सभी सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठान अप्रेंटिसशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण प्रदान करें।

उन्होंने बताया कि पात्र प्रतिष्ठानों में कुल कर्मचारियों की संख्या के 2.5 से 15 प्रतिशत तक प्रशिक्षु रखने का प्रावधान है। आईटीआई प्रशिक्षुओं के लिए न्यूनतम मानदेय 9,600 रुपये प्रतिमाह निर्धारित है। वहीं, निजी उद्योगों और एमएसएमई को मानदेय का 25 प्रतिशत या अधिकतम 1,500 रुपये प्रतिमाह प्रति प्रशिक्षु सरकारी सहायता के रूप में मिलेगा। बैठक में एचआरटीसी चम्बा के क्षेत्रीय प्रबंधक शुगल सिंह के प्रयासों की सराहना की गई। उन्होंने बताया कि निगम की कार्यशाला में प्रशिक्षु सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

किश्तवाड़ में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन के बाद चंबा में सुरक्षा कड़ी

अनंत ज्ञान

चंबा। जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिला किश्तवाड़ में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए काउंटर टेरर ऑपरेशन के दौरान 2 विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की मौत के बाद जिला चंबा पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए पुलिस ने नाकाबंदी और गश्त बढ़ाने के निर्देश जारी किए हैं।

पुलिस अधीक्षक चंबा की ओर से जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ ओसीपी और बीसीपी प्रभारियों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त सभी एसपीओ को आवश्यक सूचनाएं एकत्रित करने और सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। किश्तवाड़ में हुई घटना के मद्देनजर चंबा के संवेदनशील सीमावर्ती इलाकों में पुलिस निगरानी बढ़ाई जा रही है।

पुलिस प्रशासन ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बढ़ाने के साथ आम लोगों से भी सुरक्षा संबंधी गतिविधियों के प्रति जागरूक रहने की अपील की है।

मारपीट के दो मामले दर्ज

जिला चंबा पुलिस ने 13 नवंबर को मारपीट और रास्ता रोकने के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। पहले मामले में पुलिस थाना सदर में ढाडू निवासी हनीफ की शिकायत पर इस्माईल सहित पांच लोगों के खिलाफ अभियोग संख्या 259/26 दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार 12 नवंबर को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने परिवार के साथ पशु चराने गया था। इसी दौरान आरोपियों ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौच की और उसके साथ मारपीट की। दूसरे मामले में पुलिस थाना तीसा में सिदलू निवासी ओम प्रकाश की शिकायत पर चीह निवासी योगराज के खिलाफ अभियोग संख्या 115/26 दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि 12 नवंबर को सुबह करीब 10 बजे आरोपी ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौच और मारपीट की। पुलिस ने दोनों मामलों में मामले दर्ज कर आगामी अन्वेषण शुरू कर दिया है।

चंबा में मधुमेह व उच्च रक्तचाप से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान



अनंत ज्ञान, चंबा। विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चम्बा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। इसमें विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के रक्तचाप एवं रक्त शर्करा की जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने कहा कि असंतुलित खानपान, शारीरिक गतिविधियों में कमी और तनाव मधुमेह व उच्च रक्तचाप के प्रमुख कारण हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाकर इन बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कविता महाजन ने कहा कि शुरुआती चरण में इन बीमारियों के लक्षण स्पष्ट नहीं होते, इसलिए नियमित जांच जरूरी है। शिविर में पौष्टिक आहार, व्यायाम और तंबाकू से दूरी बनाए रखने के प्रति भी जागरूक किया गया।

न्यूज ब्रीफ

आरसेटी का निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कल से

अनंत ज्ञान, ऊना। पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), ऊना की ओर से 19 नवंबर से निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। संस्थान के निदेशक विजय सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को रहने और खाने की सुविधा के साथ सिलाई संबंधी आवश्यक सामग्री भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रशिक्षण पूरा करने पर मान्यता प्राप्त सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के जिला ऊना के स्थायी निवासी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 18 नवंबर तक आधार कार्ड, राशन कार्ड की छायाप्रति और तीन पासपोर्ट आकार के फोटो सहित पीएनबी आरसेटी कार्यालय, आरटीओ कार्यालय के समीप रामपुर (ऊना) में पंजीकरण करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9736481976 पर संपर्क किया जा सकता है।

राधे-राधे शाम मिलादे की धुनों से गूंजा गोंदपुर बनेहड़ा

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के समीप राधे-कृष्णा सीता-राम शिव गौरी दुर्गा मंदिर परिसर में मंगलवार को श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा वाचक महेश स्वामी ने प्रवचनों में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से सद्कर्म करने की प्रेरणा मिलती है और मनुष्य के पाप व दुख दूर होते हैं। उन्होंने कथा के विभिन्न प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर राधे-राधे और भक्ति भजनों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने राधा-कृष्ण का गुणगान किया और कथा का आनंद लिया। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया।

सुंकाली शिव मंदिर में लगाया भंडारा

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। सुंकाली में शिव मंदिर में मंगलवार को वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई और भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पूरा सुंकाली इलाका माता रानी के भजनों से गूंज रहा था।

गोंदपुर बनेहड़ा लोअर में विशेष ग्रामसभा आज

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा। गोंदपुर बनेहड़ा लोअर की प्रधान सुषमा कुमारी ने बताया आज 18 नवंबर को गोंदपुर बनेहडा में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गांव से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।उन्होंने ग्राम वासियों से अपनी हाजिरी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

बंगाणा प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने रहेंगे अनिल ठाकुर

अनंत ज्ञान, बंगाणा। प्रेस क्लब बंगाणा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें वरिष्ठ पत्रकार अनिल ठाकुर को लगातार पांचवीं बार अध्यक्ष चुना गया। पत्रकार साथियों ने उन्हें बधाई दी। नई कार्यकारिणी में राम सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजय शर्मा और मुकेश कुमार को उपाध्यक्ष, जोगिंद्र देव आर्य को महासचिव, रिंकू भारद्वाज और रणधीर सिंह को सचिव तथा जीएस जस्सल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, जितेंद्र शर्मा को संगठन मंत्री बनाया गया। इसके अलावा अभिषेक कुमार और राजेश ठाकुर को संयुक्त सचिव तथा शकुंतला देवी, नीना कुमारी, संजीव ठाकुर, मनोज कुमार और कृष्ण कुमार को कार्यकारिणी सदस्य की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने सभी पत्रकारों का आभार जताते हुए कहा कि वह सभी को साथ लेकर प्रेस क्लब को मजबूत बनाने और पत्रकारों के हितों के लिए काम करेंगे।

ननांवी-नरुह वाया ब्रेह सड़क जल्द बनने की जगी उम्मीद

विधायक विवेक शर्मा से मिले पंचायत प्रतिनिधि, 100 परिवारों को मिलेगा लाभ

अनंत ज्ञान



बंगाणा। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र की पंचायत मलांगड़ के ननांवी, नरुह वाया ब्रेह सड़क निर्माण की वर्षों पुरानी मांग जल्द पूरी होने की उम्मीद जगी है। सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग को लेकर पंचायत प्रधान रेखा देवी, उपप्रधान संजय शर्मा सहित पंचायत के अन्य वार्ड सदस्यों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने विधायक विवेक शर्मा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के समक्ष सड़क निर्माण का मुद्दा उठाते हुए जल्द कार्य शुरू करवाने का आग्रह किया।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क सुविधा न होने के कारण स्थानीय परिवारों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और बीमार लोगों को आने-जाने में दिक्कतें झेलनी पड़ती हैं। सड़क न होने से किसानों और विद्यार्थियों को भी परेशानी होती है।

विधायक विवेक शर्मा ने पंचायत प्रतिनिधियों की मांग को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बनने से क्षेत्र के करीब 100 परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों को घर तक पहुंचने के लिए बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में एंबुलेंस और अन्य वाहनों की आवाजाही भी आसान होगी।

विधायक ने कहा कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव और पंचायत का समान विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करवाना उनकी जिम्मेदारी है।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क निर्माण की दिशा में प्रयास तेज किए जाएंगे, ताकि वर्षों से सड़क सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को राहत मिल सके। इस मौके पर पंचायत प्रधान रेखा देवी, उपप्रधान संजय शर्मा, अन्य वार्ड सदस्य और क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। पंचायत प्रतिनिधियों ने सड़क निर्माण की मांग जल्द पूरी होने की उम्मीद जताई।

ऊना कॉलेज में 19 नवंबर से अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी

अनंत ज्ञान

- छह विषयगत ट्रैक में होंगे 18 तकनीकी सत्र
- भारत सहित कई देशों के विशेषज्ञ लेंगे भाग

ऊना। राजकीय महाविद्यालय ऊना के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली के प्रायोजन में 19 और 20 नवंबर को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। हाइब्रिड माध्यम से होने वाले इस आयोजन में भारत सहित विभिन्न देशों के शिक्षाविद्, शोधार्थी और विशेषज्ञ भाग लेंगे।

संगोष्ठी में छह विषयगत ट्रैक के तहत 18 तकनीकी सत्र आयोजित होंगे। इनमें उभरती प्रौद्योगिकियों, नवाचार, सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और विकास की संभावनाओं पर चर्चा होगी।

पहले दिन पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की डॉ. जयन्ती दत्ता, अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ चार्ल्सटन के डॉ. सुवायन डे और मलेशिया के शियामेन विश्वविद्यालय की डॉ. शैदाह बिंती जुशोह मुख्य वक्ता रहेंगी। 20 नवंबर को नेपाल के प्रो. राम कुमार फुयाल, मॉरीशस विश्वविद्यालय के प्रो. संजीव के. सोभे और थाईलैंड की डॉ. चुट्टिमा पिसार्न व्याख्यान देंगे।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा के मार्गदर्शन में तैयारियों की समीक्षा बैठक उप-प्राचार्य प्रो. पुनीत प्रेम कंवर ने ली। उन्होंने आयोजन समितियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए।

संगोष्ठी संयोजक डॉ. शाम सिंह बैन्स ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं को साझा मंच प्रदान करना तथा शोध, नवाचार और सामाजिक-आर्थिक बदलावों से जुड़े विचारों का आदान-प्रदान करना है।

एसएसआरवीएम में विद्यार्थियों को नशे और मोबाइल के बताए दुष्प्रभाव

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, ऊना। एसएसआरवीएम ऊना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों, मोबाइल के जिम्मेदार उपयोग और अनुशासित जीवन का महत्व समझाया गया।

कार्यक्रम में अधिवक्ता मीनाक्षी राणा और महिला पुलिस थाना प्रभारी सुमन शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। सुमन शर्मा ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे और गलत संगति से दूर रहकर सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे, जिनका अतिथियों ने जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

विद्यालय के प्रबंध निदेशक सुमेश कुमार शर्मा ने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ जीवन की चुनौतियों को समझना भी जरूरी है। उन्होंने तकनीक का सदुपयोग करने, अच्छे संस्कार अपनाने और अनुशासित दिनचर्या बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बसाल के कृष्णा 18वें स्थान पर

- 400 और 800 मीटर दौड़ में राष्ट्रीय स्तर पर दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान, ऊना। नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसाल के जमा एक के छात्र कृष्णा ने एथलेटिक्स के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर 18वां स्थान हासिल किया है।

मध्य प्रदेश के शिवपुरी में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कृष्णा ने 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ में भाग लेकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले कृष्णा ने राज्य स्तर पर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह बनाई थी।

राष्ट्रीय स्तर पर 18वां रैंक हासिल करना उसकी मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। कृष्णा की इस उपलब्धि का समाचार मिलते ही विद्यालय के अध्यापकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह ने कृष्णा को बधाई देते हुए कहा कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कृष्णा ने अपनी मेहनत से इसे साबित कर दिखाया है।

सतीश गोगी ने घंगरेट की महिलाओं को भेंट की दो सिलाई मशीनें



अनंत ज्ञान

विवेक शर्मा, अंब। ग्राम पंचायत घंगरेट में सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण ले रही बेटियों और महिलाओं को समाजसेवी सतीश कुमार गोगी ने करीब 14 हजार रुपए की दो सिलाई मशीनें भेंट कीं। मशीनों की कमी के चलते प्रशिक्षणार्थियों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता था।

सतीश कुमार गोगी ने महिलाओं की समस्या को देखते हुए यह पहल की, जिससे अब प्रशिक्षण कार्य में तेजी आएगी और सभी महिलाओं को अभ्यास के अधिक अवसर मिलेंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को हुनरमंद बनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

सिलाई प्रशिक्षिका अंजना देवी सहित काजल, शीतल, आंचल, निकिता और शिवानी ने इस सहयोग के लिए उनका आभार जताया। सतीश कुमार गोगी ने कहा कि बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समाज के हर व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान वरिंदर शर्मा, उपप्रधान ओंकार शास्त्री सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बिरसा मुंडा को किया नमन, नीला में गूंजा जनजातीय गौरव का संदेश



अनंत ज्ञान

- अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष की गाथा को किया याद
- टोबा पंचायत में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

राकेश कुमार, स्वारघाट। उपमंडल स्वारघाट की ग्राम पंचायत टोबा के गांव नीला में भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय पंचायत प्रधान ने की, जबकि खंड विकास अधिकारी स्वारघाट विनय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस दौरान विनय शर्मा ने बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए ऐतिहासिक आंदोलन चलाया था। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सक ने आयुष्मान भारत योजना और स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर वार्ड सदस्य, महिला मंडल, युवक मंडल, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

सनसनी नहीं, तथ्यों की पुष्टि हो पत्रकारिता की प्राथमिकता : डीसी

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से होटल लेक व्यू बिलासपुर में जिला स्तरीय राष्ट्रीय प्रेस दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त किरण भड़ाना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि पत्रकारिता में सनसनी फैलाने के बजाय तथ्यों की पुष्टि, निष्पक्षता और जनहित को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इस वर्ष का विषय 'पत्रकारिता: सनसनी या जिम्मेदारी' रहा। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और समाज की समस्याओं को आवाज देने में इसकी अहम भूमिका है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक धीमान ने भी जिम्मेदार पत्रकारिता और प्रमाणिक सूचनाओं के प्रसार पर जोर दिया। एसडीएम राजकुमार ने बदलते समय के साथ पत्रकारों को अपडेट रहने की बात कही। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अरुण डोगरा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई तथा दो मिनट का मौन रखा गया। वक्ताओं ने उनके पत्रकारिता में योगदान को याद करते हुए निधन को अपूरणीय क्षति बताया।

दिव्या ने नूरपुर में ओपन मैराथन में जीता 5100 का कैश प्राइज

अनंत ज्ञान



ऊना। हिमाचल प्रदेश के नूरपुर में ओपन मैराथन में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसाल की जमा एक विज्ञान संकाय की छात्रा दिव्या ने राज्य भर में दूसरा स्थान हासिल करके 5100 का नकद पुरस्कार हासिल किया है। इससे विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर फैल गई है। प्रधानाचार्य प्रदीप सिंह के नेतृत्व में एक वर्ष में ही खेलों और शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय के विकास में और विचार चांद लगाए हैं। उन्होंने स्कूल के बच्चों अध्यापको, अभिभावकों तथा शारीरिक शिक्षकों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

यह प्रतियोगिता 15 नवंबर को आयोजित हुई और आज स्कूल पधारने पर दिव्या का बच्चों, अध्यापकों ने भव्य स्वागत किया प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए दिव्या से प्रेरणा लेने अपील की और कहा आज के युग में आप लोग किसी भी क्षेत्र में महारत हासिल करके अपना करियर बना सकते हैं। परंतु हरक्षेत्र मेहनत मांगता है बिना मेहनत और त्याग से मंच पर जाने का मौका नहीं मिलता जो बच्चा मंच पर जाकर इनाम हासिल करता है। तालियां भी बजती है प्रशंसा भी होती है, परंतु वहां तक पहुंचने में उसने कितना संघर्ष किया है। असली राज तो उसमें छुपा हुआ होता है और वह एक दिन में हासिल नहीं हो जाता किसी भी मंजिल तक पहुंचाने के लिए लगातार मेहनत त्याग और आरामदायक जीवन को अलविदा कहनी पड़ती है। तब जाकर मंच पर हासिल इनाम लेते समय प्रशंसा और प्रसिद्धि का हकदार विद्यार्थी बनता है हम सबको ऐसे बच्चों से प्रेरणा लेनी चाहिए।

करयालग में धूमधाम से मनाई गोपाष्टमी, अनुराग ठाकुर ने 21 गोमाताओं की सेवा का लिया संकल्प

अनंत ज्ञान



अशोक सिंघल के त्यागमयी जीवन को किया याद

मुख्य वक्ता लेखराज राणा ने श्रद्धेय अशोक सिंघल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके त्याग, समर्पण और सामाजिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने का संदेश दिया।

घुमारवीं। विश्व हिंदू परिषद द्वारा संचालित श्री राधे कृष्ण कामधेनु गौधाम करयालग में श्री गोपाष्टमी का वार्षिक उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। माता सोहनी देवी मंदिर परिसर में आयोजित इस समारोह में हमीरपुर-बिलासपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, विश्व हिंदू परिषद के उत्तर क्षेत्र मंत्री लेखराज राणा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ध्यान सिंह ठाकुर ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत गौ पूजन और गौ आरती के साथ किया गया। इस दौरान गौधाम परिसर में नवनिर्मित कपिला भवन का भी विधिवत उद्घाटन किया गया। उपस्थित अतिथियों ने युगपुरुष एवं विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्रद्धेय अशोक सिंघल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही गौ सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले गौ ग्रास दाताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह का प्रमुख आकर्षण उस समय रहा, जब सांसद अनुराग ठाकुर ने गौधाम की 21 गौमाताओं की एक वर्ष तक सेवा करने का संकल्प लिया। उनके इस संकल्प को गौ सेवा और संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा गया। इस अवसर पर गौधाम में संचालित सेवा कार्यों और गौ संरक्षण के प्रयासों की भी सराहना की गई।

समारोह में विहिप के प्रांत मंत्री तुषार डोगरा, प्रांत उपाध्यक्ष विमला, प्रांत गौ रक्षा प्रमुख अश्विनी कपिल, पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग, भाजपा नेता महेंद्र धर्माणी, पुरुषोत्तम शर्मा, जिला परिषद सदस्य नरेंद्र ठाकुर, रत्न चंद डोगरा, प्रांत निधि एवं न्यास प्रमुख दिनेश पंडित, गौधाम संरक्षक अमीचंद शास्त्री, गौधाम अध्यक्ष रतन चंद डोगरा, जिला प्रचारक रुपेंद्र नेगी, जिला मंत्री विशाल नड्डा और संवेदना संस्था के सत्येन शर्मा सहित घुमारवीं और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में गो सेवा, संरक्षण और समाज की सामूहिक भागीदारी का संदेश दिया गया।

लग दयो में दो दिवसीय आत्या-पाट्या प्रतियोगिता का समापन

बिलासपुर और मंडी का रहा दबदबा



अनंत ज्ञान

स्वारघाट। शिव मंदिर विकास एवं खेल समिति लग दयो (कलोल) के प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय आत्या-पाट्या प्रतियोगिता रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गई। आत्या-पाट्या एसोसिएशन बिलासपुर के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में ओंकार सिंह कुटलैहड़िया और संसार चंद कुटलैहड़िया (मंजूषा सहायता केंद्र परिवार) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान मुख्य अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा युवाओं को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।

प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीनियर पुरुष वर्ग में बिलासपुर विजेता और मंडी उपविजेता रहा। सीनियर महिला वर्ग में भी बिलासपुर ने पहला और मंडी ने दूसरा स्थान हासिल किया। जूनियर बालक वर्ग में कांगड़ा विजेता और मंडी उपविजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग में बिलासपुर ने पहला तथा मंडी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। सब-जूनियर बालक और बालिका दोनों वर्गों में मंडी विजेता तथा कांगड़ा उपविजेता रहा। आत्या-पाट्या एसोसिएशन बिलासपुर के महासचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने मुख्य अतिथियों, राज्य अध्यक्ष, राज्य महासचिव अनिल सांखला, जिला महासचिवों, रेफरी, कोच जिला अध्यक्ष विधया सागर और प्रदेशभर से पहुंचे करीब 350 खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों की सराहना की।

दो दिवसीय प्रतियोगिता ने पारंपरिक खेलों के प्रति युवाओं के उत्साह और खेल भावना को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन से क्षेत्र में खेल गतिविधियों को नई पहचान मिली।

स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं सम्मानित

भाजपा नेत्री लक्ष्मी ने महिला सशक्तिकरण को बताया मजबूत समाज की पहचान

अनंत ज्ञान

ऊना। गगरेट विधानसभा क्षेत्र में सहकार भारती के सौजन्य से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा नेत्री लक्ष्मी जरियाल ने क्षेत्र की मेहनती, आत्मनिर्भर एवं प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने क्षेत्र की समस्त माताओं, बहनों और महिला मंडलों का अभिनंदन करते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रयासों की सराहना की। लक्ष्मी जरियाल ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं का सम्मान उनके परिश्रम, संघर्ष, आत्मविश्वास और समाज के प्रति योगदान का सम्मान है। मातृशक्ति परिवार की आधारशिला होने के साथ-साथ समाज और राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं और अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन रही हैं।

उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र की प्रत्येक महिला को आगे बढ़ने, अपनी प्रतिभा दिखाने और सपनों को साकार करने के लिए उचित प्रोत्साहन एवं सम्मान मिले। उन्होंने कहा कि नारी का सम्मान पूरे समाज का सम्मान है तथा महिला सशक्तिकरण से ही सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस अवसर पर उन्होंने सभी महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के विद्यार्थियों ने मोरसिंघी में सीखी हैंडबॉल की बारीकियां



अनंत ज्ञान

घुमारवीं। केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के विद्यार्थियों ने हैंडबॉल नर्सरी मोरसिंघी का शैक्षणिक भ्रमण कर खेल जगत को करीब से जाना। इस दौरान विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से मिलने तथा हैंडबॉल की बारीकियां सीखने का अवसर मिला।

अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल कोच सचिन चौधरी ने विद्यार्थियों को खेल के नियमों, तकनीकों और बुनियादी पहलुओं की जानकारी दी। वहीं, नर्सरी की संचालिका एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी स्नेह लता ने प्रशिक्षण सुविधाओं और खिलाड़ियों की उपलब्धियों से रूबरू करवाया। अंडर-19 भारतीय महिला हैंडबॉल टीम की कप्तान दीक्षा सहित अन्य खिलाड़ियों ने विद्यार्थियों को वार्मअप गतिविधियां और खेल की प्रारंभिक तकनीकें सिखाईं।

विद्यालय की प्राचार्य रिंकू कुमारी ने कहा कि भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित करना और उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास व टीम भावना विकसित करना था। उन्होंने इस भ्रमण के लिए मंत्री राजेश धर्माणी का आभार जताया। साथ ही स्नेह लता और सचिन चौधरी का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। विद्यार्थियों ने इस अनुभव को यादगार बताया।

न्यूज ब्रीफ

'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 3.0' अभियान के तहत निपटाएं लंबित मामले: प्रशांत सिंह नेगी

अनंत ज्ञान, सोलन। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन ने लोगों को लंबे समय से चल रहे विवादों से राहत दिलाने के लिए 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 3.0' अभियान शुरू किया है। प्राधिकरण के सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रशांत सिंह नेगी ने बताया कि अभियान के तहत विवाह, पारिवारिक, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, मोटर वाहन चालान, वाणिज्यिक, उपभोक्ता और ऋण वसूली सहित विभिन्न मामलों का आपसी सहमति से समाधान करवाया जाएगा। भूमि अधिग्रहण, विभाजन और बेदखली से जुड़े मामले भी इसमें शामिल हैं। प्रशिक्षित मध्यस्थ की सहायता से विवादों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 01792-220713 या टोल फ्री नंबर 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

आज सोलन के इन क्षेत्रों में दो घंटे विद्युत कट

अनंत ज्ञान, सोलन। विद्युत लाइनों के आवश्यक कार्य व 11 केवी हाईटेंशन लाइन की शिफिटंग के चलते 18 नवंबर को सोलन के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने बताया कि दोपहर 12 से 2 बजे तक 11 केवी बड़ोग फीडर के तहत अंजी, शमलेच, नगाली, बड़ोग हाइट, बारा व कोरी कैंथड़ी में बिजली बंद रहेगी। इसी अवधि में रबौन फीडर के तहत पावर हाउस रोड, डुंगा मोड़, ग्रीन वैली, देऊघाट बाजार, आयुर्वेदिक अस्पताल, एलआईसी कार्यालय, हाउसिंग बोर्ड फेज-1 व 2, एससीईआरटी, रबौन व वशिष्ठ कॉलोनी में भी विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। खराब मौसम के कारण समय में बदलाव संभव है।

नारग स्कूल के दो विद्यार्थी राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए चयनित

अनंत ज्ञान, सराहां। पीएम श्री पंडित दुर्गा दत्त राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नारग के दो विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में प्रदेश के करीब पांच हजार स्कूलों के 21 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। छठी कक्षा के आराध्य वीर सिंह और नौवीं कक्षा के भूपेंद्र ने अपनी-अपनी श्रेणी में टॉप-50 में जगह बनाई। विद्यालय के विद्यार्थियों का लगातार सातवें वर्ष प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दोनों विद्यार्थी 20 नवंबर को शिमला में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यवाहक प्रधानाचार्य जय प्रकाश राही और एसएमसी अध्यक्ष अरुण पंवर ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

ग्रामीणों की शिकायत पर शिक्षा विभाग की कार्रवाई

परवा लावागो स्कूल से गैरहाजिरी पर शिक्षक निलंबित, विभाग ने दिए जांच के आदेश

अनंत ज्ञान, नाहन। शिक्षा खंड सतौन की राजकीय प्राथमिक पाठशाला परवा लावागो में समय पर नहीं पहुंचने के आरोप में एक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। ग्रामीणों और अभिभावकों के विरोध के साथ मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पर दर्ज दो शिकायतों के बाद शिक्षा विभाग ने कार्रवाई की। मामला 13 नवंबर का है। स्कूल में दो शिक्षक कार्यरत हैं। इनमें से एक खंड स्तरीय बाल मेले में शामिल होने सतौन गया था, जबकि दूसरे पर समय पर स्कूल नहीं पहुंचने का आरोप है। निलंबन अवधि में शिक्षक का मुख्यालय खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय रोनहाट रहेगा। विभाग जांच अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई करेगा।

बघाट टैक्सी यूनियन की नई कार्यकारिणी गठित, प्रवीण शर्मा बने प्रधान

अनंत ज्ञान, सोलन। बघाट टैक्सी यूनियन की आम सभा एवं चुनाव सिटी सेंटर प्लाजा में एआईटीयूसी पदाधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुए। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें प्रवीण शर्मा को प्रधान, विशांत सिंह मेहता को वरिष्ठ उपप्रधान, अमर सिंह को उपप्रधान और जेपी चंदेल को सचिव चुना गया। पवन दीप वर्मा सहसचिव, सुरेश कुमार कोषाध्यक्ष, राजीव शर्मा संगठन सचिव और अशोक बटवाल प्रचार सचिव बनाए गए। सुनील कुमार को सलाहकार, दिलीप कंवर को विशेष सलाहकार और अतुल चंद्र भारद्वाज को कानूनी सलाहकार की जिम्मेदारी सौंपी गई। पूर्व पदाधिकारियों ने सदस्यों का आभार जताया और संगठन की एकजुटता मजबूत करने की अपील की।

शूलिनी यूनिवर्सिटी में कानूनी जागरूकता डेस्क लगाकर विद्यार्थियों को दी जानकारी

अनंत ज्ञान, सोलन। शूलिनी यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ लीगल साइंसेज के लीगल एड क्लिनिक ने राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस पर कैंपस में एक दिवसीय कानूनी जागरूकता डेस्क लगाई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों व आगंतुकों को मुफ्त कानूनी सहायता, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, मानवाधिकारों, लोक अदालतों और कानूनी उपायों की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं व विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के प्रावधानों से भी अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में 30 से अधिक छात्र स्वयंसेवकों ने भाग लेकर जागरूकता सामग्री वितरित की।

भाजपा कार्यकर्ता अनिल परिहार ने टीम सहित डॉ. राजेश कश्यप से की शिष्टाचार भेंट



भाजपा नेता डॉ. राजेश से भेंट करते कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान, सोलन। ममलीग क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता अनिल परिहार ने अपनी टीम के साथ सोलन स्थित भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप के कार्यालय में पहुंचकर उनसे शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विभिन्न विषयों पर आपसी बातचीत हुई और संगठन से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर सोलन के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य विवेक डोभाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभी ने सौहार्दपूर्ण माहौल में अपने विचार साझा किए और संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े विषयों पर चर्चा की। डॉ. राजेश कश्यप ने अनिल परिहार और उनकी पूरी टीम का कार्यालय पहुंचने तथा अपना बहुमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया।

पुरुवाला में तेज रफ्तार पिकअप पलटने से नौ सवार लोग घायल, अस्पताल में भर्ती

अनंत ज्ञान, नाहन। सिरमौर जिले के पांवटा ब्लॉक के पुरुवाला क्षेत्र में अम्बोया के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में वाहन सवार नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब पहुंचाया गया। एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पिकअप अम्बोया से धमोण की ओर जा रही थी। उतराई और तीखे मोड़ पर तेज रफ्तार के कारण वाहन पलट गया। घायलों की पहचान सत्या देवी, साधु राम, अतरो देवी, हेम्मत, धीरज, शयरो देवी, बाला देवी, नीमा देवी व रीना देवी के रूप में हुई है। सभी अपर धमोण के निवासी हैं। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रेणुका मेले में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगेगा विशेष स्टॉल

अनंत ज्ञान, नाहन। भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य की गई है। पंजीकृत किसान ही केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए भी फार्मर रजिस्ट्री जरूरी होगी। उप कृषि निदेशक सिरमौर ने बताया कि 19 नवंबर से शुरू होने वाले श्रीरेणुका जी मेले में कृषि विभाग विशेष स्टॉल लगाएगा। यहां लोक मित्र केंद्र के प्रतिनिधि किसानों का पंजीकरण करेंगे। इसके लिए आधार कार्ड, आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर और कम से कम एक खसरा नंबर लाना अनिवार्य है।

गोलीकांड के आरोपियों को पकड़ने के लिए एसपी से मिले ग्रामीण

आक्रोश : जल्द गिरफ्तारी की मांग

अनंत ज्ञान

नाहन। सिरमौर जिला के शिलाई क्षेत्र में हुए गोलीकांड मामले को लेकर जामु कोटी पंचायत के ग्रामीणों ने मंगलवार को सिरमौर जिला मुख्यालय एसपी सिरमौर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच में तेजी लाने और जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग उठाई। बता दें कि बीती 9 नवंबर को शिलाई के कोटीउतरऊ के समीप चलती बाइक पर गोली चलने का मामला सामने आया था। इस घटना में बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई थी, जबकि बाइक चला रहा व्यक्ति भी घायल हुआ था। जामुकोटी पंचायत के प्रधान अशोक ठाकुर ने बताया कि एसपी ने मामले में जल्द उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है उन्होंने कहा कि गांव के सभी लोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।



सिरमौर के एसपी निश्चिंत सिंह नेगी से मिलते लोग। अनंत ज्ञान

यह है मामला...

बाइक चला रहे व्यक्ति रविंद्र सिंह ने बताया कि अपने भाई के साथ वह शिलाई क्षेत्र से घर की तरफ आ रहा था और इसी दौरान कोटी उत्तउ के समीप उन्हें गोली लगी, जिससे पीछे बैठे उनके भाई की अस्पताल ले जाने के दौरान मौत हो गई। उन्होंने कहा कि उन्हें काफी समय बाद इस बात का आभास हुआ कि उन्हें गोली लगी है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गोली लगना मौत के कारण बताया गया है।

पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और कुछ संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस जल्द मामले में आरोपियों तक पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

निश्चिंत सिंह नेगी
एसपी, सिरमौर

नगर कीर्तन के साथ मनाया पांवटा साहिब शहर का स्थापना दिवस

अनंत ज्ञान, नाहन। ऐतिहासिक शहर पांवटा साहिब का स्थापना दिवस धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। पांच प्यारों की अगुवाई और श्री गुरु ग्रंथ साहिब की छत्रछाया में नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री दशमेश पड़ाव से शुरू हुआ। शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए नगर कीर्तन वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान गतका पार्टियों ने पारंपरिक युद्ध कला के हैरतअंगेज करतब दिखाए, जबकि रागी जत्थों ने गुरुबाणी कीर्तन से संगत को निहाल किया। कमेटी के मैनेजर जगीर सिंह ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज 1685 में यहां पहुंचे थे और साढ़े चार वर्ष तक रहे। स्थापना दिवस पर कीर्तन दरबार और बच्चों की प्रतियोगिताएं भी करवाई गईं।

सूरजपुर में बाइक की ट्रक से टक्कर, बाइक चालक की मौत

तेज रफ्तार बाइक बनी हादसे की वजह, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान

नाहन। सिरमौर जिले के पांवटा साहिब क्षेत्र के सूरजपुर में तेज रफ्तार बाइक आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक और बाइक को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

- माजरा से पांवटा साहिब जा रहा था ट्रक
- घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया चिकित्सकों ने किया मृत घोषित

एसपी एनएस नेगी ने बताया कि पुलिस थाना पांवटा साहिब में विनय गोयल निवासी सूरजपुर, डाकघर पुरुवाला, तहसील पांवटा साहिब ने शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के अनुसार 15 नवंबर की रात करीब 9:15 बजे वह सूरजपुर में एनएच-07 के किनारे अपने घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान माजरा की ओर से पांवटा साहिब जा रहे ट्रक नंबर एचपी17बी-8059 को पीछे से बाइक नंबर एचपी17एबी-3351 ने टक्कर मार दी। बाइक अजय कुमार निवासी गाजीपुर, कुसुम्पटी चला रहा था। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण बाइक चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।


एनएस नेगी, एसपी

हिमाचल की प्राचीन टांकरी लिपि को सहेजने की पहल, एक माह तक मिलेगा प्रशिक्षण

लिपि के संरक्षण को राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू, देशभर के 76 प्रतिभागी सीखेंगे गुर

अनंत ज्ञान

सोलन। हिमाचल प्रदेश की प्राचीन पहाड़ी टांकरी लिपि के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के लिए राजकीय महाविद्यालय सोलन तथा हिम संस्कृति शोध संस्थान देहरी, आनी (कुल्लू) के संयुक्त तत्वावधान में एक माह की राष्ट्रीय ऑनलाइन कार्यशाला शुरू हुई। 16 नवंबर से शुरू हुई इस कार्यशाला में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के 76 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। इन्हें टांकरी लिपि के अक्षर ज्ञान, लेखन पद्धति और ऐतिहासिक महत्व का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



कार्यशाला में पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय सहित देश के कई शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागी शामिल हैं। आगामी एक माह तक ऑनलाइन सत्रों में लिपि का सैद्धांतिक अध्ययन, अक्षर ज्ञान, लेखन अभ्यास और मूल्यांकन करवाया जाएगा। इससे हिमाचल की सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

उद्घाटन सत्र में शिक्षाविदों ने रखे विचार

उद्घाटन सत्र में राजकीय महाविद्यालय सोलन की प्राचार्या डॉ. शिवानी शर्मा मुख्य अतिथि रहीं, जबकि हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. अंकुश भारद्वाज ने अध्यक्षता की। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बल्हार के सहायक आचार्य डॉ. यज्ञदत्त शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला संयोजक एवं महाविद्यालय के इतिहास विभाग के सहायक आचार्य डॉ. शिव भारद्वाज ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।

टांकरी लिपि के विकास, विस्तार और ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए करीब 20 वर्षों के शोध अनुभव साझा किए। हिमालयी क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं और ऐतिहासिक दस्तावेजों के अध्ययन में इस लिपि का विशेष महत्व है।
-डॉ. यज्ञदत्त शर्मा

टांकरी लिपि में अनेक प्राचीन पांडुलिपियां और ऐतिहासिक दस्तावेज संरक्षित हैं। इसे पढ़ने और समझने वाले लोगों की संख्या सीमित होने से इसमें मौजूद ज्ञान उपेक्षित हो रहा है। इसके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं।
-डॉ. शिवानी शर्मा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत इतिहास और पुरातत्व के पाठ्यक्रमों में टांकरी लिपि को शामिल करने की संभावनाओं पर विचार करने का सुझाव दिया। पारंपरिक ज्ञान और प्राचीन लिपियों के संरक्षण के लिए शोध कार्यों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया।
-डॉ. अंकुश भारद्वाज

आचार्य केशवराम शर्मा की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

अनंत ज्ञान, सोलन। तारिणी राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन में ज्योतिष विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का मंगलवार को समापन हुआ। 16 व 17 नवंबर को आयोजित इस संगोष्ठी का आयोजन लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नवदेहली और हिमाचल संस्कृत अकादमी शिमला के संयुक्त सहयोग से आचार्य केशवराम शर्मा की प्रथम जयंती पर किया गया। दूसरे दिन देशभर से जुड़े विद्वानों और शोधार्थियों ने उनके व्यक्तित्व, कृतित्व और संस्कृत साहित्य में योगदान पर शोधपत्र प्रस्तुत किए। समापन समारोह में प्रो. रामनाथ मेहता विशिष्ट वक्ता, प्रो. दिवाकर दत्त शर्मा मुख्य अतिथि और डॉ. मस्तराम शर्मा अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. रमेश शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी वितरित किए गए। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

साई इंटरनेशनल स्कूल के समारोह में दिखी सांस्कृतिक विविधता

'रिदम ऑफ यूनिटी' में छात्रों ने बिखेरे रंग, एकता और सद्भाव का दिया संदेश



कार्यक्रम में नाटी की प्रस्तुति देती मातृशक्ति। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

सोलन। साई इंटरनेशनल स्कूल सोलन का 14वां वार्षिक समारोह 'रिदम ऑफ यूनिटी' मंगलवार को भाषा एवं संस्कृति विभाग के सभागार, कोठों में उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह की थीम विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के बीच एकता, प्रेम और आपसी सद्भाव का संदेश देना रही। जिला पर्यटन विकास अधिकारी पद्मा छोडोन ने मुख्य अतिथि, उप जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राज कुमार पराशर ने विशिष्ट अतिथि और ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरमैन कृपाल सिंह ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन किया। समारोह में माताओं की हिमाचली नाटी विशेष आकर्षण रही, जिसमें प्रदेश की लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। सभी प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा।

विद्यालय के चेयरमैन रामिंदर बावा और प्रधानाचार्या मीरा गुप्ता ने विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक समझ विकसित करते हैं। मुख्य अतिथि पद्मा छोडोन ने भी विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन एकता और सांस्कृतिक समरसता के संदेश के साथ हुआ।

चौकी मेले में पहलवानों ने दिखाया दमखम

भूपेंद्र राजपूत धामी ने जीती बड़ी माली





छोटी माली में धर्मेंद्र वासनी ने अजय को दी शिकस्त, सांसद सुरेश कश्यप ने लंगर भवन निर्माण के लिए तीन लाख रुपए देने की घोषणा की

अनंत ज्ञान, राजगढ़। ग्राम चौकी में आयोजित पारंपरिक मेला पंचमी चौकी झंडा जी के तीसरे दिन विशाल दंगल हुआ। इसमें उत्तर भारत के नामी पहलवानों ने दमखम दिखाया। शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बड़ी माली के फाइनल में भूपेंद्र राजपूत धामी ने राजू कांगड़ा को हराकर खिताब जीता। छोटी माली के मुकाबले में धर्मेंद्र वासनी ने अजय को पराजित किया। बड़ी माली के विजेता को 31 हजार और छोटी माली के विजेता को 11 हजार की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में सांसद ने गुरु महाराज के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद करीब पांच लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित रसोईघर का लोकार्पण किया और दंगल का शुभारंभ किया। मेला कमेटी ने उन्हें शॉल, टोपी और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। कमेटी उपाध्यक्ष नीरज चौधरी ने क्षेत्र की मांगें रखीं और रसोईघर निर्माण के लिए सहयोग देने पर सांसद का आभार जताया। सांसद ने लंगर भवन निर्माण के लिए तीन लाख देने की घोषणा की। मंगलवार रात मेले में सांस्कृतिक संध्या होगी, जिसमें कपिल शर्मा और अरुण आर्य प्रस्तुति देंगे।

अंतर-महाविद्यालय पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता

20 नवंबर से होगा आगाज, 35 कॉलेजों के खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

अनंत ज्ञान

नाहन। डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय पुरुष बैडमिंटन प्रतियोगिता 20 से 22 नवंबर तक आयोजित होगी। मुकाबले चंबा ग्राउंड स्थित इंडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध करीब 35 महाविद्यालयों की टीमों के शामिल होने की संभावना है। अब तक 24 कॉलेजों ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। इसमें लगभग 230 खिलाड़ी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का शुभारंभ 20 नवंबर को सुबह 11 बजे होगा। उद्घाटन समारोह में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के डीन ऑफ स्टडीज प्रो. बीके शिवराम मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, 22 नवंबर को दोपहर दो बजे होने वाले समापन समारोह में विश्वविद्यालय के निदेशक शारीरिक शिक्षा एवं युवा कार्यक्रम प्रो. संजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

- बैडमिंटन के मैदान में 230 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम, नाहन कॉलेज करेगा प्रतियोगिता की मेजबानी

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने प्रतियोगिता की मेजबानी मिलने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने में अहम भूमिका निभाते हैं।

पंजाब में अपराधियों का बोलबाला, गैंगस्टरों के सामने सरकार बेबस : कांग्रेस नेता परगट सिंह

अनंत ज्ञान

अशोक ठाकुर, पठानकोट। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता परगट सिंह ने पंजाब की कानून-व्यवस्था, अवैध खनन और कथित जमीन घोटालों को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधा। सोमवार को पठानकोट पहुंचे परगट सिंह ने श्री गुरु रविदास मंदिर में माथा टेकने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पंजाब में जंगल राज जैसे हालात हैं और सरकार अपराधियों के सामने घुटने टेक चुकी है। इस दौरान गुरदासपुर के सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा और पीपीसीसी कैशियर अमित विज भी मौजूद रहे। परगट सिंह ने पठानकोट में गनपॉइंट पर कार लूट और गुरदासपुर में गोलीबारी की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पठानकोट क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है और 92 एकड़ जमीन के अवैध हस्तांतरण से जुड़े मामले में 367 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप सामने आया है। उन्होंने मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तंज कसते हुए कहा कि केवल पीली पगड़ी पहनने से कोई भगत सिंह नहीं बन जाता। उनके अनुसार पंजाब सरकार दिल्ली के दबाव में काम कर रही है।



केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने बढ़ते कर्ज, पेट्रोल-डीजल की कीमतों और रुपये की गिरती स्थिति पर जवाब मांगा। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध करते हुए पंजाब सरकार से इसे रद्द करने की मांग की। साथ ही पंजाब के सभी राजनीतिक दलों के अध्यक्षों को जनहित के मुद्दों पर खुली बहस की चुनौती दी। परगट सिंह ने कहा कि कांग्रेस 2027 का विधानसभा चुनाव एकजुट होकर लड़ेगी। पार्टी का लक्ष्य पंजाब की अर्थव्यवस्था सुधारना, नशे पर रोक लगाना और युवाओं का विदेश पलायन रोकना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

इंडियन इंटरनेशनल पिच एंड पुट ओपन में वंचित वर्ग के खिलाड़ियों को मिला गोल्फ का मंच

अनंत ज्ञान, राकेश मलकानिया, चंडीगढ़। इंडियन इंटरनेशनल पिच एंड पुट ओपन 2026 में गोल्फ को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने की पहल की गई। गोल्फ माय विलेज एकेडमी और स्लम गोल्फ ने मिलकर कैडी और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया। स्लम गोल्फ के प्रतिनिधियों सुरेश मेहबूबानी और सुनील शिंदे के सहयोग से खिलाड़ियों ने प्रशिक्षण लेकर खेल की बारीकियां सीखीं। आयोजक मुनीश अरोड़ा ने कहा कि गोल्फ किसी खास वर्ग तक सीमित नहीं है। उचित प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर सामान्य पृष्ठभूमि के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकते हैं।

क्रिकेटर सारा टेलर का अलग अंदाज

सारा टेलर इंग्लैंड की पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं, जिन्हें महिला क्रिकेट इतिहास के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में गिना जाता है। उन्होंने 2009 और 2017 विश्व कप सहित तीन विश्व खिताब जीते। वह अपने बहतरीन खेल के साथ खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं।



फिलिस्तीन के खिलाफ भारतीय अंडर-17 टीम की अग्निपरीक्षा

दोनों टीमों ने जीते शुरुआती मुकाबले, छह-छह अंकों के साथ ग्रुप ई में शीर्ष स्थान की जंग

एजेंसी, कुआलालंपुर

एएफसी अंडर-17 एशियाई कप उज्बेकिस्तान 2027 के क्वालीफायर में भारतीय अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम मंगलवार को फिलिस्तीन के खिलाफ अहम मुकाबले में उतरेगी। ग्रुप ई का यह मैच दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि शुरुआती दो मुकाबलों में जीत दर्ज कर दोनों ने छह-छह अंक हासिल किए हैं। बेहतर गोल अंतर के आधार पर भारत फिलहाल ग्रुप में शीर्ष स्थान पर है। ऐसे में फिलिस्तीन के खिलाफ जीत भारतीय टीम को क्वालीफिकेशन की दौड़ में मजबूत स्थिति में पहुंचा सकती है। इस ग्रुप से केवल शीर्ष स्थान हासिल करने वाली टीम को ही अगले चरण में जगह मिलेगी।

भारतीय टीम ने अपने अभियान की शुरुआत सिंगापुर को 4-2 से हराकर की थी। इसके बाद टीम ने गुआम के खिलाफ 12-0 की एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरी ओर फिलिस्तीन ने मेजबान मलेशिया को 2-0 और गुआम को 5-0 से शिकस्त दी है। भारत का गोल अंतर प्लस 14 है, जबकि फिलिस्तीन प्लस सात के साथ दूसरे स्थान पर है।



जीत से खुलेगा एशियाई कप का रास्ता, भारत ने दो मैचों में दागे 16 गोल, 20 को मेजबान मलेशिया से होगा अंतिम मुकाबला

भारतीय टीम के मुख्य कोच मेहराजुद्दीन वाडू ने कहा कि फिलिस्तीन एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम है। भारतीय खिलाड़ी विपक्षी टीम का सम्मान करते हुए अपनी रणनीति और खेल शैली के अनुसार मुकाबला खेलने की कोशिश करेंगे। उन्होंने शुरुआती मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष जताया, लेकिन साथ ही पूरे 90 मिनट तक एकाग्रता बनाए रखने और रक्षात्मक व्यवस्था में सुधार की जरूरत भी बताई।

भारत के आक्रामक प्रदर्शन में कप्तान डल्लालमुआन गंगटे की अहम भूमिका रही है। उन्होंने शुरुआती दोनों मुकाबलों में हैट्रिक लगाई। वहीं राज सिंह वाहेंगबाम ने गुआम के खिलाफ चार गोल दागकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। शुरुआती दो मैचों में भारत ने कुल 16 गोल किए हैं, जो टीम की आक्रामक क्षमता को दर्शाता है। कोच वाडू के अनुसार टीम की सबसे बड़ी ताकत सामूहिक प्रदर्शन है। उनका मानना है कि टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है, बल्कि अलग-अलग खिलाड़ी गोल करने और मौके बनाने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना के साथ मैदान पर उतरने की अपील की।

भारत और फिलिस्तीन के बीच यह मुकाबला ग्रुप की स्थिति तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसके बाद भारतीय टीम 20 नवंबर को अपने अंतिम ग्रुप मुकाबले में मेजबान मलेशिया से भिड़ेगी। ऐसे में फिलिस्तीन के खिलाफ जीत दर्ज करना भारत के लिए एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

कोहली भी देखते हैं अबूधाबी टी10 लीग बचपन के कोच राजकुमार ने किया खुलासा


एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली भले ही अब तक टी10 प्रारूप में नहीं खेले हैं, लेकिन वह अबूधाबी टी10 लीग पर नजर रख रहे हैं। उनके बचपन के कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राजकुमार शर्मा ने यह खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि विराट को इस टूर्नामेंट के बारे में जानकारी है और वह इसके मुकाबले देख रहे हैं।

राजकुमार शर्मा ने कहा कि यदि विराट टी10 प्रारूप में खेलते हैं तो यहां भी शानदार प्रदर्शन कर सकते हैं और दर्शक उन्हें पसंद करेंगे। शर्मा इस सत्र में यूनाइटेड टाइगर्स के मुख्य कोच की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि टी10 क्रिकेट का अनुभव उनके लिए बिल्कुल नया और रोमांचक है।

शर्मा ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट ही किसी खिलाड़ी की असली परीक्षा है। उनके अनुसार, जो खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट में सफल होता है, वह वनडे, टी20 और टी10 में भी अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, लेकिन छोटे प्रारूपों में सफल खिलाड़ी के लिए टेस्ट क्रिकेट में जगह बनाना आसान नहीं होता।

गौरतलब है कि यूनाइटेड टाइगर्स को सोमवार को अरेबियन एसेस के खिलाफ सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इफ्तिखार अहमद ने 46 रन बनाए, लेकिन टीम 103 रन ही बना सकी। (अनंत ज्ञान)



टी10 में खेलने उतरें विराट तो मचा सकते हैं धमाल

विराट का कोई विकल्प नहीं : शर्मा

भारतीय युवा खिलाड़ियों में शर्मा ने अभिषेक शर्मा को टी10 में खेलते देखने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि विराट कोहली की जगह कोई नहीं ले सकता। शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी पहचान बनाने के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

स्पोर्ट्स विंडो

टीम इंडिया से भिड़ने से पहले न्यूजीलैंड को झटका, चोट के कारण नहीं खेलेंगे सैंटनर

एजेंसी, वेलिंगटन। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर मिचेल सैंटनर दाहिने हाथ में फ्रैक्चर के कारण भारत के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह ऑलराउंडर डीन फॉक्सक्रॉफ्ट को टीम में शामिल किया गया है। सैंटनर को 15 नवंबर को भारत के खिलाफ पांचवें वनडे मुकाबले में बल्लेबाजी के दौरान तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की गेंद लगने से चोट लगी थी। बाद में कराई गई जांच में उनके हाथ में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार, उनकी मैदान पर वापसी में लगने वाले समय का आकलन किया जा रहा है। फॉक्सक्रॉफ्ट ने इस साल मई में आयरलैंड के खिलाफ अपना एकमात्र टेस्ट खेला था, जिसमें उन्होंने 98 रन बनाए थे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 19 नवंबर से वेलिंगटन और दूसरा टेस्ट 27 नवंबर से क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)



पाक महिला क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच बने डिट्ज, 2028 टी20 विश्व कप पर नजर

एजेंसी, लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने ऑस्ट्रेलियाई कोच शेन डिट्ज को महिला क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी द्विपक्षीय सीरीज से पहले अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। 51 वर्षीय डिट्ज हाल ही में वेस्टइंडीज महिला टीम के मुख्य कोच थे। उनके मार्गदर्शन में टीम ने 2024 और 2026 के लगातार दो आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। वह इससे पहले बांग्लादेश और नीदरलैंड की महिला टीमों के साथ भी काम कर चुके हैं। नियुक्ति पर खुशी जताते हुए डिट्ज ने कहा कि पाकिस्तान महिला टीम का मुख्य कोच बनना उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने 2028 में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में पाकिस्तान को मजबूत प्रदर्शन करवाने का लक्ष्य रखा है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। उन्होंने टीम के खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ मिलकर बेहतर प्रदर्शन की दिशा में काम करने की इच्छा जताई। (अनंत ज्ञान)



अर्जुन पुरस्कार को परिवार व एथलेटिक्स जगत को समर्पित करेंगे तेजस्विन शंकर

एजेंसी, नई दिल्ली। भारतीय डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर ने वर्ष 2025 का अर्जुन पुरस्कार मिलने पर खुशी जताते हुए इसे अपने परिवार और पूरे एथलेटिक्स जगत को समर्पित किया है। उन्होंने राष्ट्रपति के हाथों सम्मान प्राप्त करने को अपने जीवन का सपना साकार होने जैसा क्षण बताया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से बातचीत में तेजस्विन ने कहा कि इस उपलब्धि के पीछे उनकी मेहनत के साथ परिवार का भी बड़ा त्याग और सहयोग रहा है। उन्होंने कहा कि एथलेटिक्स में सफलता किसी एक व्यक्ति के प्रयास से नहीं मिलती, बल्कि इसमें कई लोगों का योगदान होता है। लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी तैयारियां इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर चल रही हैं। वहीं, भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी मिलने की संभावना पर उन्होंने कहा कि इससे युवा खिलाड़ियों को खेलों में आगे बढ़ने की बड़ी प्रेरणा मिलेगी और नई प्रतिभाएं सामने आएंगी। (अनंत ज्ञान)



निशानेबाज मनु भाकर आईएसएसएफ एथलीट्स समिति की सदस्य निर्वाचित

एजेंसी, नई दिल्ली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मनु भाकर को अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) की एथलीट्स समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है। उनका कार्यकाल 2026 से 2030 तक रहेगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) को उनके निर्वाचन की आधिकारिक पुष्टि मिल गई है। मनु का चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के दौरान सक्रिय निशानेबाजों के बीच हुए ऑनलाइन मतदान के आधार पर किया गया। वह राइफल, पिस्टल और शॉटगन वर्गों से चुने गए छह खिलाड़ियों में शामिल हैं। इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए मनु ने कहा कि खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए सम्मान की बात है। वह निशानेबाजों की आवाज को मजबूती से उठाने, प्रतियोगिता के नियमों में स्पष्टता लाने और खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में काम करेंगी। एनआरएआई ने भी उनके निर्वाचन का स्वागत करते हुए इसे भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। (अनंत ज्ञान)



न्यूजीलैंड के खिलाफ 7 बल्लेबाज व 4 तेज गेंदबाजों के साथ उतरेगा भारत: शुभमन गिल

एजेंसी, वेलिंगटन

भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 19 नवंबर से शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए टीम की रणनीति का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय टीम सात विशेषज्ञ बल्लेबाजों और चार तेज गेंदबाजों के संयोजन के साथ मैदान पर उतरने की योजना बना रही है। हालांकि, अंतिम एकादश में किन तेज गेंदबाजों को जगह मिलेगी, इसका फैसला अभी नहीं हुआ है।



गिल ने कहा कि पिच पर तीसरे दिन से उछाल कम होने और उसके सपाट होने की संभावना है। ऐसे में टीम को ऐसे तेज गेंदबाजों की जरूरत होगी, जो सतह से उछाल हासिल कर सकें। उन्होंने आकाश दीप, अंशुल कंबोज और नितीश कुमार रेड्डी की बल्लेबाजी क्षमता को भी टीम के लिए उपयोगी बताया। गौरतलब है कि पंत को ईरानी कप के दौरान साइड स्ट्रेन की चोट लगी थी। इसके बाद उन्होंने बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पुनर्वास किया और अब मेडिकल टीम से फिटनेस की मंजूरी मिल गई है।

ऋषभ पंत की फिटनेस और फॉर्म को लेकर जताया भरोसा



गिल ने विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी पर खुशी जताते हुए उनकी फिटनेस और फॉर्म को लेकर भरोसा व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंत अनुभवी खिलाड़ी हैं और दुनिया के कई देशों में शतक लगा चुके हैं। उनके टीम में होने से बल्लेबाजी को मजबूती मिलेगी।

टेस्ट सीरीज जीतकर क्लीन स्वीप पर रहेगी नजर

भारतीय टीम न्यूजीलैंड दौरे पर टी20 और वनडे सीरीज जीत चुकी है। अब उसकी नजर टेस्ट सीरीज में भी जीत दर्ज कर दौरे का क्लीन स्वीप करने पर है। गिल ने कहा कि टीम सभी उपलब्ध विकल्पों का आकलन कर संतुलित संयोजन के साथ मैदान में उतरेगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट 19 नवंबर से वेलिंगटन के बेसिन रिजर्व में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 27 नवंबर से क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में शुरू होगा। दोनों मुकाबले भारतीय टीम के लिए दौरे की सफलता के लिहाज से महत्वपूर्ण होंगे।

पीठ की चोट ने रोका एक्लेस्टोन का सफर डब्ल्यूबीबीएल के बाकी सत्र से हुई बाहर

एजेंसी, मेलबर्न

इंग्लैंड की स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन पीठ की चोट के कारण महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के मौजूदा सत्र के शेष मुकाबलों से बाहर हो गई हैं। वह एडिलेड स्ट्राइकर्स की ओर से खेल रही थीं। पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले उन्हें चोट लगी थी। स्कैन और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड से परामर्श के बाद उन्हें पुनर्वास प्रक्रिया से गुजरने की सलाह दी गई है। एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच ल्यूक विलियम्स ने उनके बाहर होने पर निराशा जताई और टीम के लिए उनके योगदान की सराहना की। एक्लेस्टोन ने इस सत्र में चार मुकाबलों में चार विकेट हासिल किए थे। उन्होंने कहा कि सत्र का इस तरह समाप्त होना उनके लिए निराशाजनक है, लेकिन वह बाकी मैचों में टीम का समर्थन करती रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

एडिलेड स्ट्राइकर्स को बड़ा झटका, इंग्लैंड की स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन पूरे सत्र से बाहर



पूरे बिग बैश सत्र के लिए उपलब्ध होंगे लाबुशेन

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन आगामी बिग बैश लीग में ब्रिस्बेन हीट की ओर से खेलेंगे। वह पहली बार लगातार 11 सत्रों में खेलने के बाद पूरे टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहेंगे। टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद वह बिग बैश में अपनी फॉर्म वापस पाने की कोशिश करेंगे। ब्रिस्बेन हीट ने ओली पैटरसन और टॉम बाल्किन से भी करार किया है। टीम में टॉम करन, टिम रॉबिन्सन और बेवन जैकब्स विदेशी खिलाड़ी होंगे।

गडकरी ने जेआरडी टाटा पुरस्कार से नवाजे उद्यमी

चेन्नई के जे. हाजा ने समोसे बेचने से खड़ा किया 15.58 करोड़ का कारोबार

एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित जेआरडी टाटा पुरस्कार 2026 समारोह में सूक्ष्म उद्यमियों को सम्मानित किया। इस वर्ष रोजगार सृजन और उद्यमिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 14 उद्यमियों का चयन किया गया था, जिनमें पांच महिलाएं शामिल थीं। समारोह में विभिन्न श्रेणियों में चार उद्यमियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) की ओर से आयोजित कार्यक्रम का विषय 'ग्राम उद्यमियों का सम्मान, भारत का विकास' रखा गया था। इस दौरान गडकरी ने कहा कि ग्रामीण, आदिवासी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करना जरूरी है। प्रौद्योगिकी, नवाचार और वित्तीय सहायता से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को मजबूत कर स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति दी जा सकती है। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ उद्यमी का पुरस्कार चेन्नई के जे. हाजा फुन्यामिन को दिया गया। उन्होंने सड़क किनारे समोसे बेचने से शुरुआत कर 15.58 करोड़ रुपए का फ्रोजन फूड कारोबार खड़ा किया। उनकी कंपनी पांच देशों में उत्पादों का निर्यात करती है और सैकड़ों लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रही है।

समारोह में बीवाईएसटी के शिक्षा, कौशल विकास और संस्थागत सहयोग से जुड़े छह समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान भी किया। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष प्रो. एस. महेंद्र देव ने कहा कि सूक्ष्म एवं लघु उद्यम समावेशी विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

बीवाईएसटी के अनुसार, 1992 में स्थापना के बाद से संस्था 72 हजार से अधिक उद्यमियों को सहयोग दे चुकी है और पांच लाख से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करने में योगदान दिया है।



दो महिलाओं को संयुक्त रूप से मिला सम्मान

वर्ष की महिला उद्यमी का पुरस्कार सुजाता मनोज गनगे और माधवी चंद्रशेखर गिरनाले को संयुक्त रूप से दिया गया। वहीं, सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले उद्यमी का पुरस्कार पुणे के रूपेश हनुमंत शिवरकर को मिला। उनकी कंपनी का कारोबार तीन वर्षों में 1.56 करोड़ से बढ़कर 5.57 करोड़ रुपये पहुंच गया।

मुठभेड़ में टीआरएफ आतंकी उमर ढेर, लतीफ भट की तलाश जारी

एजेंसी, कुलगाम। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के लारू में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में आतंकी उमर निसार डार मारा गया। वह लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर लतीफ भट का सहयोगी था और बाद में टीआरएफ में शामिल हो गया था। लतीफ भट को पकड़ने के लिए सुरक्षाबलों का अभियान जारी है।

पुलिस के अनुसार, उमर पिछले पांच से छह महीनों से लतीफ भट को पनाह और रसद सहायता उपलब्ध करा रहा था। दोनों ने 10 नवंबर को कई स्थानों की रेकी की थी। इसके बाद 11 नवंबर को अखरान में सीआरपीएफ के नाके पर कथित हमला किया और फरार हो गए थे। जांच एजेंसियों ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों की गतिविधियों का पता लगाया। सोमवार को लारू में सुरक्षाबलों ने उन्हें घेर लिया, जिसके बाद मुठभेड़ में उमर मारा गया। लतीफ भट की तलाश जारी है।

ललित मोदी बोले-मेरी जान को खतरा था, इसलिए भारत छोड़ा

एजेंसी, लंदन

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पूर्व आयुक्त ललित मोदी ने भारत छोड़ने को लेकर उठ रहे सवालों पर सफाई देते हुए दावा किया है कि उन्होंने कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए नहीं, बल्कि अपनी जान को खतरा होने के कारण 2010 में देश छोड़ा था। उन्होंने कहा कि उस समय उनके खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं थी।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में मोदी ने दावा किया कि उन्हें अंडरवर्ल्ड से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। उन्होंने कहा कि पुलिस सुरक्षा हटाए जाने के तीन दिन बाद उन्होंने भारत छोड़ने का फैसला किया था। उनके मुताबिक, मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने प्रवर्तन निदेशालय को पत्र लिखकर केंद्रीय एजेंसियों से मिली खुफिया जानकारी के आधार पर उन्हें सुरक्षा दिए जाने की पुष्टि की थी। मोदी ने यह भी दावा किया कि भारतीय पासपोर्ट रद्द होने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय ने मामले की परिस्थितियों की जांच कर 2014 में उनका पासपोर्ट बहाल कर दिया था।

उन्होंने भारतीय मीडिया के कुछ संस्थानों पर गलत और मानहानिकारक खबरें प्रकाशित करने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। मोदी ने कहा कि पिछले 16 वर्षों से अधिक समय में किसी भारतीय अदालत में उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल नहीं हुआ है।

उन्होंने बीसीसीआई के पूर्व सचिव एन श्रीनिवासन की शिकायत पर अक्टूबर 2010 में दर्ज एफआईआर को भी बदले की कार्रवाई बताया। ब्रिटिश नागरिकता पर मोदी ने कहा कि ब्रिटेन 2010 से उनका घर रहा है और उन्होंने निर्धारित कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जुलाई 2026 में नागरिकता की मंजूरी हासिल की। उनके ये सभी दावे उनके द्वारा जारी बयान पर आधारित हैं।

नेपाल के पूर्व पीएम ओली बोले- हिंसा व आगजनी के जरिए गिराई गई थी सरकार

एजेंसी, काठमांडू

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने आरोप लगाया है कि उनकी सरकार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नहीं, बल्कि हिंसा, आगजनी और लूटपाट के जरिए सत्ता से हटाया गया था। उन्होंने जेन-जी आंदोलन के दौरान हुई घटनाओं की निष्पक्ष जांच नहीं होने पर भी सवाल उठाए। काठमांडू में अखिल नेपाल किसान महासंघ की बैठक को संबोधित करते हुए ओली ने कहा कि आंदोलन के दौरान उपद्रवियों ने राज्य की संस्थाओं और सरकारी तंत्र को निष्क्रिय बना दिया था। इसी परिस्थितियों में उन्हें और उनके सहयोगियों को सरकार छोड़नी पड़ी।



ओली ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा गठित जांच आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने घटनाओं की निष्पक्ष जांच करने के बजाय उन्हें दोषी ठहराने के उद्देश्य से काम किया। उन्होंने सवाल उठाया कि आंदोलन के दौरान लोगों पर गोलियां किसने चलाईं और हत्याओं के लिए कौन जिम्मेदार था।

ओली ने प्रतिनिधि सभा के विघटन से जुड़े मामले में फैसला सुनाने में देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट की आलोचना भी की। उन्होंने दावा किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने गोली चलाने का कोई आदेश नहीं दिया था। हालांकि, ये सभी आरोप ओली ने अपने संबोधन में लगाए हैं।

सोशल मीडिया कंपनियों को नियंत्रित करने के अपने फैसले का किया बचाव

पूर्व प्रधानमंत्री ने विदेशी सोशल मीडिया कंपनियों को नियंत्रित करने के अपने फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि कंपनियों को देश के संविधान और कानूनों का पालन करना चाहिए। इस मुद्दे पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सिफारिशों पर भी उन्होंने आपत्ति जताई।

तैयारी अमेरिकी एफ-35 से भी एडवांस होगा, पहली उड़ान 2030 तक संभव

देश में छठी पीढ़ी का फाइटर जेट बनाने की तैयारी

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत में छठी पीढ़ी का फाइटर जेट बनाने की तैयारी चल रही है। इसकी पहली उड़ान 2030 तक संभव है। डिफेंस कंपनी रेफी एमफाइबर इसे तैयार कर रही है। कंपनी के अध्यक्ष विकास मिश्रा ने नेशनल सिक्योरिटी समिट में वायुसेना के अधिकारियों की मौजूदगी में भारत को छठी पीढ़ी का लड़ाकू विमान देने का ऐलान किया। कंपनी के एक सूत्र के मुताबिक, यह विमान छठी पीढ़ी के सभी मानकों पर खरा उतरता है। कई मामलों में इसके पैरामीटर्स अमेरिका के एफ-35 लड़ाकू विमान से भी आगे हैं।

दरअसल, फाइटर जेट को उनकी तकनीक और लड़ने की क्षमता के आधार पर अलग-अलग पीढ़ियों में बांटा जाता है। अभी भारत पांचवीं पीढ़ी का स्वदेशी स्टेल्थ फाइटर जेट AMCA बना रहा है। ऐसे में एक प्राइवेट कंपनी का छठी पीढ़ी का फाइटर जेट बनाने का दावा चर्चा में है। (अनंत ज्ञान)



पांचवीं पीढ़ी के फाइटर के लिए जल्द चुना जाएगा प्राइवेट पार्टनर

रक्षा मंत्रालय पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) के विकास के लिए 3 औद्योगिक गठबंधनों में से एक का चयन इसी महीने करेगा। इनमें एलएंडटी, भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के गठबंधन शामिल हैं। चुना गया गठबंधन एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के साथ मिलकर परियोजना पर काम करेगा।

समुद्री आवाजों से सैटेलाइट को संकेत भेजेगा डीआरडीओ का यंत्र

हिंद महासागर में चीनी पनडुब्बियों की मौजूदगी और पाकिस्तान की बढ़ती क्षमता के बीच भारत समुद्री निगरानी मजबूत कर रहा है। डीआरडीओ ने 'वरुण ध्वनि-01' बनाया है, जो समुद्र के भीतर की आवाजें दर्ज कर संकेत जीसैट उपग्रह से रक्षा प्रयोगशाला भेजेगा। कोच्चि की नौसेना प्रयोगशाला ने इसे बनाया है। इसे दक्षिण-पूर्वी अरब सागर में तैनात किया जाएगा।

12 देशों के विमान इंजीनियर मिलकर कर रहे हैं काम

इस फाइटर जेट को बनाते समय वायुसेना की जरूरतों का भी ध्यान रखा जा रहा है। कंपनी के अनुसार उसके साथ 12 देशों के विमान इंजीनियर जुड़े हैं। दावा है कि उसने दुनिया में सर्वाधिक पेटेंट दायर किए हैं। एयरक्राफ्ट डिजाइन और निर्माण के लिए 10 करोड़ डॉलर का फंड जुटाया है। ड्रोन में विशेषज्ञता के साथ कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर में 7 लाख वर्ग फुट में अपनी फेसिलिटी भी तैयार की है।